www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, बुधवार, 1 मई , 2024 | वर्ष-17 | अंक -25 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



पहले दो चरणों में मतदान प्रतिशत में गिरावट से... 02
■ तिहाड़ जेल के डीजी समेत 18 आईपीएस की...
■ चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय में बम की अफवाह... 03
■ रूसी हमले से यूक्रेन में दो की मौत, आठ घायल
■ छह सप्ताह के युद्धविराम के लिए काहिरा में... 07
मोदी सरकार की ऑक्सीजन खत्म : डिंपल यादव 09

सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से पूछा सवाल

# केजरीवाल की गिरफ्तारी चुनाव से पहले क्यों

## सर्वोच्च अदालत ने ईडी से अगली सुनवाई पर जवाब देने को कहा



■ कोर्ट ने कहा जीवन व स्वतंत्रता बेहद महत्वपूर्ण

■ केजरीवाल ने गिरफ्तारी को बताया अवैध

**नई दिल्ली,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय को लेकर प्रवर्तन निदेशालय से सवाल किया। कोर्ट ने पूछा कि आम चुनाव से पहले ही क्यों गिरफ्तार किया। इस बाबत जांच एजेंसी से जवाब मांगा है। जस्टिस संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से सवाल पर जवाब मांगते हुए कहा कि जीवन और स्वतंत्रता बेहद महत्वपूर्ण हैं। आप इससे इनकार नहीं कर सकते। पीठ ने राजू से कई अन्य सवाल भी पूछे। कोर्ट ने जांच एजेंसी से केजरीवाल की उस याचिका पर भी अगली सुनवाई पर जवाब देने को कहा, जिसमें उन्होंने उत्पाद शुल्क नीति घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी है। मामले की सुनवाई शुक्रवार को हो सकती है। इससे पहले सोमवार को केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पूछा था कि आपने ट्रायल कोर्ट के समक्ष याचिका दायर क्यों नहीं की? जिस पर केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि इसके कई कारण हैं, जिनमें से एक ये है कि केजरीवाल की गिरफ्तारी ही अवैध है।

### एक राजनीतिक पार्टी को खत्म करने की कोशिश

दिल्ली के शराब नीति घोटाले में फंसे दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर कहा है कि उनकी गिरफ्तारी अवैध है और उनकी हिरासत भी अवैध है। आम चुनाव से पहले राजनीति के तहत ये किया जा रहा है। केजरीवाल ने अपनी याचिका में कहा कि एक राजनीतिक पार्टी को खत्म करने और एक चुनी हुई सरकार को गिराने के लिए यह कोशिश की जा रही है। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ याचिका पर सुनवाई कर रही है। सोमवार को सुनवाई के दौरान अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि किसी को भी केवल अपराध के सबूत मिलने पर ही गिरफ्तार किया जा सकता है, सिर्फ संदेह के आधार पर नहीं।

### बयान दर्ज नहीं कराना गिरफ्तारी का आधार नहीं

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ याचिका पर सुनवाई कर रही है। सोमवार को सुनवाई के दौरान अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि किसी को भी केवल अपराध के सबूत मिलने पर ही गिरफ्तार किया जा सकता है, सिर्फ संदेह के आधार पर नहीं। कोर्ट ने बार-बार समन जारी होने के बावजूद भी केजरीवाल के पूछताछ के लिए पेश न होने पर सवाल उठाया और कहा कि ऐसी स्थिति में जांच अधिकारियों के पास क्या रास्ता था? इस पर सिंघवी ने कहा कि बयान दर्ज नहीं कराना गिरफ्तारी का आधार नहीं है। जब ईडी गिरफ्तारी के लिए सीएम आवास आ सकती है तो वो बयान दर्ज कराने के लिए क्यों नहीं आ सकते?

उत्तराखंड सरकार ने दिया हलफनामा

## पतंजलि के 14 उत्पादों के लाइसेंस निलंबित किए

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय की फटकार के बाद उत्तराखंड सरकार ने दिव्य फार्मेसी और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के 14 उत्पादों के विनिर्माण लाइसेंस को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। सरकार ने एक हलफनामा दाखिल कर शीर्ष अदालत के समक्ष कहा है कि उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने 15 अप्रैल को निलंबन संबंधी आदेश जारी किया। यह हलफनामा प्राधिकरण की ओर से इसके संयुक्त निदेशक मिथिलेश कुमार ने दायर किया

## सिसोदिया को जमानत याचिका खारिज

राउज एवेन्यू कोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने के बाद दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने अब हाईकोर्ट जाने का फैसला किया है। बता दें कि सिसोदिया ने कथित आबकारी नीति घोटाले के मामले में जमानत याचिका दायर की थी। यह दूसरी बार है जब कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज की है।

# प्रज्वल रेवन्ना को पार्टी ने निलंबित किया



■ जद (एस) की कोर कमेटी की बैठक में लिया निर्णय

**हुबली( कर्नाटक ),** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। जद (एस) ने मंगलवार को कर्नाटक के हासन लोकसभा क्षेत्र से एनडीए उम्मीदवार और पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना को सेक्स स्कैंडल में उनकी कथित संलिप्तता को लेकर निलंबित कर दिया। पत्रकारों से बात करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री और जद (एस) के प्रदेश अध्यक्ष एच.डी. कुमारस्वामी ने कहा कि अगर राज्य सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल द्वारा की जा रही जांच में प्रज्वल दोषी साबित होते हैं, तो उन्हें पार्टी से स्थायी रूप से निष्कासित कर दिया जाएगा। हुबली शहर में आयोजित जद (एस) की कोर कमेटी की बैठक में यह निर्णय लिया गया। कोर कमेटी के अध्यक्ष, जद (एस) विधायक जी.टी. देवेगौड़ा ने कहा कि प्रज्वल रेवन्ना का निलंबन पार्टी के निर्णय के अनुसार किया गया है। उन्होंने कहा, फैसले से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एच.डी. देवेगौड़ा को अवगत करा दिया गया है और उनसे प्रज्वल रेवन्ना को निष्कासित करने पर फैसला लेने का भी अनुरोध किया गया है। कुमारस्वामी ने इस मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम घसीटने के लिए राज्य सरकार पर निशाना साधा। कुमारस्वामी ने कहा, कांग्रेस सरकार यहां प्रधानमंत्री मोदी का नाम क्यों ले रही है? उन्होंने बिना विवरण देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को उनके परिवार द्वारा झेली गई त्रासदी के बारे में याद दिलाया जाए।

## महिला कांग्रेस ने महिला आयोग को सौंपा ज्ञापन

**नई दिल्ली।** महिला कांग्रेस की पदाधिकारी ने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते और कर्नाटक से जनता दल-सेक्यूलर (जद-एस) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर लगे यौन उत्पीड़न के मामले में आज राष्ट्रीय महिला आयोग को ज्ञापन सौंपा और जद-एस सांसद के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

## सार संक्षेप

### आज अयोध्या में रामलला के दर्शन करेंगी मुर्मू



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल उत्तर प्रदेश के अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला के दर्शन तथा पूजा अर्चना करेंगी। राष्ट्रपति सचिवालय ने एक विज्ञप्ति जारी कर बताया कि राष्ट्रपति सबसे पहले श्री हनुमान गढी मंदिर में दर्शन करेंगी तथा आरती में शामिल होंगी। इसके बाद वह प्रभु श्री राम मंदिर और कुबेर टीला भी जाएंगी। राष्ट्रपति सरयू पुजन और आरती में भी हिस्सा लेंगी। अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद राष्ट्रपति का यह पहला अयोध्या दौरा है।

### एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने नौसेना प्रमुख का कार्यभार संभाला



**नई दिल्ली।** एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने यहां 26वें नौसेना प्रमुख के रूप में भारतीय नौसेना की कमान संभाली। उन्हें एडमिरल आर हरि कुमार के स्थान पर नया नौसेना प्रमुख बनाया गया है जो नौसेना में लंबे और शानदार कॅरियर के बाद सेवानिवृत्त हो गए। इससे पहले एडमिरल त्रिपाठी नौसेना के उप प्रमुख थे। नौसेना की कमान संभालने के बाद उन्होंने कहा कि वह नौसेना को अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस करने की दिशा में कार्य करेंगे।

### देवेंद्र यादव दिल्ली कांग्रेस की नए अध्यक्ष नियुक्त



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली के इस्तीफे के दो दिन बाद आज वरिष्ठ नेता देवेंद्र यादव को प्रदेश कांग्रेस का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त कर दिया। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने श्री यादव की नियुक्ति को मंजूरी दी है।

### 'पन्नू की हत्या की साजिश संबंधी खबर निराधार'



**नई दिल्ली।** भारत ने अमेरिकी अखबार द वाशिंगटन पोस्ट में प्रकाशित खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश संबंधी खबर को निराधार और गैर-जिम्मेदाराना करार दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल मीडिया के सवालों के जवाब में कहा, अमेरिकी अखबार में प्रकाशित संबंधित रिपोर्ट एक गंभीर मामले पर अनुचित और निराधार आरोप लगाती है।

### नारायणपुर मुठभेड़ में 10 नक्सलियों के शव बरामद

**बस्तर।** नारायणपुर मुठभेड़ में बस्तर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। नक्सलियों और जवानों के बीच करीब 9 घंटे चली मुठभेड़ के बाद जवानों ने 10 नक्सलियों के शव बरामद किए हैं।

टी-20 विश्वकप के लिए टीम का ऐलान

# ऋषभ पंत, संजू सैमसन व शिवम दुबे शामिल




■ रोहित कप्तान, हार्दिक पांड्या होंगे उपकप्तान
■ चहल ने भी 15 सदस्यीय टीम में बनाई जगह

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। बेहद खतरनाक कार हादसे में बाल- बाल बचने के बाद उपचार के कारण डेढ़ बरस तक पेशेवर क्रिकेट से अलग रहने के बाद 2024 आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिए दमदार प्रदर्शन कर से पेशेवर क्रिकेट में वापसी करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत, राजस्थान रॉयल्स के लिए बल्ले से धमाल करने वाले संजू सैमसन और चेन्नई सुपर किंग्स के मिडलओवर में दे दनादन करने वाले शिवम दुबे जून में रोहित शर्मा की अगुआई में अमेरिका और वेस्ट इंडीज की संयुक्त मेजबानी में होने वाले आईसीसी टी-20 क्रिकेट विश्व कप 2024 के लिए भारत की मंगलवार को घोषित 15 सदस्यीय टीम में जगह बनाने में सफल रहे। भारतीय टीम का चयन मुख्य चयनकर्ता अजित आगरकर की अगुआई वाली सीनियर चयन समिति ने मंगलवार को किया। भारत आईसीसी टी-20 क्रिकेट विश्व कप में अपने अभियान का आगाज 5 जून को न्यूयॉर्क में आयरलैंड के खिलाफ मैच से करने के बाद 9 जून को पाकिस्तान, 12 जून को अमेरिका और 15 जून को कनाडा से खेलेगा।

**टीम** : रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्य कुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन, हार्दिक पांड्या (उपकप्तान), शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज। रिजर्व खिलाड़ी : शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलीलअहमद, आवेश खान

# मोदी ने अग्निवीर योजना से सेना का अपमान किया : राहुल



■ सेना नहीं लाना चाहती थी योजना, मोदी ने थोपी
■ सरकार ने दो तरह के सैनिक बना दिए

**भिंड,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सेना में लागू की गई अग्निवीर योजना को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर करारा हमला बोला है। मध्य प्रदेश के भिंड संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी फूल सिंह बरैया के समर्थन में आयोजित जनसभा में राहुल गांधी ने कहा कि अग्निवीर योजना के जरिए मोदी सरकार ने देश की सेना का अपमान किया है।

यहां से लोग सेना में सबसे ज्यादा जाते हैं। मोदी सरकार ने दो तरह के सैनिक बना दिए। एक को पेंशन मिलेगी, कैंटीन मिलेगी, अच्छी ट्रेनिंग मिलेगी और दूसरा जवान जिसको न तो कैंटीन मिलेगी, न पेंशन मिलेगी और न ही अच्छी सैलरी मिलेगी। एक को अग्निवीर कहते हैं दूसरा सामान्य जवान होता है। एक को शहीद होने पर सुविधाएं दी जाएगी, दूसरे को शहीद का दर्जा भी नहीं मिलेगा।

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि उन्होंने सेना का अपमान किया है। सैनिक और आमजन अग्निवीर नहीं चाहते, अगर सिर्फ कोई चाहता है तो वह पीएम मोदी हैं। यह मामूली चुनाव नहीं है, दो विचारधाराओं की लड़ाई है। संविधान ने देश के गरीब, आदिवासी, दलित और सामान्य वर्ग के लोगों को अधिकार दिए हैं। जिसे बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन मैदान में है। वहीं, भाजपा ने मन बना लिया है कि अगर वह चुनाव जीतेंगे तो संविधान की किताब फाड़कर फेंक देंगे। देश में लोगों को जो भी मिला है, सब खत्म हो जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा चाहती है कि यह किताब फेंक दी जाए। यह जो चुनाव है वह लोकतंत्र, आदिवासियों के अधिकारों की लड़ाई का चुनाव है। दुनिया में ऐसी कोई शक्ति नहीं है, जो संविधान बदल सके। लेकिन, भाजपा के लोग सपने देख रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ने अंबेडकर के साथ मिलकर अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी और यह संविधान हिंदुस्तान की जनता की आवाज से बनाया। इसे हम ऐसे नहीं मिटने देंगे।

## कांग्रेस ने राज बब्बर को गुड़गांव से मैदान में उतारा


लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर कांग्रेस ने उम्मीदवारो की एक और सूची जारी कर दी हैं। इसमें हरियाणा के गुरुग्राम लोकसभा सीट से उत्तर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष रहे राजबब्बर को उम्मीदवार बनाया गया हैं। इन्हें राहुल गांधी का करीबी माना जाता है। जबकि हिमांचल प्रदेश की कांगडा सीट से पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा और हमीरपुर सीट से सतपाल रायजादा को उम्मीदवार बनाया गया है। इसके अलावा पार्टी ने मुबई उत्तर सीट से भूषण पाटिल को अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

# तीसरे चरण में 265 पर्यवेक्षक तैनात किए गए

■ चुनाव आयोग ने की तैयारियों की समीक्षा

■ इसी चरण में सात को 94 सीटों पर मतदान

**नई दिल्ली,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। चुनाव आयोग ने लोक सभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान की तैयारियों की समीक्षा के लिए मंगलवार को बैठक की। वीडियो कांफ्रेंस के जरिए आयोजित समीक्षा-गोष्ठी में संबंधित प्रदेशों और क्षेत्रों में तीसरे चरण के चुनाव




की निगरानी के लिए नियुक्त पर्यवेक्षकों ने भाग लिया। आयोग के एक प्रवक्ता ने बताया कि तीसरे चरण के लिए कुल 265 केंद्रीय पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। इनमें विशेष पर्यवेक्षक, सामान्य पर्यवेक्षक, पुलिस पर्यवेक्षक और व्यय-पर्यवेक्षक शामिल हैं। समीक्षा बैठक में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और दोनों चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू उपस्थित थे। लोक सभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान सात मई को कराया जाएगा। तीसरे चरण में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की कुल 94 सीटों पर चुनाव होने हैं। इनमें पश्चिम बंगाल और असम की चार-चार, बिहार पांच, छत्तीसगढ़ सात, गुजरात 26, कर्नाटक 14, मध्य प्रदेश आठ, महाराष्ट्र 11, उत्तर प्रदेश 10, गोवा दो, दादरा-नगर हवेली और दीव दो तथा जम्मू-कश्मीर की एक सीट है।

## छत्तीसगढ़ में अर्द्धसैनिक बलों की 202 कंपनियां रहेंगी तैनात

रायपुर। छत्तीसगढ़ में तीसरे चरण में सात मई को होने वाले चुनाव में सात लोकसभा सीटों पर अर्द्धसैनिक बलों की 202 कंपनियां सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहेंगी। सूत्रों ने बताया कि उस दिन 15,701 मतदान केंद्रों में सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। सात लोकसभा सीटों में मतदाताओं की संख्या कुल एक करोड़ 39 लाख एक हजार 285 है।

मोदी ने अमित शाह को लिखा खत

# अनुच्छेद-370 व सीएए को लेकर शाह को सराहा



नई दिल्ली, 30 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को दो पन्ने की चिट्ठी लिखी। चिट्ठी में उन्होंने जहां अमित शाह की तारीफ की और चुनाव में जीतने की शुभकामनाएं भी दी। वहीं, कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर भी प्रहार किया। अमित शाह गुजरात के गांधीनगर संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी हैं। पत्र में पीएम मोदी ने अमित शाह को लिखा, 'तेरह साल की उम्र में आपने आपातकाल के खिलाफ खड़े लोगों को सहयोग देते हुए अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत की। 80 के दशक से जनकल्याण के विभिन्न कार्यों में आपने मेरे साथ काम किया, तभी से ही मैंने आपका समाज सेवा और भारत के उत्थान के प्रति अटूट समर्पण करीब से देखा है। पार्टी का अध्यक्ष रहते हुए आपने ऐतिहासिक सदस्यता अभियान चलाए, जिसके परिणामस्वरूप हमने भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाने के अपने साझा सपने को साकार किया। भारत के गृह मंत्री रहते हुए अनुच्छेद-370 समाप्त करने से लेकर सीएए एवं भारतीय न्याय संहिता जैसे निर्णयों में अहम भूमिका निभाई है।

# कोटा में एक और छात्र ने मौत को गले लगाया

एक दिन पहले ही नीट की तैयारी कर रहे छात्र ने की थी खुदकुशी

**कोटा,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। 'सॉरी पापा ! इस बार भी मेरा सेलेक्शन नहीं हो पाएगा।' ये शब्द लिख कर राजस्थान के कोटा में एक और छात्र ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पिछले कई माह से कोटा में रहकर एग्जाम की तैयारी कर रहे छात्र भरत ने खुदकुशी कर ली। अपने पिता के नाम लिखे अपने आखिरी खत में भरत ने अपने दर्द को शब्दों में बयां करते हुए कहा कि उसने यह इजहार करने से कोई परहेज नहीं किया कि अब वो थक चुका है, हार चुका है, मेहरबानी कर उससे कोई उम्मीद ना ही रखी जाए। भरत अपने भांजे रोहित के साथ कोटा के तलवंडी इलाके में रहकर एग्जाम की तैयारी कर रहा था। भांजे रोहित ने बताया कि वो सुबह करीब 10 बजे कटिंग कराने गया था। इसके बाद वो आया, उसने दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से किसी ने भी जवाब नहीं दिया।

चुनाव | बिहार में महागठबंधन जीत को लेकर प्रयासरत

# तीसरे चरण में एनडीए के सामने साख बचाने की चुनौती



■ तीन सीटों पर राजद, एक-एक सीट पर वीआईपी, माकपा सामने

**पटना,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार की पांच सीटों पर लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 7 मई को मतदान होना है। झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया लोकसभा सीट पर होने वाले मतदान के लिए सभी दलों ने अपनी ताकत झोंक दी है। इन सभी सीटों पर साल 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए ने जीत का परचम लहराया था। इस बार के चुनाव में एनडीए के लिए इन सीटों को बरकरार रखना चुनौती है।

वहीं, महागठबंधन इन सीटों पर जीत को लेकर प्रयासरत है। इन पांच सीटों पर इस बार तीन सीटों पर एनडीए के मुकाबले राजद, जबकि एक सीट पर विकासशील इंसान पार्टी (वीआइपी) और अन्य पर माकपा के उम्मीदवार सामने हैं। प्रदेश की सबसे चर्चित लोकसभा सीट मधेपुरा है। इस बार जदयू ने एकबार फिर दिनेश चंद्र यादव और राजद के प्रो. कुमार चंद्रदीप को मैदान में है। झंझारपुर संसदीय क्षेत्र में मुकाबला त्रिकोणात्मक बनाने को लेकर बसपा के गुलाब यादव पूरा जोर लगाए हुए हैं। इस सीट पर जदयू ने एकबार फिर रामप्रीत मंडल को चुनावी मैदान में उतारा है जबकि महागठबंधन की ओर से विकासशील इंसान पार्टी के सुमन कुमार महासेठ चुनावी रण में ताल ठोंक रहे हैं। मुख्य मुकाबला इन्हीं दोनों के बीच माना जा रहा था, लेकिन, बसपा ने गुलाब यादव को चुनावी अखाड़े में उतारकर सभी दलों की चिंता बढ़ा दी है।

खगड़िया संसदीय सीट पर भी महागठबंधन को एक दशक से जीत का इंतजार है। यहां से एनडीए की घटक लोजपा के उम्मीदवार महबूब अली कैसर चुनाव जीतते रहे हैं। महागठबंधन की ओर से माकपा के संजय कुमार उम्मीदवार हैं। सुपौल सीट भी काफी महत्वपूर्ण मानी जाती है। इस बार सुपौल संसदीय सीट पर जदयू के दिलेश्वर कामत और राजद के उम्मीदवार चंद्रहास चौपाल के बीच मुकाबला कांटे का माना जा रहा है। सीमांचल की सीट अररिया में भी तीसरे चरण के तहत मतदान होना है। इस बार इस सीट पर भाजपा के प्रदीप सिंह और राजद के शाहनवाज आलम के बीच मुकाबला होगा।

# देश

उवाच

"कांग्रेस हताशा में ऐसा बयान दे रहे हैं। उनके पास कोई मुद्दा नहीं है, इस कारण वे ऐसा बोल रहे हैं, कांग्रेस ने प्रदेशों में 90 बार राष्ट्रपति शासन लगाए, राम मंदिर आंदोलन के दौर में यूपी ही नहीं हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान में सरकार गिरा दी गई थी: **रविशंकर प्रसाद, भाजपा के वरिष्ठ नेता**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36.5 | 22.2 |
| मुंबई | 38.4 | 27.4 |
| कोलकाता | 43.0 | 30.4 |
| चेन्नई | 39.4 | 27.7 |

# चुनौतियों से निपटने व आत्मनिर्भर बनने के लिए सेना में समग्र बदलाव जरूरी : जनरल पांडे

**नई दिल्ली,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने मंगलवार को कहा कि सेना आधुनिक, चुस्त, चुनौतियों से निपटने में सक्षम, प्रौद्योगिकी से लैस और आत्मनिर्भर बनने के लिए समग्र बदलाव के दौर से गुजर रही है। जनरल पांडे ने देश के जाने-माने सैन्य विचारकों में शामिल जनरल के सुंदर की स्मृति में सेना द्वारा यहां आयोजित चौथे जनरल सुंदरजी स्मृति व्याख्यान में सेना में परिवर्तन पर जनरल सुंदर की दूरदर्शिता को रेखांकित किया। उन्होंने युद्धक्षेत्र के डिजिटलीकरण, सूचना युद्ध, प्रौद्योगिकी प्रसार, पारंपरिक रणनीतियों और बल संरचना के क्षेत्र में जनरल सुंदर के दृष्टिकोण पर भी प्रकाश डाला। सेना प्रमुख ने कहा कि भविष्य की जरूरतों तथा



चुनौतियों को देखते हुए सेना समग्र बदलाव के दौर से गुजर रही है। उन्होंने कहा कि सेना जरूरत के हिसाब से प्रगतिशील दृष्टिकोण के साथ बेहतर बदलाव के प्रति सचेत है। उन्होंने कहा, 'भारतीय सेना में समग्र परिवर्तन, जिसे हमने दो साल पहले लागू किया था, एक आधुनिक, चुस्त,

**सेना आधुनिक, चुस्त, चुनौतियों से निपटने में सक्षम, प्रौद्योगिकी से लैस और आत्मनिर्भर बनने के लिए समग्र बदलाव के दौर से गुजर रही है, सेना जरूरत के हिसाब से प्रगतिशील दृष्टिकोण के साथ बेहतर बदलाव के प्रति सचेत है : जनरल पांडे, सेना प्रमुख**

प्रौद्योगिकी सक्षम और आत्मनिर्भर भविष्य के लिए तैयार बल को आकार देने के हमारे प्रयासों का हिस्सा है।' जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल एन एन वोहरा ने जनरल सुंदरजी के साथ अपने अनुभव साझा किए और 'राष्ट्रीय सुरक्षा नीति की आवश्यकता' पर अपने विचार व्यक्त किए। पूर्व सेना उप प्रमुख और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रत साहा (सेवानिवृत्त) ने 'भारत के सशस्त्र बलों का आधुनिकीकरण, जनरल के सुंदरजी से सबक' विषय पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में तीनों सेनाओं के सेवारत , सेवानिवृत्त अधिकारियों के साथ-साथ साहित्यकारों और विभिन्न थिंक टैंकों ने भाग लिया। इस मौके पर सभी ने 13वें सेना प्रमुख और दूरदर्शी जनरल के सुंदरजी को याद किया गया, जिन्हें प्यार से 'मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री रेजिमेंट का जनक' भी कहा जाता है। एक कुशल सैनिक और दूरदर्शी जनरल सुंदरजी को भविष्य के युद्ध और सुरक्षा प्रतिमानों में उनकी गहरी अंतर्दृष्टि तथा रणनीतिक दूरदर्शिता के लिए जाना जाता है।

## दिल्ली, हरियाणा में कांग्रेस व आप के नेता करेंगे साझा चुनाव प्रचार

**नई दिल्ली,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली और हरियाणा में कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के नेता साझा चुनाव प्रचार करेंगे। इसका फैसला मंगलवार को दोनों दलों के बीच हुई संयुक्त रणनीतिक कमेटी की बैठक में लिया गया। इसमें कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के चुनाव प्रचार को लेकर साझा रणनीति तैयार की गई। फैसला किया गया कि दोनों दलों के नेता सभी उम्मीदवारों के नामांकन में शामिल होंगे। बैठक में तय हुआ कि आने वाले दिनों में दोनों दलों के नेता दिल्ली और हरियाणा में साझा प्रचार अभियान चलाएंगे। वहीं आम आदमी पार्टी ने अरविंदर सिंह




■ **दोनों दलों के बीच हुई संयुक्त रणनीतिक कमेटी की बैठक में लिया गया निर्णय**

लवली के इस्तीफे को कांग्रेस का अंदरूनी मामला करार देते हुए कहाकि इससे गठबंधन पर कोई फर्क नहीं पडेगे। बुधवार को एक बार फिर से दोनों दलों की बैठक होगी। दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में हुई इस बैठक में दिल्ली कांग्रेस ने नए अंतरिम अध्यक्ष देवेंद्र यादव,प्रभारी दीपक बावरिया,अनिल भरद्वाज,हरियाणा कांग्रेस के अध्यक्ष उदयभान और कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज शामिल हुए। जबकि आम आदमी पार्टी की ओर से संदीप पाठक, दुर्गेश पाठक सहित कुठ अन्य नेताओं ने हिस्सा लिया। बतादें कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पांच राज्यों में मिलकर चुनाव लड रही है। इसमें दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ, गोवा और गुजरात शामिल है। दिल्ली में कांग्रेस 3 और आप 4 सीटों पर चुनाव लड रही है। जबकि हरियाणा में कांग्रेस 9 और आप 1 और गुजरात में कांग्रेस 25 व आप 1 सीट पर लडने के लिए सहमत हुई है।

## पंजाब के पूर्व एडीजीपी गुरिंदर सिंह ढिल्लों कांग्रेस में शामिल

**नई दिल्ली**। पूर्व आईपीएस और एडीजीपी पंजाब रह चुके गुरिंदर सिंह ढिल्लों मंगलवार को कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ली। गुरिंदर सिंह ढिल्लों को कांग्रेस की सदस्यता दिलाते समय पंजाब कांग्रेस के प्रभारी देवेंद्र यादव मौजूद रहे। इस दौरान पूर्व आईपीएस की पत्नी और परिवार के सदस्य भी मौजूद रहे। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक गुरिंदर ढिल्लों को पंजाब की फिरोजपुर सीट से उम्मीदवार बनाया जा सकता है। गुरिंदर सिंह ढिल्लों ने कुछ दिन पहले ही वीआरएस के लिए आवेदन किया था। जिसे पंजाब सरकार ने स्वीकृत कर लिया है। वीआरएस स्वीकृति के 6 दिन बाद उन्होंने मंगलवार को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस पार्टी में शामिल होने के उपरांत गुरिंदर सिंह ढिल्लों ने कहा कि पार्टी हाईकमान उन्हें जो भी कार्यभार सौंपेगा, वह उसे पूरी शिद्दत से पूरा करेंगे। कांग्रेस के पंजाब प्रभारी देवेंद्र यादव ने बताया कि पंजाब के पूर्व एडीजीपी गुरिंदर सिंह ढिल्लों 1997 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। यादव के मुताबिक ढिल्लों ने पंजाब में आतंकवाद और कई चुनौतीपूर्ण स्थितियों में अपनी बेहतरीन कार्य कुशलता का परिचय दिया है। गुरिंदर सिंह ढिल्लों के पास पंजाब पुलिस में स्पेशल एडीजीपी लॉ एंड ऑर्डर का चार्ज था। वीआरएस मिलने के उपरांत उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए कहा था कि वह अपने आप को पिंजरे से आजाद महसूस कर रहे हैं।

**गुरिंदर सिंह ढिल्लों को कांग्रेस की सदस्यता दिलाते समय पंजाब के प्रभारी देवेंद्र यादव मौजूद रहे**

## नौसेना को और मजबूत व टेक्नोलॉजिकली एडवांस्ड बनाने का प्रयास : नेवी चीफ



**नई दिल्ली**। भारतीय नौसेना के नए प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी नेवी को और अधिक मजबूत व टेक्नोलॉजिकली एडवांस्ड सर्विस बनाने की दिशा में काम करेंगे। उन्होंने 30 अप्रैल को नौसेना प्रमुख का कार्यभार संभाला। इससे पहले वह नौसेना उप प्रमुख के रूप में कार्यरत थे। मंगलवार को नेवी चीफ का पद संभालने के उपरांत संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध विशेषज्ञ एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने कहा, 'भारतीय नौसेना का 26वां नौसेना अध्यक्ष बनने पर मुझे अत्यंत गर्व और सम्मान की अनुभूति हो रही है। मुझसे पहले 25 नौसेना अध्यक्षों ने अपनी कर्मठता और समर्पण से हमारी नौसेना को युद्ध तत्पर, विश्वसनीय, सुगठित और भविष्य की ताकत बनाई है। मेरा प्रयास रहेगा कि मैं भारतीय नौसेना को और आत्मनिर्भर, मजबूत, टेक्नोलॉजिकली एडवांस्ड सर्विस बनाऊं।' उन्होंने कहा, 'मेरी पूरी कोशिश रहेगी भारतीय नौसेना, हमारे देश के समुद्री हित और समुद्री रक्षा दोनों पर हरदम खरी उतरे – कभी भी, कहीं भी, कैसे भी। मैं आप लोगों के द्वारा सभी भारतीयों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि आपकी नौसेना हरदम 'राष्ट्र प्रथम' के मंत्र का पालन करते हुए आपके साथ खड़ी है। शं नो वरुण: जय भारत। मंगलवार सुबह नौसेना अध्यक्ष को गार्ड ऑफ़ ऑनर देकर सम्मानित भी किया गया।

## सार संक्षेप

### चुनावी सभाओं में मुसलमान शब्द इस्तेमाल करने से डर रहे अखिलेश : शहाबुद्दीन रजवी

**बरेली**। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुफ्ती मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि अखिलेश यादव अपनी चुनावी सभाओं में मुसलमान शब्द का इस्तेमाल करने से डर रहे हैं। शहाबुद्दीन रजवी ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव अपनी चुनावी सभाओं में मुसलमान शब्द इस्तेमाल करने से डर रहे हैं। मुस्लिम चेहरों को हाशिए पर कर दिया गया है। 22 मुस्लिम बहुल लोकसभा सीटों पर गैर मुस्लिमों को टिकट दिया गया है। राज्यसभा, विधान परिषद और संसद में मुसलमानों की नुमाइंदगी को एक साजिश के तहत खत्म किया जा रहा है। उन्होंने अखिलेश यादव पर मुसलमानों का अपमान करने का भी आरोप लगाया।

### बाबा विश्वनाथ भी दे रहे संदेश, लोकतंत्र के महापर्व में करें मतदान

**वाराणसी**। लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए बाबा विश्वनाथ के दरबार में भी जागरूकता फैलाई जा रही है। मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए श्री काशी विश्वनाथ धाम में पोस्टर लगाए गए हैं। साथ ही टोकन, टिकट और वेबसाइट के जरिए भी मतदान की अपील की जा रही है। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के सीईओ विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि चुनाव में मतदान करने के लिए काशी विश्वनाथ धाम में पोस्टर लगाए गए हैं। विभिन्न प्रकार के टोकन और टिकट पर भी मतदान की अपील की गई है। ऑफिशियल वेबसाइट से भी संदेश दिए जा रहे हैं।

### 'यह डूबती हुई नाव है, जो चढ़ेगा वो डूबेगा': गिरिराज

**बेगूसराय**। बीजेपी के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस पर एक बार फिर से निशाना साधा है। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस पार्टी बहादुर शाह जफर की तरह मुगलिया सल्तनत की अंतिम कड़ी है। कांग्रेस पार्टी परिवारवाद का सबसे बड़ा उदाहरण है। कांग्रेस पार्टी के अंदर जो उनका संविधान है, उसमें संविधान नाम की कोई चीज नहीं है, पार्टी के नेता राहुल गांधी की उलजुलूल बातों को रख रहे हैं।' उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा, 'कांग्रेस डूबती हुई नाव है। मुझे तो आश्चर्य है कि कुछ लोग डूबते हुए नाव पर चढ़ गए हैं, तो अब उन्हें डूबना ही है। वहीं, देखिए आजादी के बाद से ही सनातन धार्मिक स्थलों को, सनातन धार्मिक स्थलों पर, सनातन धार्मिक स्थलों से ऐसा दुर्व्यवहार किया गया कि इन्हें राज्यों में इनके ऊपर ट्रस्ट बनाया गया।'

## गृह मंत्री के वीडियो से छेड़छाड़ : 16 नेताओं को समन, सात राज्यों में गई पुलिस

**नई दिल्ली,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के छेड़छाड़ किए गए वीडियो के संबंध में दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी सहित सात राज्यों के 16 नेताओं को तलब किया है। मामले की जांच के तहत पुलिस राजस्थान, झारखंड, नागालैंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और मध्य प्रदेश में गई है। इससे पहले सोमवार को रेवंत रेड्डी समेत तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के सदस्य शिव कुमार अंबाला, अस्मा तस्लीम, सतीश मन्ने और नवीन पेटेम को एक मई को पुलिस के समक्ष पेश होने के लिए तलब किया गया।

सूत्रों के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के एक लोकसभा उम्मीदवार और राजस्थान और नागालैंड में कांग्रेस के दो नेताओं को भी अपने मोबाइल फोन के साथ पुलिस के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है। दिल्ली पुलिस ने रविवार को भाजपा और गृह मंत्रालय (एमएचए) की शिकायत मिलने के बाद केस दर्ज किया। इसके बाद दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल साइबर विंग की आईएफएसओ यूनिट ने भी एफआईआर दर्ज की। आईएएनएस के पास उपलब्ध एफआईआर की प्रति के अनुसार गृह



■ **अमित शाह के छेड़छाड़ किए गए वीडियो के संबंध में दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी सहित सात राज्यों के 16 नेताओं को तलब किया**

मंत्रालय ने अपनी शिकायत में कहा है कि यह पाया गया है कि कुछ छेड़छाड़ किए गए वीडियो फेसबुक और ट्विटर पर प्रसारित किए जा रहे हैं।

'ऐसा प्रतीत होता है कि वीडियो के साथ छेड़छाड़ की गई है। इसमें समुदायों के बीच वैमनस्य पैदा करने के इरादे से भ्रामक जानकारी फैलाई जा रही है। इससे शांति और व्यवस्था पर असर पड़ने की संभावना है। मंत्रालय ने अनुरोध किया है कि कृपया कानून के प्रावधानों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करें।

## बशीरहाट से भाजपा उम्मीदवार रेखा पात्रा से मारपीट, केंद्र ने बढ़ाई सुरक्षा

**कोलकाता,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में बशीरहाट लोकसभा सीट से भाजपा की उम्मीदवार रेखा पात्रा के साथ मंगलवार को दुर्व्यवहार किया गया। रेखा पात्रा ने कथित यौन उत्पीड़न को लेकर संदेशखाली में स्थानीय तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के एक वर्ग के खिलाफ महिलाओं के विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया था। यह घटना तब हुई जब रेखा पात्रा खारीवंगा इलाके में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता कालिदास बचर से मिलने गई थीं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जैसे ही रेखा पात्रा स्थानीय भाजपा नेता अर्चना मजूमदार और अपने सुरक्षाकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचीं, तभी तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के एक समूह ने उनके खिलाफ विरोध और नारे लगाने शुरू कर दिए। इससे तृणमूल कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। भाजपा नेतृत्व ने दावा किया कि उम्मीदवार और पार्टी नेता घायल हो गए। पुलिस वहां मौजूद थी। लेकिन वे मूकदर्शक बने रहे। मुझे और रेखा दोनों को चोट लगी।' वहीं रेखा पात्रा ने कहा, 'क्या वे इंसान हैं? तृणमूल कांग्रेस इस तरह से इलाके में हिंसा भड़काने की कोशिश कर रही है।'



केंद्र सरकार ने रेखा पात्रा को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) सुरक्षा कवर दिया है। रेखा पात्रा के अलावा, पांच अन्य भाजपा उम्मीदवार झाड़ग्राम से प्रणत टुडू, बहरामपुर से निर्मल साहा, जयनगर से अशोक कंडारी, मथुरापुर से अशोक पुरकित और रायगंज से कार्तिक पॉल को भी सीएपीएफ सुरक्षा दी गई है।

## लालू का पूरा परिवार सिर्फ अपने लिए जीता है, बिहार में परिवारवादी और जमींदारी व्यवस्था लाना चाहते है : सम्राट चौधरी

**पटना,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। झंझारपुर में अमित शाह के यह कहने पर कि लालटेन युग खत्म हो गया है, इसपर तेजस्वी ने कहा कि देश से मोदी युग समाप्त हो गया है। तेजस्वी के इस बयान पर बीजेपी ने पलटवार किया है। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने लालू फैमिली पर डबल अटैक किया है। तेजस्वी पर पलटवार करते हुए सम्राट चौधरी ने कहा कि यह लोकतंत्र है और हर किसी को बोलने का अधिकार है। इनके पिता जी तो रोज कह रहे हैं कि संविधान खतरे में है लेकिन उनको याद ही नहीं है कि 10 साल से नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री हैं और भारत के निर्माण में लगे हैं और ये लोग भारत को लूटने में लगे हैं। लालू प्रसाद का पूरा परिवार सिर्फ अपने लिए जीता है। वहीं डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने कहा कि तेजस्वी यादव अपनी बोली से सिर्फ हवा बनाने की कोशिश कर रहे हैं। जमीनी हकीकत यही है कि जिस जातीय उन्माद को इन लोगों ने हवा दी थी, वह फेल हो गया है। उनके समाज के लोग भी अब उनकी बातों पर विश्वास नहीं करते हैं। दो बार डिप्टी सीएम रह चुके हैं लेकिन इनके पास कोई विजन नहीं है। इनके द्वारा बिहार में कोई ऐसा काम नहीं किया गया कि बिहार का सम्मान देश के अंदर बढ़ सके। तेजस्वी यादव परिवारवादी जमींदारी व्यवस्था लाना चाहते हैं और जनता की गाढ़ी कमाई को लूटकर ऐश करना चाहते हैं। ऐसे लोगों की बातों पर कोई विश्वास नहीं कर सकता है।



## पहले दो चरणों में मतदान प्रतिशत में गिरावट से भाजपा डरी हुई है : ममता




**भाजपा को निर्वाचन आयोग से जानकारी मिली कि मतदान प्रतिशत में गिरावट आई है, इसलिए वे डरे हुए हैं। उन्हें एहसास हो रहा है कि प्रधानमंत्री के नाम पर जनता की अपील अब पहले जैसी नहीं रही: ममता बनर्जी, मुख्यमंत्री पश्चिम बंगाल**

**कोलकाता,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव के पहले दो चरणों में मतदान प्रतिशत में गिरावट ने भाजपा को डरा दिया है। यह भाजपा नेताओं की बॉडी लैंग्वेज से स्पष्ट है। सीएम ममता ने मंगलवार को मालदा में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, 'भाजपा को भारत निर्वाचन आयोग से जानकारी मिली कि मतदान प्रतिशत में गिरावट आई है। इसलिए वे डरे हुए हैं। उन्हें एहसास हो रहा है कि प्रधानमंत्री के नाम पर जनता की अपील अब पहले जैसी नहीं रही, इसलिए उनके सुर काफी हद तक नरम हो गए हैं।' उन्होंने यह भी दावा किया कि भाजपा तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल की प्रगति से ईर्ष्या करती है, इसलिए वह राज्य सरकार के खिलाफ नकारात्मक प्रचार का सहारा ले रही है। सीएम ने इस बात पर भी दुख व्यक्त किया कि उनकी पार्टी के उम्मीदवार मालदा जिले के दो लोकसभा क्षेत्रों में से किसी से भी निर्वाचित नहीं हुए।

सीएम ने जनता से पूछा, 'हम मालदा जिले से कभी निर्वाचित नहीं हुए। क्या आप इस बार ट्रेंड बदल सकते हैं? क्या आप इस बार भी हमें निराश करेंगे।' उन्होंने यह भी दावा किया कि भाजपा के चुने हुए जन प्रतिनिधि चुनाव खत्म होने के बाद पांच साल तक लोगों के साथ खड़े नहीं होते हैं। इसलिए बदलाव का और दिल्ली से भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकने का समय आ गया है।

## राजद को बड़ा झटका पूर्व सांसद रामा सिंह ने दिया पार्टी से इस्तीफा

**पटना,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के बीच राजद को तगड़ा झटका लगा है। पूर्व सांसद रामा सिंह ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा राजद सुप्रीमो लालू



प्रसाद को भेज दिया है। अब वो बहुत जल्द ही लोकजन शक्ति पार्टी का दामन थामेंगे। चिराग पासवान उन्हें अपनी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराएंगे। माना जा रहा है कि राजद ने उन्हें शिवहर या वैशाली से टिकट नहीं दिया, इसलिए वो नाराज चल रहे थे। राजद ने इस बार मुन्ना शुक्ला को वैशाली से टिकट दिया है। वो पांच बार विधायक और एक बार सांसद रहे हैं। बिहार की राजनीति में उनका अच्छा खासा प्रभाव रहा है। उन्होंने कहा कि राजद में स्थिति ठीक नहीं है, इसलिए मेरा मोहभंग हो गया है। उन्होंने कहा कि अच्छा हुआ कि जल्दी मोहभंग हो गया।

# 61 सौ करोड़ खर्च कर भी क्यों नहीं बना खरकई डैम?

### झारखंड हाईकोर्ट ने चीफ सेक्रेटरी से मांगा जवाब

**रांची,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य के सरायकेला जिले में खरकई डैम प्रोजेक्ट में 6,100 करोड़ खर्च करने के बाद इसे बंद करने पर राज्य के मुख्य सचिव से जवाब मांगा है। मंगलवार को एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने पूछा कि इतनी बड़ी राशि खर्च करने के बाद प्रोजेक्ट को बीच में क्यों रोक दिया गया? सरकार ने इस प्रोजेक्ट के बारे में अंतिम तौर पर क्या फैसला किया है? कोर्ट ने उन्हें इन सवालों पर शपथ पत्र दाखिल करने को कहा है। सुनवाई के दौरान जल संसाधन विभाग की ओर से शपथ पत्र दाखिल किया गया, जिसमें बताया गया है कि जमीन अधिग्रहण का काम स्थानीय ग्रामीणों के विरोध के कारण रुका हुआ है। इस पर कोर्ट ने गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए पूछा कि आखिर प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने के पहले सरकार ने इस मुद्दे पर विचार क्यों नहीं किया? रिपोर्ट अगर जमीन पर जाकर तैयार की गई होती तो जमीन अधिग्रहण पर ग्रामीणों के संभावित विरोध के बारे में इसका जिक्र होना चाहिए था। कोर्ट ने मौखिक तौर पर कहा कि पूरे मामले की सीबीआई जांच करवा देते हैं। इस मामले की अगली सुनवाई 14 मई को




■ **खरकई डैम परियोजना एकीकृत बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल सरकार के बीच त्रिपक्षीय समझौते के बाद 1978 में शुरू हुई थी**

■ **2020 में राज्य सरकार ने बगैर कारण बताए एक पत्र जारी कर इस प्रोजेक्ट को अचानक बंद कर दिया**

निर्धारित की गई है। इस मामले में संतोष कुमार सोनी की ओर से जनहित याचिका दायर की गई है।

इसमें कहा गया है कि खरकई डैम परियोजना एकीकृत बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल सरकार के बीच त्रिपक्षीय समझौते के बाद 1978 में शुरू हुई थी, लेकिन, 2020 में राज्य सरकार ने बगैर कारण बताए एक पत्र जारी कर इस प्रोजेक्ट को अचानक बंद कर दिया।

**मौसम** *कश्मीर में नदी नाले खतरे के निशान से ऊपर*

# स्मार्ट सीटी के नाम पर झीलों का शहर बन गया श्रीनगर

**जम्मू, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर में रविवार शाम से लगातार हो रही बारिश के कारण कई जिले अस्त-व्यस्त हो गए हैं और सामान्य जनजीवन ठप हो चुका है। कई नदी नाले खतरे के निशन से ऊपर बह रहे हैं और कई शहर झीलों में तब्दील हो जाने से लोगों में गुस्सा है। बारिश के पानी से कितनी झीलें बन चुकी हैं उनकी गिनती मुश्किल है। दरअसल जैसे ही भारी बारिश ने कश्मीर को भिगो दिया, प्रतिष्ठित बुलेवार्ड सहित श्रीनगर शहर के कई इलाके जलमग्न हो गए हैं, जिससे स्थानीय लोगों और पैदल चलने वालों में चिंता बढ़ गई है।**

पैदल चलने वालों और निवासियों ने श्रीनगर के कुछ हिस्सों को आभासी जल पूलों में बदलने में इसके कथित योगदान का हवाला देते हुए स्मार्ट सिटी योजनाकारों की आलोचना की है। निराशा व्यक्त करते हुए, श्रीनगर शहर के विभिन्न हिस्सों के निवासियों ने कहा कि रविवार से लगातार हो रही बारिश ने सड़कों को नालों में बदल दिया है, जिससे दैनिक गतिविधियां करना मुश्किल हो गया है। अधिकारियों को इस मुद्दे के समाधान के लिए तत्काल कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

नौहट्टा के एक स्थानीय निवासी बासित ने कहा कि हमें ऐसा लग रहा है जैसे हम नदियों पर चल रहे हैं, क्योंकि श्रीनगर के



लगभग हर हिस्से में सड़कों पर पानी भर गया है, जिससे समस्याएं पैदा हो रही हैं। एक अन्य स्थानीय नागरिक जुहैब ने भी इसी तरह की भावना व्यक्त करते हुए कहा, स्मार्ट सिटी कहाँ है? वे सारे वादे कहां जाते हैं? कल रात से ही बारिश हो रही है और श्रीनगर में पानी भर गया है। अधिकारी क्या कर रहे हैं? दरअसल लगातार बारिश के

■ **36 घंटों से जारी लगातार बारिश**
■ **श्रीनगर के लगभग हर हिस्से में सड़कों पर पानी भरा**
■ **निचले इलाकों में रहने वाले निवासियों से सावधानी बरतने का आदेश**

साथ ऊंचाई वाले इलाकों में ताजा बर्फबारी के कारण कश्मीर में नदियों और नालों के जल स्तर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसके बावजूद, अधिकारियों ने सक्रिय निगरानी और एहतियाती उपायों का हवाला देते हुए, आसन्न बाढ़ की आशंकाओं को दूर करने की कोशिश की है। और खुद यह घोषणा कर लोगों को भयभीत करने का प्रयास किया है कि सभी नदी नाले खतरे के निशान के ऊपर बह रहे हैं।

चूंकि पिछले 36 घंटों से जारी लगातार बारिश के कारण कश्मीर में नदियां और नाले उफान पर हैं, इसलिए अधिकारियों ने निचले इलाकों में रहने वाले निवासियों से सावधानी बरतने का आग्रह किया है क्योंकि नदियों और सहायक नदियों में जल स्तर खतरे के निशान को पार करने की आशंका पहले ही थी। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए, सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण (आईएंडएफसी) विभाग ने लोगों से प्रशासन की सलाह का अक्षरशः पालन करने को कहा है।

अधिकारियों ने बताया कि जम्मू कश्मीर के कई हिस्सों में रात भर हुई बारिश के कारण हुए कई भूस्खलनों के बाद जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग सोमवार को बंद कर दिया गया था। यह राजमार्ग, कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से हर मौसम में जोड़ने वाली एकमात्र सड़क है, जो रामबन जिले के मेहर, गंगरू, मोम पासी और किश्तवारी पाथेर में भूस्खलन के कारण अवरुद्ध हो गई थी। उन्होंने कहा कि बारिश जारी है, जिससे बहाली कार्य में बाधा आ रही है, उन्होंने यात्रियों को मलबा साफ होने तक राजमार्ग पर यात्रा करने से बचने की सलाह दी है।

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

पतझड़ समाप्ति की ओर है तथा मानसून से पहले पौधा लगाने के लिए स्थान का चयनिकरण तथा गड्ढ़े खोदने का कार्य भी प्रारंभ कराया जाएगा। सभी मालियों तथा सुपरवाइजर से टीम के साथ समन्वय स्थापित करते हुए पार्कों के साथ-साथ अन्य स्थान को भी चयन करने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

**डॉक्टर अनुज, उद्यान प्रभारी**

## उपाध्यक्ष के निरीक्षण के बाद प्रवर्तन विभाग हरकत में, कई निर्माण सील

**गाजियाबाद,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) उपाध्यक्ष अतुल वत्स के औचक निरीक्षण के बाद प्रवर्तन विभाग हरकत में आ गया है। मंगलवार को जोन-7 में किए गए निरीक्षण में दिये गए निर्देशों के क्रम में आज प्रवर्तन की टीम सीलिंग



की कार्रवाई की गई। आज राजेंद्रनगर स्थित सातों निर्माणों को सील किया गया। निर्माणों में प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए जाने के उपरांत स्वीकृत मानचित्र के विपरीत निर्माण किए जाने के कारण सीलिंग की कार्रवाई प्रस्तावित की गई। भविष्य के लिए निर्माणकर्ताओं/विकासकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत भूमि पर विधिवत मानचित्र स्वीकृत कराकर विकास कार्य करें। इसके साथ ही आम जनमानस को भी सूचित किया जाता है कि किसी भी वादग्रस्त/विवादित निर्माण/अवैध कालोनी में भवनों/भूखण्डों क्रय-विक्रय न करें।

# जीडीए उपाध्यक्ष की पहल से मधुबन बापूधाम योजना को लगेंगे विकास के पंख

- निराश आवंटियों के चेहरे खिले
- मधुबन बापूधाम योजना में बनेगा जीडीए का सब आफिस
- आवंटियों को नहीं पड़ेगा भटकना






**गाजियाबाद,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के उपाध्यक्ष अतुल वत्स के सकारात्मक रूख के बाद मधुबन बापू धाम आवासीय योजना के अवंतियों के चेहरे खिल उठे हैं और उन्हें एक नई आशा की किरण दिख रही है। आवंटियों का कहना है कि यदि जीडीए उपाध्यक्ष ने मधुबन बापूधाम योजना को गंभीरता से ले लिया तो न केवल जीडीए की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार आएगा बल्कि आवंटियों की समस्याएं भी हल हो जाएंगी। मधुबन बापू आवास योजना गाजियाबाद के लिए मील का पत्थर साबित होगी। पिछले दिनों जीडीए उपाध्यक्ष ने मधुबन धाम योजना का निरीक्षण किया था। बारीकी से निरीक्षण के बाद उन्होंने मधुबन बापूधाम योजना को सुनियोजित ढंग से विकास के लिए निर्णय लिया है और सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। साथ ही मधुबन बापूधाम योजना के अवंतियों की समस्याओं का निस्तारण व नियमित रूप से योजना पर ध्यान देने के मद्देनजर सब ऑफिस बनाने के भी निर्देश उन्होंने दिए।

आपको बता दें कि जीडीए में पिछले कई सालों से कार्यवाहक उपाध्यक्षो की तैनाती रही थी। जिस कारण जीडीए में केवल बेहद जरूरी कार्य ही हो पा रहे थे।

कई वर्षों के बाद शासन आईएएस अधिकारी अतुल वत्स को पूर्ण उपाध्यक्ष बनाकर भेजा है। इसके बाद उम्मीद जताई जा रही है कि अब जीडीए में निश्चित तौर पर विकास कार्य होंगे। साथ ही नई कार्यसंस्कृति भी विकसित होगी।

कार्यवाहक उपाध्यक्ष जहां हफ्ते में एक या दो दिन बैठकर कामों को निपटाया करते थे। वहीं अतुल वत्स अब नियमित रूप से कार्यालय में बैठकर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण भी समय सीमा के अंदर कर रहे हैं। साथ ही वह जीडीए के अधिकारियों व स्टाफ पर भी अपनी छाप छोड़ रहे हैं। पिछले कुछ दिनों के दौरान डा में एक नए सकारात्मक कार्य संस्कृति का उदय हुआ है। इसके बाद आवंटियों ने राहत महसूस की है अतुल बस के कामकाज की अब शहर में चर्चा भी होने लगी है।

मधुबन बापूधाम आवास योजना के निवासी संजय चौहान का कहना है कि जीडीए में पूर्णकालिक उपाध्यक्ष नहीं होने के कारण मधुबन बापूधाम योजना काफी पीछे गई थी। जबकि यदि देखा जाए जीडीए की सबसे महत्वपूर्ण आवासीय योजना अब केवल मधुबन बापू धाम ही बची है। जहां विकास को पंख लगा सकते हैं। चौहान का कहना है कि जीडीए उपाध्यक्ष निश्चित रूप से अब जीडीए की कार्य संस्कृति को सकारात्मक रूप में बदलने में कामयाब होंगे।

## शहर की सीवर समस्याओं के समाधान में जुटा नगर निगम व वीए टेक वाबाग

**गाजियाबाद,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर निगम व वी.ए. टेक वाबाग की टीम ने शहर की सीवर से सम्बंधित समस्यायों के निराकरण के लिये योजना बनाई है। महाप्रबंधक जल के पी आनंद द्वारा बताया कि सीवर समस्याओं के समाधान को लेकर रफ्तार से कार्य चल रहा है जिसमें उपकरणों के माध्यम से वी.ए. टेक वाबाग की टीम द्वारा समस्याओं का समाधान कराया जा रहा है तथा प्रतिदिन की रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जा रही है।

- सीवर की सफाई के बाद तत्काल उठे मलवा, विभाग करे सुनिश्चित : नगर आयुक्त

संबंधित टीम को न केवल अपने कार्यों के प्रति बेहतर तकनीकी माध्यम से कार्य करने के लिए अवगत कराया गया बल्कि मैन हाल को पूर्ण रूप से, व्यवस्थित करने के लिए भी निर्देशित किया गया है। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा मैनहोल तथा सिवर की किसी भी समस्या के लिए टोल फ्री नंबर 1800202 1279 दिया गया है इसी के साथ 7303384341, कवि नगर जोन के लिए 7303384339, वसुंधरा जोन के लिए 7303384340, विजयनगर जोन के लिए, 7303384337, मोहन नगर जोन के लिए, 7303384338 सिटी जोंन के लिए, नंबर दिए गए हैं। नगर आयुक्त जहां निगम अधिकारियों को अपनी मॉनिटरिंग प्रबल करने के लिए निर्देश दिए हैं वही मैन हॉल की सफाई के तुरंत बाद मलवा उठाने के लिए भी कड़े निर्देश दिए हैं।

## सार संक्षेप

### अजमेर से बरामद हुई गायब किशोरी, आरोपी जैयद भी गिरफ्तार

**बुलंदशहर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से बीती 13 अप्रैल को गायब हुई किशोरी लगभग दो हफ्ते बाद अजमेर से बरामद हुई है। किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने वाले आरोपी युवक जैयद पुत्र छुट्टन खान को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। किशोरी का मेडिकल परीक्षण करवाकर पुलिस ने उसके बयान भी दर्ज कराए हैं। बता दें कि लगभग दो हफ्ते पहले कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से 15 वर्षीय किशोरी उस समय गायब हो गई थी जब उसके परिजन खेतों पर काम करने गए थे। इस मामले में किशोरी की मां ने जहांगीराबाद निवासी जैयद पुत्र छुट्टन खान पर उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया था। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से ही पुलिस लगातार किशोरी और आरोपी युवक को तलाशने में जुटी हुई थी। 29 अप्रैल को पुलिस ने किशोरी को अजमेर से बरामद कर लिया। साथ ही आरोपी युवक को भी पुलिस ने अजमेर से ही धर दबोचा।

### नोएडा की पारस टियारा सोसाइटी के लोगों ने किया प्रदर्शन

**नोएडा।** मतदान समाप्त होने के बाद एक बार फिर नोएडा और ग्रेटर नोएडा की सोसायटी में प्रदर्शन शुरू हो गया है। अधिकतर सोसायटी में एओए को लेकर



विवाद हो रहा है। निवासियों का आरोप है कि अपार्टमेंट ऑनर एसोसिएशन (एओए) का समय पूरा होने के बावजूद चुनाव नहीं कराया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला सेक्टर-137 स्थित पारस टियारा सोसायटी का है। यहां करीब 350 निवासियों ने पटवा बोर्ड 2023-24 (एओए) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। आरोप है कि बोर्ड मनमाने ढंग से निवासियों से अत्यधिक मेंटेनेंस शुल्क वसूल रहा है और उनके मौलिक अधिकारों का हनन कर रहा है। पारस टियरा सोसायटी के निवासियों ने बताया कि वे पहले भी पहले भी शांतिपूर्ण प्रदर्शन किए जा चुके हैं, लेकिन एओए की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसलिए अब जनांदोलन का रूप लिया गया है। यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो आंदोलन और बड़ा होगा। उन्होंने बताया कि मुख्य मांगों में कॉमन एरिया मेंटेनेंस दर में अनुचित वृद्धि रोकना। नए एओए का गठन करना, आय-व्यय का लेखा-जोखा सार्वजनिक करना, असुरक्षित फ्लैट मालिकों के अधिकारों की रक्षा और बिल्डर से आईएमएफ फंड लेना।

### अनियंत्रित कार की टक्कर से ई-रिक्शा चालक समेत तीन घायल

**नोएडा।** अनियंत्रित कार के चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए ई-रिक्शा में टक्कर मारकर चालक समेत तीन लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। हादसे में दोनों कार सवार भी घायल हो गए हैं। सभी घायलों का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। हादसे के बाद तेज रफ्तार अनियंत्रित कार सेक्टर-55 स्थित मकान की दीवार और रेलिंग से टकरा गई। रेलिंग और दीवार इस दौरान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

# जीडीए उपाध्यक्ष ने सात साइटों का किया निरीक्षण, पाई गई खामियां

**गाजियाबाद,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने जोन-7 के अन्तर्गत थाना-साहिबाबाद क्षेत्रान्तर्गकुल 7 निर्माणों पर अधिकारी प्रवर्तन व जोन-7 की प्रवर्तन टीम के साथ राजेन्द्र नगर में औचक निरीक्षण किया। जिसमें कई खामियां पाई गई। जिसके लिए जोन ने तैनात सुपरवाइजर को निलंबित किया गया है जबकि जोन अभियंता को नोटिस जारी किया गया है। कुल सात साइट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि मुख्यत: यह निर्माण आवासीय मानचित्र स्वीकृत कराते हुए निर्मित किये जा रहे है, जिनमें बेसमेन्ट+स्टिल्ट तथा 3 या 4 तल स्वीकृत किए गए है। मौके पर बेसमेन्ट को मौजूदा मार्ग स्तर से काफी ऊपर निर्मित किया गया है, जिससे बेसमेन्ट की प्रकृति प्रभावित हो रही है। इसी तरह स्टिल्ट तल को इस प्रकार निर्मित किया जा रहा है कि भविष्य में इसमें पार्किंग न करके इसका व्यवसायीकरण कर दिया जाए। किसी भी निर्माण स्थल पर प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत मानचित्र उपलब्ध नहीं कराया जा सका



- सुपरवाइजर निलंबित, जोनल अभियंता को थमाया नोटिस

जबकि मानचित्र स्वीकृत करते समय इस शर्त के साथ अनुमोदित किया जाता है कि स्वीकृत मानचित्र को निर्माण स्थल पर दर्शित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त निर्माण स्थल पर कोई भी तकनीकी मानव संपदा उपस्थित नहीं पाया गया एवं निर्धारित सैटबैक कवर करते हुए मानको के विपरीत निर्माण किये जा रहे है। पूर्व में भी इन निर्माण के नियम विपरीत होने पर ही इनको नोटिस जारी कर वाद संस्थित किए गए थे, परंतु इसके उपरांत भी निर्माण कार्य क्रियाशील था। विसंगतियां इस तथ्य को स्पष्ट करती हैं कि संगठित रूप से अवैध निर्माण किया जा रहा है, जिसमें प्राधिकरण कर्मचारियों/अधिकारियों की घोर पर्यवेक्षणीय लापरवाही दर्शित हो रही है। सभी निर्माण को विधि विरुद्ध किये जाने पर उप्र नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973 की सुसंगत धाराओं में तत्काल कार्रवाई करते हुए सील करने के निर्देश दिए गए है। सब जोन 703 व 704 में तैनात सुपरवाईजरगण को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया जाता है एवं जोन अभियन्ता को कारण बताओं नोटिस दिया जाता है। जांचोपरान्त पर्यवेक्षणीय लापरवाही पुष्ट होने पर दंडात्मक कार्रवाई के लिए शासन को संस्तुति प्रेषित की जाएगी। जीडीए उपाध्यक्ष ने भविष्य के लिए निर्माणकर्ताओं/ विकासकर्ताओं को निर्देशित किया जाता है कि गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत भूमि पर विधिवत मानचित्र स्वीकृत कराकर विकास कार्य करें। इसके साथ ही आम जनमानस को भी सूचित किया जाता है कि किसी भी वादग्रस्त/विवादित निर्माण/अवैध कालोनी में भवनों/भूखंडों क्रय-विक्रय न करें।

# गाजियाबाद नगर निगम ने शुरू की पौधारोपण की तैयारी, लगाए जाएंगे एक लाख पौधे

**गाजियाबाद,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। गाजियाबाद नगर निगम उद्यान के विभाग ने आने वाले मानसून के लिए वृक्षारोपण की तैयारी शुरू कर दी है। वर्ष 2024-25 के अंतर्गत लगभग 1 लाख से अधिक पौधे लगाने की योजना गाजियाबाद नगर निगम बना रहा है। जिसके लिए उद्यान प्रभारी डॉक्टर अनुज ने मालियों तथा हेड मालियों के साथ बैठक की। जिसमें अवर अभियंता उद्यान, उद्यान निरीक्षक, समस्त उद्यान लिपिक, समस्त सुपरवाइजर भी उपस्थित रहे।



नर्सरियों से भी लिए जाएंगे पौधे, बनाई जाए सूची : डॉ. अनुज

डॉ अनुज ने बताया कि पतझड़ समाप्ति की ओर है तथा मानसून से पहले पौधा लगाने के लिए स्थान का चयनिकरण तथा गड्ढ़े खोदने का कार्य भी प्रारंभ कराया जाएगा। सभी मालियों तथा सुपरवाइजर से टीम के साथ समन्वय स्थापित करते हुए पार्कों के साथ-साथ अन्य स्थान को भी चयन करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। जिसके साथ ही गड्ढ़ा करने के लिए भी कार्य प्रारंभ करने के लिए कहा गया है। टीम को पौधा रोपण के लिए मोटिवेट भी किया गया है। जेसीबी में अन्य उपकरणों का इस्तेमाल करते हुए मियांवकी पद्धति से पौधा लगाने के लिए अवगत कराया गया है। उन्होंने बताया कि एक लाख से अधिक पौधे जोनवार लगाए जाएंगे। नर्सरी संचालक से भी नियम अनुसार कार्रवाई करते हुए पौधों को कलेक्ट किया जाएगा जिसके लिए अभी से सूची तैयार करने के लिए भी निर्देश दिए गए हैं।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने शहर की सभी ग्रीन बेल्ट सेंट्रल वर्ज पार्कों को व्यवस्थित करने के लिए निर्देश जारी किए हैं। जिसके क्रम में कार्य रफ्तार से चल रहा है इसी के साथ-साथ पार्कों में लगे हुए समरसेबल भी सही प्रकार से कार्य करें इसका विशेष ध्यान रखने के लिए उद्यान विभाग को निर्देश दिए हुए हैं। बैठक में डॉक्टर अनुज द्वारा सभी पार्कों में लगे हुए समरसेबल को सुचारू बनाए रखने के लिए भी कहा गया है यदि किसी के कनेक्शन सही नहीं है तो उनको आप विलंब कार्रवाई करते हुए कनेक्सन करते हुए सबमर्सिबल चालू करने के लिए निर्देशित किया गया है, उक्त कार्रवाई में आरडब्ल्यूए पदाधिकारी भी विशेष भूमिका निभाएंगे।

## 8 सफाई पर्यवेक्षक सम्मानित

**नोएडा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। प्राधिकरण द्वारा सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस क्रम में सफाई कार्यों को त्वरित गति प्रदान करने के लिए प्राधिकरण ने नोएडा वन ऐप तैयार किया है। जिसके तहत रोजाना अपने कार्यक्षेत्र में अधिक स्थलों का विजिट करने, प्राप्त शिकायतों का त्वरित गति



से निस्पादन करने वाले पर्यवेक्षकों का मूल्यांकन किया जाता है। इस ऐप में कराए गए कार्यों का डेटा दर्ज होता रहता है। त्वरित गति से एवं गुणवत्तापूर्ण कराने पर पर्यवेक्षकों की रैंकिग बढ़ती रहती है। इसी क्रम में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री ने जन स्वास्थ्य विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 5 सफाई पर्यवेक्षकों व एनजीओ मैसर्स गाईडेड फोरच्यून समिति के अन्तर्गत कार्य करने वाले 3 पर्यवेक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसमें मुकेश शर्मा, आजाद सिंह, काजल तोमर, सुशील मिश्रा, यशवर्धन शामिल है। वहीं एनजीओ पर्यवेक्षक में प्रदीप कुमार, गुलाब चौरसिया, रविन्द्र है।

## सोसाइटी के बीच बन गया नया डंपिंग ग्राउंड

**नोएडा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर इस बार सेवन स्टार रेटिंग में प्रतिभाग करने जा रहा है। लेकिन नोएडा या बाहर के कुछ लोग इसमें पलीता लगाने का काम कर रहे है। इसकी बानगी सेक्टर-79 में बनी सोसाइटी के आसपास के खली पड़ी लैंड है। जिसमें डंपरों के जरिए कचरा फेंका जा रहा है। यहां के निवासी ने बताया कि रात नौ बजते ही बड़ी संख्या में डंफर के जरिए सड़ा गला कचरा यहां लाया जाता है। जिसे इन खाली प्लाट में फेंका जा रहा है। इस प्लाट को अघोषित डंपिंग ग्राउंड में तब्दील कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में पहले कई बार ट्विट किया। जिसके बाद एक बार इस कचरे का हटाया गया। लेकिन दोबारा से यहां गंदगी और डंपर से कचरा लाकर डंप किया जा रहा है। आलम ये है कि इसकी बदबू से सोसाइटी के लोग



- प्राधिकरण अधिकारी बोले, लगाया जाएगा भारी भरकम जुर्माना
- एफआईआर दर्ज कर की जाएगी कार्रवाई

परेशान हो गए है। नोएडा में रोजाना करीब 900 मेट्रिक टन कचरा निकलता है। जिसे गाड़ियों के जरिए सेक्टर-145 में डंप किया जाता है। यहां इस कचरे को आरडीएफ में बदला जा रहा है। लेकिन सोसाइटी के पास कहा से कचरा चलाकर डंप किया जा रहा है। इसका जवाब प्राधिकरण के पास नहीं है। प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री ने बताया कि इस पूरे मामले को चेक कराया जा रहा है। साथ ही अगर ऐसा तो भारी भरकम जुर्माना लगाया जाएगा और एफआईआर दर्ज की जाएगी। बता दे जिस स्थान पर कचरे को डंप किया जा रहा है। उसके आसपास सेक्टर-78,79,75,76 है। वहां एक दर्जन से ज्यादा सोसाइटी और है। जिनमें हजारों की संख्या में फ्लैट है। फिलहाल प्राधिकरण की ओर से इस मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है। जल्द ही साफ-सफाई के साथ एक्शन भी लिया जाएगा।

## डीएम ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**ग्रेटर नोएडा/नोएडा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। गौतमबुद्ध नगर में सेकंड फेज में 26 अप्रैल को मतदान हो चुके है। यहां 15 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईवीएम में बंद हो चुका है। जिन्हें नोएडा के सेक्टर-82 के फूल मंडी में बने स्टॉग रूम में रखा गया है। चार जून को स्ट्रांग रूम खोले जाएंगे। इनकी तीन स्तरीय सुरक्षा के साथ यहां सीसीटीवी से 24 घंटे सर्विलांस की जा रही है। इसका निरीक्षण आज गौतमबुद्ध नगर के जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष वर्मा ने किया। उन्होंने स्ट्रांग रूम के बाहर लगी सुरक्षा को देखा। कंट्रोल रूम में पहुंचकर मॉनिटरिंग सेल को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरे बंद नहीं होने चाहिए एवं सीसीटीवी पर विशेष निगरानी रखी जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। फूल मंडी फेस-2 नोएडा में




- 24 घंटे सीसीटीवी से हो रही मॉनिटरिंग
- सुरक्षा बल को दिए सख्त निर्देश

तैनात सुरक्षाबलों से सुरक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी ली गई। बता दे गौतमबुद्ध नगर में कुल 53.66 प्रतिशत मतदान हुआ है। फूल मंडी में पांच विधानसभा क्षेत्र जिसमें नोएडा, दादरी, जेवर, सिकंदराबाद और खुर्जा की ईवीएम मशीन रखी है। यहां मतगणना के दिन सबसे पहले जेवर विधानसभा क्षेत्र की ईवीएम मशीनों के जरिए डाले गए वोट की काउंटिंग की जाएगी।

# एसीईओ ने एलिवेटेड का किया निरीक्षण निर्माण रफ्तार कम होने पर दिए निर्देश

**नोएडा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा में भंगेल एलिवेटेड का निर्माण किया जा रहा है। इस एलिवेटेड का निरीक्षण मंगलवार को प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री ने किया। निरीक्षण के दौरान उपमहाप्रबंधक (सिविल), वरिष्ठ प्रबंधक, वर्क सर्किल 8 व टीम कंस्ट्रक्शन कंपनी उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम के प्रोजेक्ट मेनेजर व टीम व पीएमसी सीएमईसी के संबंधित अधिकारी कार्यस्थल पर उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान एसीईओ को बताया गया कि वर्तमान में यहां कुल 165 लेबर कार्यरत है। उन्होंने कहा कि इसको बढ़ाकर रोजाना न्यूनतम 225 किया जाए। वर्तमान में भंगेल ऐलिवेटेड मार्ग के संरक्षण में इमारत के आने के कारण 145 पीयर कैप में से कुल 3 पीयर कैप का कार्य शेष है। जिसको पुन: डिजाइन कराते हुए 15 जून तक काम पूरा कर लिया जाएगा। एलिवेटेड में रोजाना कुल 1 से 2 बीम की कास्टिंग व लांचिंग का कार्य किया जा रहा है।

ये स्पीड कम होने पर एसीईओ ने स्पष्ट कहा कि रोजाना कम से कम 04 बीम की



कास्टिंग व लांचिंग की जाए। मंगलवार तक 90.00 मीटर तक की डेक स्लैब का कार्य ही पूर्ण किया जा सका है। जिसको बढाते हुए 510 मीटर प्रति माह तक किया जाए। विश्वकर्मा मार्ग के जंक्शन पर पीयर संख्या 59-60 पर स्टील गर्डर का कार्य शेष है, जिसको कार्यस्थल पर उचित व्यवस्था कराते हुए 15 जून तक पूरा किया जाए।

पीयर संख्या 10-11, 81-82 व 137-138 पर बॉक्स गर्डर का प्रावधान है। वर्तमान में पीयर संख्या 81-82 व पीयर संख्या 10-11 के बायी और के बॉक्स गर्डर का कार्य ही पूर्ण किया जा सका है। जिसके संबंध में उचित संख्या में लेबर व शट्रिंग की व्यवस्था करते हुए शेष कार्य पूरा किया जाए।

### एसीईओ ने शहर में सफाई का लिया जाएजा, दिए दिशा निर्देश

प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री ने जन स्वास्थ्य विभाग खण्ड-प्रथम के उद्योग मार्ग, झुंडपुरा, सेक्टर-11, 12, 55, 56, खोड़ा मार्ग, 62, 63, 70, 71 एमपी-3 मार्ग के सफाई कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में एसपी सिंह, उप महाप्रबन्धक (जन स्वास्थ्य), गौरव बसंल, परियोजना अभियन्ता के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि उक्त मार्गों में पड़ने वाले वेन्डिंग जोनों में डस्टबिन्स नहीं पाए गए। सभी वेन्डिंग जोनों में एक सप्ताह के अन्दर डस्टबिन्स लगाने के निर्देश दिए। इन मार्ग पर सेक्टरों में कई जगह सीएंडडी वेस्ट पड़ा हुआ था। जिसको उठाने के लिए सीएंडी संचालित कंपनी को निर्देशित किया गया कि वो तीन दिन में मलबा उठाए। नेहरू युवा केन्द्र, सेक्टर-11 के पास के सिंचाई नाले और सेक्टर-62 के समस्त नालों की सफाई एक सप्ताह के अंदर की जाए। सेक्टर-62 के मुख्य मार्ग, जेपी इंस्टीट्यूट एवं हनुमान मंदिर रोड पर गंदगी व कूड़े के ढेर पाये गए। ढ

## अतिरिक्त धनराशि का भुगतान करने की सहमति पर हो सकता है संपत्तियों का पंजीकरण

**नोएडा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में स्थित सुपरटेक लिमिटेड की छह लंबित आवास परियोजनाओं के लिए राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) द्वारा नियुक्त आईआरपी हितेश गोयल ने एक विवादास्पद प्रस्ताव रखा है। उन्होंने सुझाव दिया कि अगर घर खरीदार अपने अपार्टमेंट के लिए अतिरिक्त धनराशि का भुगतान करने पर सहमत होते हैं तो वे अपनी संपत्तियों का पंजीकरण करा सकते हैं। यह नोएडा प्राधिकरण को भूमि लागत का बकाया भुगतान होने के बाद ही संभव होगा। हितेश गोयल के अनुसार, नोएडा प्राधिकरण को भुगतान की जाने वाली अतिरिक्त राशि भविष्य में आवास परियोजनाओं को संभालने वाली फर्म को वापस कर दी जाएगी। हालांकि, कुछ घर खरीदार इस अतिरिक्त राशि का भुगतान करने में अनिच्छुक हैं क्योंकि उन्होंने पहले ही पूरी राशि का भुगतान कर दिया है।

**5,000 घर खरीदारों का मामला**

नोएडा प्राधिकरण ने कहा कि अगर आईआरपी के प्रस्ताव से घर खरीदारों पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ता है, तो वे इस पर विचार कर सकते हैं। छह परियोजनाओं में लगभग 5,000 घर खरीदार अपनी संपत्तियों के रजिस्ट्रीकरण और निर्माण पूरा होने का

- आईआरपी के इस प्रस्ताव से खरीदार पर भार न पड़े तो प्राधिकरण करेगा विचार
- सुपरटेक के 5000 होम बायर्स को फ्लैट और रजिस्ट्री का है इंतजार

इंतजार कर रहे हैं। हितेश गोयल के अनुसार, इन परियोजनाओं में बिना बिकी इकाइयां हैं जिन्हें बेचा जा सकता है और लगभग 8,000 करोड़ जुटाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित प्राधिकरणों से छूट मिलने पर वे रजिस्ट्रीकरण की अनुमति ले सकते हैं और घर खरीदारों की समस्याओं का समाधान हो सकता है।

**3 मई 2024 को अगली सुनवाई**

कुछ घरों के मालिकों ने प्रस्ताव का विरोध किया क्योंकि वे पहले ही अपनी संपत्ति की पूरी कीमत का भुगतान कर चुके हैं। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ.लोकेश एम ने कहा कि अगर बकाया राशि का भुगतान कर दिया जाता है तो वे नियमानुसार रजिस्ट्रीकरण की अनुमति दे सकते हैं। समाधान प्रक्रिया सुपरटेक की दिवाला समस्याओं को सुलझाने के लिए चल रही है। एनसीएलएटी 3 मई 2024 को इस मामले की अगली सुनवाई करेगी।


उवाच "

डेल्टा 2 की आरडब्ल्यूए सेक्टरों में मजदूर लोग जो फल सब्जी बेचकर अपना परिवार का पालन पोषण करने वाले लोग से जबरन 1000 रुपए प्रति रेहड़ी से तथा कबाड़ी से 30-40 हजार रुपए प्रतिमाह तक की उगाही की जा रही है जिससे सेक्टर वसियों को महंगे फल सब्जी खरीदनी पड़ रही है तथा बिना पहचान पत्र के कबाड़ियों के प्रवेश से सुरक्षा में सेंध लग रही हैं। अनिल भाटी ने जबरन वसूली करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत करके रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। **अनिल भाटी, रेजिडेंट सुधार समिति डेल्टा 2 अध्यक्ष, अधिवक्ता**



# उड़ान शुरू होने से पहले नोएडा एयरपोर्ट को सड़क मार्ग से जोड़ने की तैयारी

■ देवेंद्र सिंह



- **दिल्ली-मुंबई व यमुना एक्सप्रेस वे से एयरपोर्ट को जोड़ने का काम अंतिम चरण में**
- **दिल्ली व पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी प्रमुख शहरों को सीधी बस सेवा से जोड़ने की तैयारी**
- **नोएडा एयरपोर्ट से 30 सितम्बर तक विमानों के उड़ान भरने की तैयारी**

**ग्रेटर नोएडा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रथम चरण का निर्माण अंतिम चरण में है। रनवे बनकर तैयार हो गया है। आगामी सितम्बर माह से हवाई जहाजों की उड़ान होना प्रस्तावित है। ऐसे में एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी पर सबसे ज्यादा जोर दिया जा रहा है। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले एयरपोर्ट साइट पर कनेक्टिविटी को लेकर बैठक हुई थी। एयरपोर्ट तक रैपिड रेल, मेट्रो, लाइट रेल आदि परियोजनाओं के पूरा होने में 4 से 5 साल का समय लग सकता है। ऐसे में रोड कनेक्टिविटी का काम सबसे पहले पूरा किया जाना है। नोएडा एयरपोर्ट तक रोड मार्ग के जरिए पहुंचना सुगम हो सके, इसके लिए यमुना एक्सप्रेस वे की सर्विस रोड से एयरपोर्ट तक बनने वाली 700 मीटर लंबी रोड का निर्माण पूरा होने वाला है। साथ ही ईस्टर्न पेरिफेरल को यमुना एक्सप्रेस वे से जोड़ने के लिए जगनुपर- अफजलपुर के पास इंटरचेंज का निर्माण किया जा रहा है। वहीं दिल्ली- मुंबई एक्सप्रेस वे को यमुना एक्सप्रेस वे से जोड़ने के लिए एनएचएआई (नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया) द्वारा बल्लभगढ़ से दयानतपुर तक 31 किमी लंबे व 4 लेन के हाइवे का निर्माण भी किया जा रहा है। इसके लिए दयानतपुर के पास इंटरचेंज बनाया जा रहा है। माना जा रहा है कि 30 जून तक इंटरचेंज का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। इससे एयरपोर्ट की रोड कनेक्टिविटी मजबूत हो जाएगी। यीडा सिटी की 30 मीटर व 60 मीटर चौड़ी को भी कनेक्ट कर दिया जाएगा, ताकि लोग आसानी से एयरपोर्ट तक पहुंच सकें। रोड कनेक्टिविटी का काम पूरा हो जाने के बाद दिल्ली एनसीआर के किसी भी शहर से एयरपोर्ट तक आसानी से पहुंचा जा सकेगा।

### नोएडा एयरपोर्ट से विभिन्न शहरों के लिए चलेगी बस

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर से हवाई जहाजों की उड़ान शुरू होने के पहले दिन से ही दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी प्रमुख शहरों से एयरपोर्ट के लिए सीधी बस सेवा शुरू हो जाएगी। रोड कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए चल रहे निर्माण कार्य को 30 जून तक पूरा कर लिए जाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रथम चरण में 80 अत्याधुनिक बसों का संचालन किया जाएगा। बसें सरकारी होंगी या निजी आपरेटर की इस पर बातचीत चल रही है। बसों का संचालन उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग द्वारा किया जाएगा।

### जून तक यमुना एक्सप्रेस वे से जुड़ जाएगा एयरपोर्ट

नोएडा एयरपोर्ट को 15 जून तक ग्रेटर नोएडा से आगरा तक वाले यमुना एक्सप्रेसवे के साथ जोड़ दिया जाएगा। जिससे दिल्ली और आगरा जैसे शहरों से एयरपोर्ट की सीधी कनेक्टिविटी हो जाएगी। निर्माणकर्ता कंपनी ने बताया कि यमुना एक्सप्रेस वे से जोड़ने वाले इस हिस्से का 80 प्रतिशत काम हो चुका है बाकी को जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

### उत्तर मध्य रेलवे से भी जुड़ेगा एयरपोर्ट

उत्तर मध्य रेलवे नोएडा एयरपोर्ट को दिल्ली-हावड़ा और दिल्ली-मुंबई कॉरिडोर से जोड़ने के लिए 61 किमी का कारिडोर बनाएगा। इसमें चोला से जेवर तक की लंबाई 28 किमी होगी। सर्वे के मुताबिक यह कॉरिडोर एयपोर्ट परियोजना के बीच से गुजरेगा। अब इसमें बदलाव की तैयारी है। अब यह कारिडोर परियोजना के बाहर से या फिर अंडरग्राउंड बनाया जाएगा। इस पर उत्तर मध्य रेलवे अपनी रिपोर्ट तैयार करेगा।

# पूर्व सैनिकों की समस्या के निस्तारण को लेकर हुई बैठक




■ **सैनिकों को होने वाली समस्याओं को समय से किया जाए निस्तारण**

**ग्रेटर नोएडा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। पूर्व सैनिकों की समस्याओं का निस्तारण कराने एवं शासन द्वारा सैनिकों के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं का पात्र सैनिकों तक शत प्रतिशत लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. नितिन मदान ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बन्धु समिति की बैठक की अध्यक्षता की।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने बैठक में पूर्व सैनिकों की समस्याओं जैसे भूमि विकास, ग्राम की सड़कों की मरम्मत, जलभराव की समस्या, पुलिस, बैंक से ऋण, पेंशन, शिक्षा, आर्थिक अनुदान, रोजगार, स्वास्थ सेवाओं सम्बन्धी समस्या तथा अन्य समस्याओं का अनुश्रवण करते हुए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पूर्व सैनिकों की आज जो समस्या प्राप्त हुई है, उनका निस्तारण समयबद्धता के आधार पर करते हुए रिपोर्ट तैयार कर उपलब्ध करायें।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा सैनिकों के हितार्थ जो जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है, उनका व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करते हुए पात्र सैनिकों तक शत प्रतिशत लाभ पहुंचाने की कार्रवाई करें, ताकि जिले का कोई भी पात्र सैनिक योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र सिंह, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल कपिल कत्याल, कर्नल कपिल बक्शी, ऐडम कमांडेंट बाबूगढ़, एसीपी क्राइम अमित प्रताप सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी मनीषा आत्री, जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह, यमुना प्राधिकरण प्रबंधक कार्तिकेय जायसवाल आदि लोग मौजूद रहे।

# श्रीमती शकुंतला देवी प्रथम राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन

## प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित




**ग्रेटर नोएडा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। गलगोटियास विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ ने 'श्रीमती शकुंतला देवी प्रथम राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता' की मेजबानी की। इस कार्यक्रम में 22 राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में टीमों ने अपनी कानूनी कौशल और जटिल कानूनी मामलों की समझ का प्रदर्शन किया। फाइनल में आर्मी इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ, मोहाली की टीम प्रतियोगिता का विजेता बनी। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में न्यायमूर्ति इन्दिरा बनर्जी, सर्वोच्च न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश, न्यायमूर्ति पी.एस. धालीवाल, पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश, जो पंजाब राज्य उपभोक्ता निवारण आयोग के अध्यक्ष भी हैं। न्यायमूर्ति जे.आर. मिधा, पूर्व न्यायाधीश दिल्ली उच्च न्यायालय और इस कार्यक्रम में गलगोटिया यूनिवर्सिटी के चांसलर सुनील गलगोटिया भी शामिल हुए। न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी ने कानूनी पेशे में लैंगिक अंतर पर प्रकाश डाला और इसे पाटने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने प्रतियोगिता का नाम एक महिला के नाम पर रखे जाने की सराहना की और टीमों के प्रदर्शन की सराहना की। आर्मी लॉ स्कूल, मोहाली के विजेताओं, ध्रुव खंडूरी, प्रगति खांडेकर और विश्वांगिनी को विजेता ट्रॉफी के साथ 50,000 रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया, उपविजेता एलएलवाईओडी लॉ कॉलेज ग्रेटर नोएडा से सलोनी राजोरा, संस्कृति रावत और जाह्नवी तोमर को 30,000 रूपए का पुरस्कार दिया गया। इसके अतिरिक्त, सर्वश्रेष्ठ वक्ता और सर्वश्रेष्ठ स्मारक के लिए पुरस्कार प्रदान किए गए।

# आरडब्ल्यूए की उगाही से सेक्टरवासियों को मिलता है महंगा सामान

- **कमाई को लेकर आरडब्ल्यूए पर कब्जा जमाने की लगी रहती है होड़**
- **सेक्टर डेल्टा-दो के मामले को लेकर अधिकारियों से की गई शिकायत**

**ग्रेटर नोएडा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा के सेक्टरों में आरडब्ल्यूए के कमाई का जरिया है सेक्टर में सामान बेंचने वाले रेहड़ी पटरी वालें व कबाड़ियों से। शहर के आरडब्ल्यूए को सामान बेंचने वाले रेहडी व पटरी वालों के साथ कबाड़ियों से महीना बंधा हुआ है। विक्रेता हो या कबाड़ी वाला सभी को आरडब्ल्यूए को हर महीने देना पड़ता है, जिसकी पर्ची काटी जाती है। लोगों का आरोप है कि आरडब्ल्यूए की कमाई का सेक्टरवासियों को हिसाब नहीं मिलता है। सेक्टर डेल्टा-दो के मामले को लेकर पुलिस प्रशासन को ट्वीटर पर शिकायत की गयी है। रेजिडेंट सुधार समिति डेल्टा 2 के अध्यक्ष एडवोकेट अनिल भाटी ने बताया कि डेल्टा 2 की आरडब्ल्यूए सेक्टरों में मजदूर लोग जो फल सब्जी बेचकर अपना परिवार का पालन पोषण करने वाले लोग से जबरन 1000 रुपए प्रति रेहड़ी से तथा कबाड़ी से 30-40 हजार रुपए प्रतिमाह तक की उगाही की जा रही है जिससे सेक्टर वसियों को महंगे फल सब्जी खरीदनी पड़ रही है तथा बिना पहचान पत्र के कबाड़ियों के प्रवेश से सुरक्षा में सेंध लग रही हैं। अनिल भाटी ने जबरन वसूली करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत करके रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

# पशुओं को गर्मी से बचाने के लिए एडवाइजरी जारी

- **गर्म पानी से पशु पक्षियों को नुकसान**
- **पालतू पशुओं को नियमित रूप से नमक, संतुलित पशु आहार प्रति दिन दें**

**ग्रेटर नोएडा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। बढ़ती गर्मी के कारण इंसान के साथ पशु पक्षियों पर असर पर रहा है। गर्मी से बचने के लिए पशु चिकित्सा अधिकारी ने एडवाइजरी जारी किया है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी विपिन अग्रवाल ने बताया कि गर्मी बढ़ने पर शरीर में पानी की कमी हो सकती है। पानी शरीर का एक महत्वपूर्ण तत्व है। शरीर में पानी की कमी होने पर शरीर की क्रियाएं शिथिल पड़ जाती हैं। अत्यधिक कमजोरी महसूस होती है। भूख में कमी आती है। दुधारू पशुओं का दूध कम हो जाता है। गाभिन पशुओं में गर्भपात हो जाता है। पशुओं में स्ट्रेस का स्तर बढ़ता है, जिससे प्रतिरोधक क्षमता में कमी आती है। पशु पक्षियों को बुखार हो जाता है। समय पर पानी की पूर्ति न होने पर पशु निढाल हो जाता है और मृत्यु भी हो सकती है। इसलिए गर्मी से बचाव की व्यवस्था करना बहुत ही महत्वपूर्ण बिंदु है।

उन्होंने बताया गर्मी के समय आपको क्या सावधानी रखनी है यह प्रत्येक पशुपालक और आम व्यक्ति को इसकी जानकारी होनी चाहिए। तमाम ऐसे पशु है जो निराश्रित हैं उनके प्रति भी आपको दया का भाव रखना है। पक्षियों के लिए छत पर पानी की व्यवस्था कर सकते हैं। जो भी पानी रखें उसको आप समय-समय पर बदलते रहे और पानी को छायादार स्थान पर ही रखें। गर्म पानी पशु पक्षियों को नुकसान कर सकता है। यदि पशु पक्षी कमजोरी और थकान महसूस कर रहा हो, मुंह से लार टपक रही हो, उसके ह्रदय की गति बढ़ गई हो और वह निढाल पड़ गया हो तो यह लक्षण गर्मी से होने वाले हीट स्ट्रेस के लक्षण हो सकते है। तत्काल नजदीकी पशु चिकित्सा अधिकारी से संपर्क करें और इलाज कराये। पालतू पशुओं को नियमित रूप से नमक, संतुलित पशु आहार मिनरल मिक्सर प्रति दिन दें, इससे दुधारू पशुओं के दूध में कमी नहीं आएगी। पशुओं में स्ट्रेस नहीं होगा। स्ट्रेस आने से प्रतिरोधक क्षमता में कमी आ जाती है और विभिन्न प्रकार की बीमारियां होती है। जन सामान्य से अनुरोध है कि पशुओं के प्रति दया का भाव रखते हुए गर्मी और लू से बचाने के लिए उपरोक्त बताए गए उपायों को खुद करें और अन्य व्यक्तियों को जागरूक कर प्रेरित करें।

# सीआईएससीई जोनल एथलीट मीट में खिलाड़ियों ने किया प्रदर्शन



**ग्रेटर नोएडा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। सेंट जोसेफ स्कूल में दो दिवसीय सीआईएससीई जोनल एथलीट मीट का आयोजन किया गया। पहले दिन बालक वर्ग श्रेणी में अंडर 14, अंडर 17, अंडर 19 आयु वर्ग के लिए अलग-अलग तरह के खेलों का आयोजन हुआ। जिसमें 100 मीटर रेस, 200 मीटर, 600 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 3 किलोमीटर वॉक 3 किमी रेस 5 किलोमीटर वॉक, शॉट पुट, डिसकस थ्रो, जैवलिन, हैमर, लॉन्ग जं, हाई जंप, ट्रिपल जंप आदि खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। सभी गतिविधियां बालक एवं बालिका वर्ग के लिए समान रूप से आयोजित की गई। बालक वर्ग में सेंट जोसेफ स्कूल के हर्षित ने अंडर 19 श्रेणी हाई जंप में सेंट जोसेफ स्कूल के वंश मावी अंडर-19, 400 मीटर, सेंट जोसेफ स्कूल के जय नागर ने अंडर 17 श्रेणी में 800 मीटर और 1500 मीटर में बाजी मारी। बालिका वर्ग में 800 मीटर में विजयी रही श्रेया, माउंट कारमेल स्कूल की, 800 मीटर में जीसस एंड मैरी की वंशिका, 3 किलोमीटर वॉक में सेंट जोसेफ एकेडमी की गोरी, शॉट पुट में सेंट जोसेफ एकेडमी की सोनम, और लॉन्ग जंप में विजयी रही हैं नेहा शर्मा फातिमा कान्वेंट स्कूल से। पुरस्कार वितरण एवं राष्ट्रगान के साथ एस सीआई एससीई एथलीट मीट का समापन हो गया। समापन पर प्रधानाचार्य फादर ऑल्विन पिंटो ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी और उनके अच्छे खेल प्रदर्शन के लिए उन्हें सराहा तथा भविष्य में भी इसी भावना के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया।

# ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार के लिए किया गया प्रशिक्षित



**ग्रेटर नोएडा**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। केनरा बैंक की तरफ से संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) ने स्वरोजगार के ले नि:शुल्क 'ब्यूटी पार्लर प्रबंधन' का 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आरसेटी संस्थान में आयोजित किया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा प्रायोजित स्वयं सहायता समूह महिलाओं सहित कुल 35 महिलाओं को प्रशिक्षण एवं प्रमाण पत्र वितरित किया गया। सभी महिलाओं को रजनी भटनागर ने प्रशिक्षित किया। इसके अतिरिक्त सॉफ्ट स्किल की जानकारी संस्थान के निदेशक अनिल कुमार, फैकल्टी अजीत सिंह व अंकिता नागर ने दिया। प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विदुर भल्ला, अग्रणी जिला प्रबंधक, गौतमबुद्ध नगर उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरीत किया और उनकों उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम में अनुज कुमार, विवेक कुमार, स्वतंत्र कुमार, वीणा, ममता, चंचल, पीपली, मीनाक्षी, नीलम, अंजलि, किरण, सोनाली, गीता, लता, खुशबू आदि उपस्थित रहे।

# यमुना एक्सप्रेस वे पर नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



**जेवर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे के जेवर टोल प्लाजा पर मंगलवार को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत जेपी अस्पताल नोएडा के सहयोग से नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया तथा चालको को यातायात नियमों को लेकर जागरूक करते हुए नियमो का पालन करने की अपील की गई। जेवर टोल प्लाजा प्रबंधक जेके शर्मा ने बताया कि सड़क हादसों में कमी लाने व लोगो को जागरूक करने के लिए जेपी इंफ्राटेक द्वारा 22 अप्रैल से 4 मई 2024 तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत मंगलवार को जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड द्वारा जेपी अस्पताल नोएडा के चिकित्सा प्रभारी डॉ अमित कुमार के नेतृत्व में जेवर टोल प्लाजा पर नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। जिसमें फिजिशियन डॉ. परेश मिशर द्वारा 75 मरीजो की जांच, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप द्वारा 53 लोगो के नेत्रों की जांच, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. डीएस अगरकर द्वारा 46 लोगो की जांच व बीएमडी विशेषज्ञ डॉ. रोबिन कसाना द्वारा 70लोगो की जांच सहित कुल 244 चालकों और यात्रियों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। इस मौके पर चालको व यात्रियों को यातायात नियमो की जानकारी देते हुए लोगों से दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने, बड़े वाहन चलाने के दौरान सीट बेल्ट का उपयोग करने व वाहन को सही दिशा व लाइन में चलाने आदि नियमो का पालन करने की अपील की गई। इस दौरान लोगो को जागरूक करने के लिये पर्चे वितरित किए गए तथा ट्रैक्टर ट्रॉली, एलसीवी, ट्रकों, बसों आदि भारी वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप भी चिपकाया गया। इस मौके पर आ एसीपी सार्थक सेंगर, पवन कुमार एसीपी ट्रैफिक, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह चौहान, राजेश दीक्षित टीएसआई, यमुना एक्सप्रेस वे के जीएम ऑपरेशन वाईईपी कर्नल संदीप शर्मा, विशन श्यामा, विवेक शर्मा आदि मौजूद रहे।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# चाय फैक्ट्री में लगी आग, लाखों का नुकसान

**ग्रेटर नोएडा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्रेनो वेस्ट के इकोटेक-12 स्थित मास्टरब्लेंड इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड में मंगलवार सुबह आग लग गई। आग इतनी ज्यादा भीषण थी कि निकलने वाला धुआं कई किलोमीटर दूर से दिख रहा था। आग की सूचना लगने पर दमकल विभाग की 8 गाड़ियों ने साढ़े तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पर काबू पाया।

शुरुआती जांच में पता चला है कि सुबह के वक्त कंपनी बंद थी और शॉर्ट सर्किट के चलते आग लगी है। इस फैक्ट्री में चाय की पत्ती की पैकिंग होती है। ग्रेनो वेस्ट के इकोटेक 12 स्थित मास्टरब्लेंड इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड में सुबह लगभग 5 बजे आग लग गई। आग लगने की सूचना पर दमकल विभाग की 8 गाड़ियां मौके पर पहुंची। करीब साढ़े तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद फायर विभाग के लोगों ने आग पर काबू पा लिया। गनीमत थी फैक्ट्री में रखी हुई चायपत्ती तक ये आग नहीं पहुंची।

आग का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। सीएफओ ने बताया कि मंगलवार को ईकोटेक-12, ग्रेटर नोएडा स्थित चाय बनाने की कंपनी के विद्युत पैनल में शॉर्ट सर्किट से आग लगी। आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया है, कोई जनहानि नहीं हुई है।

# निर्माणाधीन बिल्डिंग से गिरकर महिला मजदूर की मौत

**ग्रेटर नोएडा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। बिसरख कोतवाली क्षेत्र में निर्माणाधी ला रेजिडेंशियल सोसायटी के 13 फ्लोर से गिरकर एक महिला की मौत हो गई। वह इस सोसाइटी में लेबर का काम करती थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बिसरख थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक युवती की पहचान गंगोत्री निवासी ला रेजिडेंशियल सोसायटी के रूप में हुई है। वह इसी सोसाइटी की एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में लेबर का काम करती थी। मंगलवार सुबह 13वें फ्लोर से गिरकर उनकी मृत्यु हो गई। बिसरख पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शाम तक परिजनों ने पुलिस को लिखित शिकायत नहीं दी।

# युवाओं को रोजगार देने के लिए लगेगा मेगा रोजगार मेला



- **दो दिवसीय फेस्ट में कई बड़ी कंपनियां होगीं शामिल**
- **दिल्ली एनसीआर के युवाओं को मिलेगा मौका**

**ग्रेटर नोएडा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। एचआईएमटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में दो दिवसीय मेगा जॉब क्वेस्ट एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कई बड़ी कंपनियां शामिल हो रही है। एचआईएमटी समूह के अध्यक्ष हेम सिंह बंसल ने प्रेस वार्ता में बताया कि अगामी 2 और 3 मई को रोजगार मेला जॉब क्वेस्ट एक्सपो का आयोजन हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य एक ही स्थान पर दिल्ली एनसीआर, उत्तर प्रदेश व निकट राज्यों के विद्यार्थियों को रोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध कराना है। बंसल ने कहा कि एचआईएमटी ग्रुप समूह विगत वर्ष से इस प्रकार के आयोजनों को करता आ रहा है जिनमें विभिन्न क्षेत्रों की अनेक कंपनियां हिस्सा लेती आयी हैं। इस मौके पर कार्यकारी निदेशक डॉ. विक्रांत चौधरी ने बताया कि अभी तक इक्कीस सौ से ज्यादा रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त हुए हैं। जिसमें आईटी, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, मार्केटिंग, बैंकिंग, फार्मास्युटिकल, बायोटेक्नोलॉजी, लीगल सर्विसेज और अन्य क्षेत्रों की तीस से अधिक कंपनियों ने इस मेगा जॉब फेयर में भाग लेने के लिए अपनी पुष्टि दी है। समूह निदेशक प्रो. (डॉ.) सुधीर कुमार ने कहा कि एचआईएमटी यह सुनिश्चित करेगा कि अधिकतम प्रतिभागियों के हाथ में नौकरी के प्रस्ताव हो। इस अवसर पर निदेशक प्रबंधन अध्ययन प्रो.(डॉ.)पंकज कुमार निदेशक फार्मेसी, प्रो.(डॉ.) अनुज मित्तल, प्रिंसिपल लॉ, प्रो.(डॉ.) त्रिभुवन अग्रवाल, प्रिंसिपल एजुकेशन, डॉ. मनोरमा शर्मा, एडमिन अधिकारी कविता चौधरी, एचओडी आईटी, नरेंद्र उपाध्याय, प्लेसमेंट प्रमुख-राजेश वाही, आईटी मैनेजर, भूपेन्द्र नागर मौजूद रहे।

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम वीरमपुर में उप जिलाधिकारी, जेवर द्वारा जारी परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 466/एस0टी0-एस0डी0एम0/2016, दिनांक 05.02.2023 से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र के अनुसार निम्न प्रकार मृतक श्री साहबजान उर्फ साबू पुत्र निवाज खां निवासी नगला हाण्डा माजरा कुरैब, परगना व तहसील जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 10.12.2015 के स्थान पर उनके वारिसान/सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विवाहित/ अविवाहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वीरमपुर | 362<br>352 | साहबजान उॅफ साबू पुत्र निवाज खां निवासी नगला हाण्डा माजरा कुरैब, परगना व तहसील जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर | अफलातून | पुत्र | 55 वर्ष | विवाहित |
| | | | | रहीस | पुत्र | 52 वर्ष | विवाहित |
| | | | | सईद | पुत्र | 50 वर्ष | विवाहित |
| | | | | नजर मौहम्मद | पुत्र | 45 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में लिखित रूप से दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व अन्य अनुमन्य लाभ हेतु दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

# { संपादकीय }

नई दिल्ली, बुधवार 01 मई 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## वैक्सीन के खेल का खुलासा

कोरोना काल में हुई असंख्य मौतों के बाद भी अकाल मृत्यु का सिलसिला रुक नहीं रहा है। लगभग रोजाना ऐसी खबरों से दो-चार होना पड़ रहा है, जिनमें कहीं कसरत करते हुए, कहीं नाचते हुए, कहीं कुर्सी पर बैठे-बैठे ही अच्छे-भले लगने वालों की मौत हो गई। ऊपरी तौर पर शरीर भले ही स्वस्थ दिखाई दे रहा हो, लेकिन भीतर न जाने एकदम से क्या होता है कि सीधे जान ही चली जाती है। डॉक्टर भी इन अकाल मौतों के बारे में कुछ स्पष्ट नहीं बता पा रहे हैं। लेकिन एक सामान्य धारणा बन रही है कि कोरोना से बचने के लिए जो वैक्सीन लगाई गई हैं, ये उसका साइड इफेक्ट यानी दुष्प्रभाव हो सकता है। हालांकि इसकी कोई पुष्टि अब तक नहीं हुई है। लेकिन इस बीच कोविड-19 के लिए वैक्सीन बनाने वाली ब्रिटेन की फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका ने माना है कि उनकी बनाई वैक्सीन के खतरनाक साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं।

सोमवार 29 अप्रैल को ब्रिटिश हाईकोर्ट में जमा किए गए दस्तावेज में कंपनी ने माना है कि उनकी कोरोना वैक्सीन से थ्रॉम्बोसिस थ्रॉम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम यानी टीटीएस हो सकता है। इस बीमारी से शरीर में खून के थक्के जम जाते हैं और प्लेटलेट्स की संख्या गिर जाती है, जो मस्तिष्क आघात या दिल के दौरे का कारण बन सकती है। हालांकि कंपनी का कहना है कि कम मामलों में ही ऐसे दुष्प्रभाव देखे गए हैं। इस भयावह खबर का एक खतरनाक पहलू यह भी है कि एस्ट्राजेनेका के फॉर्मूले पर ही भारत में सीरम इंस्टीट्यूट ने कोवीशील्ड नाम से वैक्सीन बनाई है। जिसे भारत में सबसे अधिक इस्तेमाल किया गया है। कम से कम 175 करोड़ लोगों ने इस वैक्सीन को लगवाया है।

भारत सरकार ने कोरोना वैक्सीन लगवाने की जबरदस्ती नागरिकों पर थोपी थी, क्योंकि वैक्सीन लगवाने का प्रमाणपत्र दिखाए बिना न सफर करने दिया जा रहा था, न शैक्षणिक संस्थानों, कार्यालयों में जाने दिया जा रहा था। प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर वाला प्रमाणपत्र लेकर लोगों को घूमना पड़ रहा था। उनके लिए शायद यह भी प्रचार करवाने का एक अवसर था। हालांकि अब कहा जा सकता है कि इसमें करोड़ों नागरिकों को गिनीपिग की तरह दवा कंपनियों के सामने पेश कर दिया गया। जिन पर कंपनियों ने अपनी वैक्सीन का परीक्षण किया। इसके बाद लोगों की जान अचानक चली जाए, तो भी इसकी जिम्मेदारी लेने वाला कोई नहीं है। क्योंकि सरकार को तो वैक्सीन बनवाने की वाहवाही लूटनी थी।

भारत में इस समय जो अकाल मौतें हो रही हैं, उसके पीछे क्या वैक्सीन जिम्मेदार है, और ऐसे कितने लोग हैं, जिनकी मौत का कारण कोविड वैक्सीन है, इसके कोई आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। लेकिन ब्रिटेन में एस्ट्राजेनेका की वैक्सीन की वजह से हुई मौतों या गंभीर बीमारियों के खिलाफ लोग अदालत गए और अब कंपनी के खिलाफ हाईकोर्ट में 51 केस चल रहे हैं। इन पीड़ितों ने एस्ट्राजेनेका से करीब 1 हजार करोड़ का हर्जाना मांगा है। सबसे पहले पिछले साल जेमी स्कॉट नाम के शख्स ने एस्ट्राजेनेका के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। जिस पर मई 2023 में स्कॉट के आरोपों के जवाब में कंपनी ने दावा किया था कि उनकी वैक्सीन से टीटीएस नहीं हो सकता है। लेकिन इस साल फरवरी में हाईकोर्ट में जमा किए दस्तावेज में कंपनी इस दावे से पलट गई। और अब पता चल रहा है कि एस्ट्राजेनेका की वैक्सीन से टीटीएस हो रहा है। हालांकि कंपनी ने उस बात को नकार दिया है कि इस वैक्सीन से कोई घातक बीमारी हो सकती है। एस्ट्रजेनेका का कहना है कि उन लोगों के प्रति हमारी संवेदनाएं हैं, जिन्होंने अपनों को खोया है या जिन्हें गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ा। मरीजों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। लेकिन इस प्राथमिकता या संवेदनशीलता के प्रदर्शन का अब क्या अर्थ जब लाखों-करोड़ों लोगों की जान पर बन आई है। अगर मरीजों का ख्याल वाकई कंपनी को होता तो पीड़ितों को हाईकोर्ट का दरवाजा नहीं खटखटाना पड़ता।

पीड़ितों को न्याय की उम्मीद अब अदालत से ही है। अगर ब्रिटिश कोर्ट कंपनी के खिलाफ फैसला देता है तो एस्ट्राजेनेका पर 255 मिलियन पाउंड यानी करीब 2671 करोड़ रुपये का जुर्माना लग सकता है। कंपनी को यह रकम वैक्सीन से पीड़ित लोगों या उनके परिवार के सदस्यों को मुआवजे के तौर पर देनी होगी। इस मुआवजे से मारे जा चुके लोगों को वापस तो लाया नहीं जा सकेगा, मगर शायद दवा कंपनियों को इस तरह के खिलवाड़ करने के खिलाफ चेतावनी जरूर मिल जाएगी।

कोरोना काल में दुनिया भर में आम जनता लगभग एक जैसी समस्याओं से ही घिर गई। लोगों के लिए स्वास्थ्य का संकट तो खड़ा हुआ ही, इसके साथ ही आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक तौर पर कई किस्म की मुसीबतें उन पर टूटीं, हालांकि इस दौर में सत्ता पर बैठे लोगों ने जमकर मनमानी की। लॉकडाउन के नाम पर निरंकुश शासन की छूट मिल गई और इस दौरान सत्ताधीशों और दवा कारोबारियों के बीच नए किस्म की सांठ-गांठ भी हुई। इसकी परतें अब धीरे-धीरे खुल रही हैं। भारत में कोवीशील्ड बनाने वाले अदार पूनावाला को इस वैक्सीन के कारण काफी मुनाफा हुआ। उनकी कंपनी ने 52 करोड़ रूपए के इलेक्टोरल बॉंड खरीदे, जिसका चंदा भाजपा को मिला। इसके बाद लंदन में अदार पूनावाला ने 14 सौ करोड़ रूपयों का आलीशान बंगला खरीदा। अदार पूनावाला की नरेन्द्र मोदी के साथ तस्वीरें भी काफी चर्चित रहीं।

इसी तरह एस्ट्राजेनेका की वैक्सीन की लॉन्चिंग के वक्त ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने इसे ब्रिटिश साइंस के लिए एक बड़ी जीत बताया था। लेकिन अब खबर है कि इस वैक्सीन का इस्तेमाल ब्रिटेन में नहीं हो रहा है। ब्रिटेन के अखबार टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक, बाजार में आने के कुछ महीनों बाद वैज्ञानिकों ने इस वैक्सीन के खतरे को भांप लिया था। इसके बाद यह सुझाव दिया गया था कि 40 साल से कम उम्र के लोगों को दूसरी किसी वैक्सीन का भी डोज दिया जाए। ऐसा इसलिए क्योंकि एस्ट्राजेनेका की वैक्सीन से होने वाले नुकसान कोरोना के खतरे से ज्यादा थे। अब उन खतरों को एस्ट्राजेनेका ने हाईकोर्ट में कबूल कर लिया है।

ब्रिटेन में तो शायद पीड़ितों को न्याय मिल जाएगा। मगर भारत में क्या ऐसा हो पाएगा। क्या यहां पीड़ितों को कभी मुआवजा मिल पाएगा। क्योंकि सरकार ने तो पीड़ितों के नाम पर बने पीएम केयर्स फंड की जानकारी तक देने से इंकार कर दिया है।

# चार सौ पार की फांस

अगर इस चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चार सौ पार के नारे को चुनाव का मुख्य स्वर बनाने के बाद भी पहले दो चरण के मतदान में गिरावट और उत्साहहीनता के विश्लेषण के क्रम में बहुत सारे लोगों को 2004 चुनाव के पहले के 'इंडिया शाइनिंग' का नारा याद आता है तो यह कोई हैरानी की बात नहीं है। तब भी कई राज्यों की विधान सभा चुनावों में भाजपा जीती थी, जीडीपी के आंकड़े बड़े चमकीले बताए जा रहे थे और यह लग रहा था कि भाजपा-एनडीए को अगर कुछ सीट काम पड़े तो मुलायम सिंह और शरद पंवार जैसे लोग समर्थन के लिए तैयार हों ही जाएंगे-ज्यादा से ज्यादा सौदेबाजी में कुछ अधिक दाम चुकाना हो। हम जानते हैं कि उस चुनाव में बहुत ही कमजोर कांग्रेस और ठीक से हिन्दी भी न बोल पाने वाली सोनिया गांधी ने इंडिया शाइनिंग की हवा निकाल दी थी। कांग्रेस भाजपा से आगे भी निकल गई थी। पर इस तुलना को ज्यादा आगे बढ़ाने का कोई मतलब नहीं है। तब के प्रमोद महाजन, जेटली, आडवाणी जी, जोशी जी जैसे भी कुशल मैनेजर थे लेकिन मोदी-शाह की जोड़ी न थी। इस जोड़ी द्वारा तय सीटों का लक्ष्य कई बार चुनावी अर्थात हार या जीत, पूरा होने या न होने वाला भी साबित हुआ है लेकिन इस बार विपक्ष को जिस स्थिति में ला दिया गया है, राहुल गांधी और सारे विपक्षी नेताओं की छवि को जिस तरह ध्वस्त किया गया है और भाजपा हर मामले में लीड की स्थिति से शुरूआत कर रही थी, उससे यह तुलना ज्यादा मतलब की नहीं है।

और तुर्रा यह है कि मोदी जी ही एजेंडा सेट करते हैं, अपनी ही पार्टी नहीं बाकी पार्टियों को चलाते दिखते हैं और लगभग अधिकांश विपक्षी नेताओं को उन्होंने किसी न किसी तरह से घेर लिया है। दर्जन भर मुख्यमंत्रियों/पूर्व मुख्यमंत्रियों से दलबदल कराने के बाद लगभग सारी पार्टियों में टूट-फूट कराई जा चुकी है। कई राज्यों में भाजपा के अंदर मुख्य नाराजगी इसी बात की हो गई है कि सारे महत्वपूर्ण स्थानों से दलबदलुओं को टिकट दिए गए हैं और सामान्य स्थिति में चुनाव जितवा देने वाले अनेक मुद्दे भाजपा की झोली में हैं। मोदी की गारंटी ही सबसे प्रबल स्वर दिखने लगा था। दूसरी तरफ विपक्ष है अब तक न एक संगठन, न एक मोर्चा, न एक साझा न्यूनतम कार्यक्रम, न एक नेता की तरफ बढ़ने का होश ही नहीं है। क्योंकि हर दल और प्रदेश में टूट-फूट का क्रम अभी भी जारी है और इसमें नेताओं के नाराज होने और पार्टी से अलग कराने के लिए भाजपा के उकसावे या प्रलोभन की भी जरूरत नहीं है। विपक्षी एकता का इंडेक्स आगे बढ़ रहा है या पीछे जा रहा है, इसकी सुध लेने की भी फुरसत नहीं है।


अरविन्द मोहन

> सोशल मीडिया के परदों के भीतर चलाने वाले खेल को समझने और जानने वालों का दावा है। असल में अभी मोदी समर्थकों के इस विशाल समूह में खुद ही दो फाड़ होने का खतरा है-'ट्रेड्स' और 'रायताज' जैसे नाम वाले खेमों। ट्रेड्स मतलब अत्यधिक परंपरावादी-कट्टरपंथी और 'रायताज' का मतलब जरा मिलावट की वकालत करने वाले।

लेकिन दो कार्यकाल पूरा होने और अच्छे दिन लाने या बालाकोट जैसी घटना जैसा केन्द्रीय मुद्दा न होने से सारी तैयारी बेअसर होती लगती है। मोदी की गारंटी पर जिसको भरोसा है उसको है और जिसको नहीं है उसको होता नहीं दिखता। मतदाताओं में तो उत्साह नहीं ही है, कार्यकर्ताओं में उससे भी ज्यादा उत्साहहीनता है। मतदान की कमी के पीछे ये कारण हो सकते हैं। दूसरी तरफ विपक्ष के पास संगठन और कार्यकर्ताओं की पर्याप्त फौज भी नहीं है तो आप उस तरफ की हवा होने का दावा भी नहीं कर सकते। चुनाव प्रो-मोदी, एंटी मोदी ही है। प्रो राहुल, प्रो अखिलेश, प्रो तेजस्वी तो नहीं ही है। और जिन मुसलमानों के मोदी-विरोधी और हर स्थिति में पहले भाजपा को सारा सकने वाले उम्मीदवार को तलाशने की उत्सुकता तो है लेकिन उनमें भी पहले की तरह उत्साह से चुनाव में वोट डालने की रिपोर्ट नहीं है। भाजपा का हो या उसके सभी सहयोगी दलों का लगभग हर उम्मीदवार मोदी के नाम के सहारे है। सिर्फ उनकी सभाओं और रोड शो की मांग हो रही है। अकेले मोदी जितना कर सकते हैं उतना कर रहे हैं पर हर मीटिंग की हर कुर्सी भरवाना उनका काम नहीं हों सकता।

ऐसे आयोजनों से लेकर मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाना कार्यकर्ताओं का काम है। और यह कहना पर्याप्त नहीं है कि चार सौ पार के नारे से झलकते अति आत्मविश्वास के चलते वे सुस्त पड़ गए हैं कि हमारे न सक्रिय होने पर भी पार्टी जीत ही जाएगी। उनमें पुराने या बार-बार रिपीट होने वाले उम्मीदवारों को लेकर एक नाराजगी है तो नए (और दूसरे दलों से लाकर मैदान में उतारे) उम्मीदवारों से ज्यादा नाराजगी है। मतदाता भी एक सीमा से ज्यादा सरकार गिराने, नेता तोड़ने, विपक्ष की घेरेबंदी को लेकर हैरान है तो कार्यकर्ता भी। लेकिन संघ के लोग और मोदी भक्तों का यह स्वभाव नहीं है। वे हर हाल में जुटते हैं और बिहार विधान सभा या इससे पहले के मध्य प्रदेश चुनाव (2018 वाला) में भाजपा के कार्यकर्ताओं और मैनेजरों ने हारती बाजी पलटी थी। ऐसा कई बार हो चुका है और इस बार भी पहले दौर की तुलना में दूसरे दौर में मतदान का बढ़ाना यह बताता है कि संघ परिवार और मोदी भक्त जोर लगा रहे हैं- संभव है कुछ जोर विपक्ष के मरियल संगठन में पहले दौर की उत्साहवर्द्धक रिपोर्ट से भी आई हो।

सोशल मीडिया के परदों के भीतर चलाने वाले खेल को समझने और जानने वालों का दावा है। असल में अभी मोदी समर्थकों के इस विशाल समूह में खुद ही दो फाड़ होने का खतरा है-'ट्रेड्स' और 'रायताज' जैसे नाम वाले खेमों। ट्रेड्स मतलब अत्यधिक परंपरावादी-कट्टरपंथी और 'रायताज' का मतलब जरा मिलावट की वकालत करने वाले। और इन्हीं जानकारों का मानना है कि खुद मोदी जैसे लोग रायताज वाले वर्ग में आटे गए हैं क्योंकि उन्हें साध्वी और अनंत हेगड़े जैसों के पक्ष में खड़ा होने का साहस नहीं बचा है। और इन जमातों की बहस से अंदाजा लगता है कि अंदर ही अंदर भारी उथल-पुथल है और इसमें संघ का लगभग पूरा शीर्ष भी रायताज गिना जाने लगा है। अगर भागवत भी आरक्षण और मुसलमानों के पक्ष में बोलने को 'मजबूर' हों तो उनको भी हमले झेलने के लिए तैयार रहना होगा। पर अनाम या छद्मनाम लोगों के बीच चलने वाली इस गोपनीय सोशल मीडिया की चर्चा आम कार्यकर्ताओं के बीच की अनिश्चितता, दोचित्तापन और उदासीनता के मूल को बताती है और बाहर हर चीज मैनेज करने में सक्षम मोदी जी और उनके सहयोगी इस चीज का प्रबंधन कर कर पाएं यह हैरानी की बात है। यह भी मानी कि यह मैनेज हों सकने वाली चीज है। इसलिए चार सौ पार के नारे को फांस ही नहीं मानिए।

# बड़े पैमाने पर सोने का आयात रुपये की गिरावट का कारण

■ नन्तू बनर्जी

2014 से 2023 के बीच भारत का सोने का आयात 638 टन से बढ़कर 780.7 टन हो गया था। देश में 24कैरेट प्रति 10 ग्राम के आधार पर गणना की गयी सोने की कीमत इस दौरान क्रमशः 28,000 रुपये से बढ़कर 73,750 रुपये हो गयी। भारतीय रुपये का विनिमय मूल्य मई 2014 में 59.90 रुपये से गिरकर अप्रैल, 2024 में 83.32 रुपये हो गया।

लंबे समय से भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सोना आयातक रहा है। भारत के अमीर हमेशा अपने धन की सुरक्षा के लिए सोने का सहारा लेते हैं। सोने की ऊंची मांग अमीरों के बीच रुपये की कम मांग से जुड़ी है। अमीर भारतीयों के पास रुपये में भारी अतिरिक्त संपत्ति है। देश की शीर्ष एक प्रतिशत आबादी के पास इसकी 40प्रतिशत संपत्ति है। किसी भी अन्य संपत्ति की तरह, मुद्रा का मूल्य उसकी मांग और आपूर्ति से निर्धारित होता है। भारत के अमीरों के पास रुपए की भरमार है। उनके लिए, कागजी मुद्रा की तुलना में सोना कहीं अधिक वांछनीय संपत्ति है।

> लंबे समय से भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सोना आयातक रहा है। भारत के अमीर हमेशा अपने धन की सुरक्षा के लिए सोने का सहारा लेते हैं। सोने की ऊंची मांग अमीरों के बीच रुपये की कम मांग से जुड़ी है। अमीर भारतीयों के पास रुपये में भारी अतिरिक्त संपत्ति है। देश की शीर्ष एक प्रतिशत आबादी के पास इसकी 40प्रतिशत संपत्ति है।

स्टॉक और रियल एस्टेट में निवेश देश के अमीरों की भारी कमाई को सुरक्षित रखने के अन्य लोकप्रिय तरीकों में से एक है। इससे पता चलता है कि क्यों सोने की मांग हमेशा रुपये की मांग से अधिक रही है। विडंबना यह है कि प्रति व्यक्ति आय के मामले में भारत दुनिया के सबसे गरीब देशों में से एक है। आईएमएफ वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक के अनुसार, 2024 में भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी (नाममात्र) मौजूदा कीमतों पर 2,848 अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है, जिससे भारत 195 वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में से 143वें स्थान पर है। देश के शीर्ष एक प्रतिशत की आय हिस्सेदारी दुनिया में सबसे अधिक है, केवल पेरू और यमन जैसे कुछ छोटे देशों से पीछे है।

सामान्यतः राष्ट्रीय मुद्रा के मूल्य को प्रभावित करने वाले कारक हैं: मुद्रा की मांग और उसकी आपूर्ति; ब्याज दर; आर्थिक प्रदर्शन; मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति; जीडीपी बढ़त; बेरोजगारी की दर; राष्ट्रीय ऋण; और राजनीतिक स्थिरता। जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, अमीरों के बीच भारतीय रुपये की मांग कम है, जो रुपये के स्टॉक सहित देश की संपत्ति का सबसे बड़ा नियंत्रक है। भारतीय रुपये की आपूर्ति अमीरों के बीच इसकी मांग से कहीं अधिक है। गरीबों के बीच रुपये की मांग है और आपूर्ति में कोई कमी नहीं है।

ब्याज दरें एक मुद्दा हैं। वे विनिमय दरों के महत्वपूर्ण निर्धारक हैं। जब ब्याज दरें अधिक होती हैं तो मुद्रा का मूल्य बढ़ जाता है क्योंकि निवेशक हमेशा अधिक रिटर्न अर्जित करने के लिए सर्वोत्तम दरों की तलाश में रहते हैं। कई वर्षों से, भारत में ब्याज दरें मुद्रास्फीति दर से भी कम रही हैं। बढ़ती जीडीपी के बावजूद देश का आयात-आधारित आर्थिक प्रदर्शन शायद ही प्रभावशाली है। सोने और हीरे की आयात लागत, ज्यादातर व्यक्तिगत उपयोग के लिए, पेट्रोलियम के बाद दूसरी सबसे अधिक है। भारत जैसे आम तौर पर गरीब देश के लिए यह बिल्कुल हास्यास्पद है। सरकार को सोने के आयात में कटौती करके अमीर और उच्च मध्यम वर्ग को नाराज करने का डर लग रहा है।

मूल्य मुद्रास्फीति भी नियंत्रण में नहीं है क्योंकि मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए ब्याज दर निर्धारण का निर्णय अक्सर आर्थिक औचित्य की तुलना में मुख्य रूप से स्थानीय बड़े व्यापारिक घरानों को खुश करने के लिए राजनीतिक दबाव में लिया जाता है। यह और बात है कि सरकार-नियंत्रित बैंकों से बड़े पैमाने पर फंड उधार लेने वाले भी बड़े ऋण अपराधी हैं। सरकार सीखने से इनकार करती है। यह शायद ही कभी बड़े सोने के आयातकों और मुंबई स्थित बुलियन मर्चेंट्स एसोसिएशन को नाराज करना चाहता है, जो विश्व स्वर्ण परिषद के साथ उत्कृष्ट तालमेल का आनंद लेने के लिए जाना जाता है।

देश अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए पर्याप्त रोजगार पैदा करने में भी विफल रहा है। कम बेरोजगारी एक मजबूत अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण संकेतक है जो किसी देश की मुद्रा की मांग को बढ़ाती है। उच्च बेरोज़गारी कमज़ोर अर्थव्यवस्था को दर्शाती है। जबकि ब्याज दरें विनिमय दरों के सबसे महत्वपूर्ण निर्धारकों में से हैं, बड़े सार्वजनिक ऋण वाले देश भी विदेशी निवेशकों के लिए कम आकर्षक हैं। उच्च ब्याज दरें उच्च विदेशी पूंजी प्रवाह को आकर्षित करती हैं जिससे मुद्रा की मांग अधिक हो जाती है और मूल्य बढ़ जाता है। बड़े सार्वजनिक ऋणों के परिणामस्वरूप अक्सर मुद्रास्फीति होती है।

देश के समग्र आर्थिक परिदृश्य को देखते हुए, जो सरकार के लंबे-चौड़े सार्वजनिक दावों के बावजूद पिछले कुछ वर्षों में ज्यादा नहीं बदला है, भारत के अमीरों ने, जिनके पास काफी धन है, अपनी अतिरिक्त नकदी संपत्ति को सोने में बदलने का आसान विकल्प चुना है। सोने की कीमत उनके लिए ज्यादा मायने नहीं रखती। 20 अप्रैल को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना (99.9 फीसदी) की कीमत 74,870 रुपये पर पहुंच गयी। सोने में लगातार बड़ा निवेश भारतीय रुपये के मूल्य में और गिरावट ला रहा है। मजबूत मांग के कारण, पिछले साल अप्रैल-दिसंबर के दौरान भारत में सोने का आयात पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 26.7 प्रतिशत बढ़कर 35.95 बिलियन डॉलर हो गया। अकेले दिसंबर में, कीमती पीली धातु का आयात 156.5 प्रतिशत बढ़कर 3 बिलियन डॉलर हो गया। स्विट्जरलैंड सोने के आयात का सबसे बड़ा स्रोत बना हुआ है, जिसकी हिस्सेदारी लगभग 41 प्रतिशत है। इसके बाद संयुक्त अरब अमीरात, दक्षिण अफ्रीका, पेरू और घाना हैं।

दिलचस्प बात यह है कि भारत में वर्तमान सरकार के तहत पिछले 10 वर्षों में रुपये का प्रचलन सोने का आयात विस्तार के साथ काफी बढ़ गया। 2013-14 में सोने का आयात 638 मीट्रिक टन रहा। पिछले साल पीली धातु का आयात 800 टन तक पहुंच गया था। पिछले पांच वर्षों में सोने की मांग 700 से 800 टन के बीच रही। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के भारतीय परिचालन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पी.आर. सोमसुंदरम के अनुसार, इस साल मांग 800 से 900 टन के बीच बढ़ने की उम्मीद है। जहां तक भारतीय रुपये के विनिमय मूल्य का सवाल है तो यह अच्छी खबर नहीं हो सकती है। 27 अप्रैल को विनिमय दर एक अमेरिकी डॉलर के लिए 83.355 रुपये तक पहुंच गयी। बहुत कुछ वर्तमान संसदीय चुनाव के परिणाम पर निर्भर करेगा लेकिन अनुमान है कि चालू वर्ष 2024 के अन्त तक सोने की कीमत में और वृद्धि हो सकती है और भारतीय रुपये का विनिमय मूल्य 95 रुपये के करीब गिर सकता है। आईएमएफ द्वारा 2024-25 के दौरान भारत के लिए 6.8 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि का अनुमान अकेले भारतीय रुपये की गिरावट की यात्रा को रोकने में सक्षम नहीं होगा।

## मजदूर दिवस

### मकान, फ्लैट, अपार्टमेंट के सृजक हैं मजदूर

अगर इस दुनिया में मजदूर का नामोनिशॉ न होता।
फिर न होता हवा- महल और न ही ताज महल होता।।

मजदूरों की अहमियत को यह दुनिया न समझ रही हो ऐसा नहीं है, किंतु उन्हें सम्मान देने में लोगों को अपना अपमान लगता है! इसी गलत धारणा के चलते भगवान विश्वकर्मा के वंशज दोराहों पर छोड़े जा रहे हैं। हम जिन सुंदर घरों की चार दीवारी में आरामदायक कुर्सियों और गद्देदार सोफों में बैठकर ए सी की शीतल हवा का आनंद ले रहे हैं, वह भी इन्हीं मजदूरों के पसीनों की कहानी गढ़ते हैं। मजदूरों का पसीना हमारी हर भौतिकतावादी खुशी में छलक-छलक कर उनकी मेहनत की तस्वीर हमारे समक्ष लाता रहा है। ऐसे ही मजदूरों के सम्मान में मई 1986 से मजदूर दिवस की शुरुआत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुई। उस समय अमेरिका के शिकागो शहर में मजदूरों ने लंबा आंदोलन चलाया था जो एक प्रकार से उनके शोषण के खिलाफ था। मजदूरों से 16-16 घंटे काम लिया जाता था। मानवीय समाज को यह स्वीकार करना होगा कि दुनिया की सभी प्रकार की आर्थिक, राजनैतिक, सामाजिक उन्नति का आधार केवल मजदूरों के कंधों पर टिका होता है। मानवीय समाज में जीवनयापन कर रहा मजदूर परिवार अपना श्रम कम से कम कीमत पर बेच रहा है। बावजूद इसके यह वर्ग बिना किसी चिंता के चैन की नींद सोता है। मजदूरों की जिंदादिली पर नामचीन शायर मुन्नवर राणा लिखते हैं-

सो जाता है फुटपाथ पर अखबार बिछाकर,
मजदूर कभी नींद की गोलियां नहीं खाता।

मजदूरों की स्थिति न सुधरने के पीछे जो कारण दिखाई पड़ रहे हैं, वे मजदूरों की कमजोरी के रूप में ही है। न तो दुनिया के मजदूर एक हो पाए और न ही उनकी समस्याएं दूर हो पाई। हम देख रहे हैं कि वे एक मजदूर के रूप में जन्म लेते हैं और इसी रूप में इस दुनिया से विदा हो जाते हैं। जब तक सांस रही वे एक स्थान से दूसरे स्थान को भागते रहे। उनका कोई व्यापक संगठन न बन सका, जो उनके हित में आवाज उठा सके। मजदूर होना उस नियति को प्राप्त होना है, जहां न उनके लिए कोई सम्मान है और न ही सहानुभूति। दया का भाव तो दूर-दूर तक दिखाई नहीं पड़ता है। ये वही मजदूर हैं जिन्होंने कभी कोई मकान, फ्लैट या अपार्टमेंट में अपना पसीना बहाया होगा। आज उसी मजदूर को वहां रहने वाले पहचानते भी नहीं हैं। गला तर करने के लिए कोई दो घूंट पानी भी देने को तैयार नहीं। अपनी जड़ों को खो चुके मजदूर न गांव के हो पाते हैं और न ही शहर या महानगरों के। मजदूरों का पुनर्वास कैसे हो? कैसे उन्हें नियमित रोजगार से जोड़ा जाए? कैसे वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें? आज ये सभी सवाल बड़ी समस्या के रूप में खड़े हैं। देखा जाए तो समाज के सभी वर्गों की तुलना में सबसे अधिक मेहनत करने वाला मजदूर आज सबसे अधिक बदहाल स्थिति में है। मजदूरों के हक में हर सरकार उन्नयन की योजनाएं बनती हैं किंतु जब उन्हें अमलीजामा पहनाने का वक्त आता है तब वही सरकारें यहां-वहां ताकने लगती हैं।

आजादी के इतने वर्षों बाद भले ही देश में बहुत कुछ बदल चुका है, किंतु मजदूरों के हालात आज भी नहीं बदले हैं। तब सवाल उठता है कि मजदूर वर्ग, मजदूर दिवस क्यों और कैसे मनाए? बढ़ती मंहगाई और पारिवारिक जिम्मेदारियों ने मजदूरों के उत्साह की होली जला डाली है। अब मजदूर दिवस महज कागजी रस्म बनकर रह गया है। न तो उन्हें रहने के लिए स्वच्छ वातावरण मिल पा रहा है और न ही पीने के लिए स्वच्छ पानी। शहर के किसी गंदे नाले के आस-पास बसने वाली झोपड़-पट्टियों में रहने वाले मजदूर नारकीय जीवन जीने विवश किए जा रहे हैं। हर बार मजदूर दिवस पर सरकारें मजदूरों के हित की योजनाओं के बड़े-बड़े विज्ञापन जारी करती हैं। इन विज्ञापनों में मजदूरों के हितों की बहुत सी बातें लिखी होती हैं। आश्चर्य तब होता है जब एक भी बात पर सरकार का अमल दिखाई नहीं पड़ता।

**सूर्यकांत मिश्रा**

## आपके पत्र

### हरचंद कोशिश हो, ये सूरत बदलनी चाहिए!

शोषण की जितनी इबारतें आज के दौर में लिखी गई हैं वे अप्रत्याशित नहीं है। इससे पहले भी हिटलरशाही जब चरम पर पहुंची थी तब जनता ने आगे बढ़कर उसे ठिकाने लगाया है। अभी भी मई दिवस आते ही ना जाने क्यों हाथ की मुट्ठी तनने लगती है गर्मजोशी से नारे लगाने का मन करने लगता है। कितनी ही फासिस्ट सरकारें दुनिया में आईं और गईं। मई दिवस हमें यह याद दिलाता है कि मज़दूर और किसानों की एकजुटता की ताकत ने मिलकर उन्हें टिकने नहीं दिया है। मई दिवस उन्हें सलाम करने का दिन है।

आज तो सर्वहारा वर्ग का प्रतिशत दुनिया में इतना बढ़ रहा है कि कुल आबादी का तकरीबन 91से लेकर 94 प्रतिशत के लगभग लोग अपना सब कुछ पूंजीवादी ताकतों को सौंप चुके हैं। अफ़सोस इस बात का है कि इतनी बड़ी तादाद में अवाम इस स्थिति में कैसे और क्यों पहुंची तथा इसे बचाने के अब क्या तौर तरीके हो सकते हैं?

एक बात तो जग जाहिर है इस दिक्कत के दौर में आज भी प्रतिरोध वाले आंदोलन जारी हैं वे थमे, रुके नहीं हैं। उनकी भले संख्या कुछ कम नज़र आए लेकिन जनमानस में चिंगारी मौजूद है उनको कुशल नेतृत्व देने वाले लोगों की आज सख्त ज़रूरत है वरना मई दिवस रस्मी तौर पर ही मनता रहेगा, उसकी महत्ता जाती रहेगी।

हालांकि सर्वहारा समाजशास्त्र, राजनीति और अर्थशास्त्र में समाज की नीचे वाली श्रेणियों को कहा जाता है, जो अक्सर शारीरिक श्रम से जीवन चलाते हैं। औद्योगिक समाजों में अक्सर कारख़ानों में काम करने वाले मज़दूरों को च्प्रोलिटेरियट ?ज्कहा जाता था लेकिन कभी-कभी कृषकों और अन्य ग़रीब मेहनत करने वाले लोगों को भी इसमें शामिल किया जाता रहा है। आज स्थित बहुत विकट है। सरकारें परोक्ष रुप से कारपोरेट के हाथ में अपनी तमाम जिम्मेदारियां सौंपती जा रही हैं उनका ये कहना कि पुराना कारोबार घाटे में जा रहा है इसलिए मुनाफे के लिए इसे बेचा जा रहा है ये सरासर झूठ है अब तक भारत में जितने संस्थान बेचे गए हैं उस विक्रय में सरकार को घाटा ही हुआ है। ये सरकार ढाल बनकर पूंजीवादी ताकतों को खड़ा कर रही है। विपक्ष की कमज़ोर स्थिति, मीडिया का गैर जिम्मेदाराना रुख तथा बिकाऊ पत्रकारिता ने भारतवासियों के हक पर डाका डालने वालों का पुरजोर विरोध ना होने की वजह से आहिस्ता आहिस्ता भारतीय अर्थव्यवस्था बहुत कमज़ोर होती जा रही है।

जिसकी वजह से निजी संस्थानों में होते शोषण की तरह अब सरकारी संस्थान, बैंक, बीमा जैसे क्षेत्रों में शोषण अपने चरम पर पहुंच गया है। उच्च वर्ग के अधिकारियों को छोड़कर तमाम मध्यम और निम्न स्तरीय कर्मचारी गहरे असंतोष के बावजूद भयानक रूप से शोषित हैं। ये सब अब सर्वहारा वर्ग की स्थिति में आ गया है। कहने का आशय यह है कि मज़दूर के साथ किसान, छोटे व्यवसायीगण, तमाम शासकीय अशासकीय कर्मचारियों का वर्तमान तो गहरे संकटों से जूझ रहा है भविष्य का तो कुछ अता पता ही नहीं है।

पूंजीवादी तौर तरीकों पर चलने वाली भारत सरकार को ना मंहगाई की चिंता है और ना ही बड़ी संख्या में तैयार पढ़ें लिखे बेरोजगारों की। स्वास्थ्य और शिक्षा की स्थिति बदहाल है। देश को स्वस्थ और समर्थ बनाने वाले संस्थान अब निजी दूकान बन गए हैं। आत्मनिर्भर भारत के सपने बिखेरती सरकार ने लोगों को इस तरह तोड़ कर रख दिया है कि वे अब अपना छोटा व्यवसाय भी चलाने की स्थिति में नहीं है चलाएंगे वे ही लोग जो देश की लूट में शामिल हैं और देश को खरीद रहे हैं। वे रोजगार देंगे वहीं मन माफिक मजदूरी देंगे। विरोध की कोई गुंजाइश भी नहीं रहेगी यानि करना है तो करो वरना करोड़ों बेरोजगार लाईन में लगे ही हैं। सरकार से रोजगार मिलेगा ये तो भूल ही जाइए। जब संस्थान ही उनके हाथ में नहीं तो रोजगार देने की बात कैसे संभव हो सकेगी। बेशक अब तो पानी सर से गुजर चुका है अब नहीं तो कब? सब एकजुट हों और इन लुटेरे सत्ता लोभी शोषणकारी ताकतों को परास्त करें। दुष्यंत कुमार की ये पंक्तियां हमारा संबल हैं-

मेरी कोशिश है कि ये सूरत बदलनी चाहिए
मेरे सीने में नहीं तो तेरे सीने में सही
हो कहीं भी आग लेकिन आग जलनी चाहिए।

**सुसंस्कृति परिहार**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# देश विदेश

## अफगानिस्तान में मस्जिद में फायरिंग, छह नमाजियों की मौत

**इस्लामाबाद,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। अफगानिस्तान के पश्चिमी प्रांत हेरात में बंदूकधारी ने एक मस्जिद में फायरिंग की। गोली लगने से कम से कम छह नागरिकों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल मतीन कानी के अनुसार एक अज्ञात बंदूकधारी ने सोमवार शाम गुजारा जिले में स्थित मस्जिद के अंदर नमाजियों पर फायरिंग की। अफगानिस्तान में यूएनएएमए ने हमले की निंदा की है। साथ ही अपराधियों की पहचान करने और जांच की तत्काल जरूरत पर जोर दिया। अभी तक किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। गौरतलब है कि अगस्त 2021 में तालिबान के सत्ता पर कब्ज़ा करने के बाद से युद्धग्रस्त देश में हमलों में काफी कमी आई है।

# रूसी हमले से यूक्रेन में दो की मौत, आठ घायल

### कई आवासीय भवनों सहित बुनियादी ढांचे को नुकसान

**कीव,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। दक्षिणी यूक्रेन के बंदरगाह शहर ओडेसा में रूसी मिसाइल हमलों में कम से कम दो लोग मारे गए, जबकि आठ अन्य घायल हो गए। क्षेत्र के गवर्नर ओलेह किपर ने टेलीग्राम पर यह जानकारी शेयर की। इस हमले में कई आवासीय भवनों सहित नागरिक बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है।

अधिकारियों के अनुसार, इससे पहले रूसी सीमा से सिर्फ 30 किलोमीटर दूर स्थित यूक्रेनी शहर खार्किव पर ग्लाइड बमों से हमला किया गया था। उस हमले में दो नागरिक घायल हो गए थे। इस हमले में एक बहुमंजिला आवासीय इमारत भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। यूक्रेन दो वर्षों से अधिक समय से रूसी आक्रमण को रोक रहा है। रूसी सेना लगभग रोज खार्किव और ओडेसा के प्रमुख शहरों पर मिसाइलें और ड्रोन दागती है। इससे पहले सोमवार को नाटो महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने कहा था कि जब नाटो सहयोगी यूक्रेन को समय पर हथियार और गोला-बारूद पहुंचाने में विफल रहते हैं तो यूक्रेनी इसकी कीमत चुकाते हैं।

गोला-बारूद की कमी ने रूसियों को अग्रिम पंक्ति में आगे बढ़ने में सक्षम बनाया है। स्टोल्टेनबर्ग ने कीव में कहा कि अधिक सैन्य



सहायता भेजने के लिए वाशिंगटन की लंबी प्रक्रिया के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका को जिम्मेदार ठहराया गया है। स्टोलटेनबर्ग ने यूक्रेन को एक साल में दस लाख तोपखाने के गोले देने में यूरोपीय संघ की विफलता का जिक्र करते हुए कहा कि यूरोपीय सहयोगियों ने गोला-बारूद की वह मात्रा नहीं दी है, जिसका उन्होंने वादा किया था। स्टोलटेनबर्ग एक अघोषित यात्रा पर यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की के साथ एक संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। स्टोलटेनबर्ग ने कहा कि वायु रक्षा की कमी ने अधिक रूसी मिसाइलों के लिए अपने लक्ष्य को भेदना संभव बना दिया है। उन्होंने कहा कि गहरी मारक क्षमता की कमी के कारण रूसियों के लिए अधिक ताकतें केंद्रित करना संभव हो गया है, और अब हम इसके परिणाम देख रहे हैं।

## अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट को भारत ने बताया निराधार

**नई दिल्ली।** भारत ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका में एक मीडिया आउटलेट द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट में खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू को मारने की कथित साजिश से जुड़े गंभीर मामले पर अनुचित और निराधार आरोप लगाए गए हैं।



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि यह रिपोर्ट एक गंभीर मामले पर अनुचित और निराधार आरोप लगाती है।

उन्होंने कहा कि संगठित अपराधियों, आतंकवादियों और अन्य के बारे में अमेरिकी सरकार द्वारा शेयर की गई सुरक्षा चिंताओं की पड़ताल के लिए भारत सरकार द्वारा गठित उच्च-स्तरीय समिति की जांच चल रही है। ऐसे में इस प्रकार की गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणियां उचित नहीं हैं।

# छह सप्ताह के युद्धविराम के लिए काहिरा में बातचीत जारी

**तेल अवीव,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। मिस्र और कतर के मध्यस्थों की अगुवाई में काहिरा में हमास और इजराइल के बीच अप्रत्यक्ष वार्ता जारी है।

दोनों पक्षों के बीच सोमवार को शुरू हुई बातचीत मंगलवार को भी जारी है। इजराइली रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, बातचीत सकारात्मक है। हमास द्वारा रिहा किए जाने वाले बंधकों की संख्या 40 से घटाकर 33 करने पर इजराइल के सहमत होने के बाद छह सप्ताह के युद्धविराम की संभावना बढ़ गई है। हमास ने इज़राइली जेलों में बंद लगभग 600 फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई की मांग की है। इजराइल पहले ही कह चुका है कि अगर हमास काहिरा में चर्चा से पीछे हटता है, तो इससे गाजा पट्टी के राफा क्षेत्र में इजराइली जमीनी हमले की संभावना बढ़ जाएगी। राफा में लगभग 13 लाख फ़िलिस्तीनी रहते हैं।

मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी ने राफा में इजराइली सैन्य कार्रवाई और राफा की सीमा से लगे सिनाई क्षेत्र में शरणार्थियों के बड़े पैमाने पर पलायन की संभावना को देखते हुए चिंता जताई है।

## नेतन्याहू ने लिया राफा में जमीनी हमले का संकल्प

**यरूशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को हमास के साथ समझौते होने या नहीं होने, दोनों ही स्थिति में राफा में जमीनी हमला करने का संकल्प लिया। नेतन्याहू ने बंधकों के परिवारों के साथ एक बैठक में कहा कि उनके कार्यालय के अनुसार इज़रायल ने राफा से फिलिस्तीनी नागरिकों को निकालना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि हम पूरी जीत हासिल करने के लिए राफा में प्रवेश करेंगे और समझौते के साथ या उसके बिना वहां हमास बटालियनों को खत्म कर देंगे।

## सुडोकू 6541

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 1 | | 5 | | |
| 4 | | | | | 3 | | 2 | 9 |
| 5 | | 9 | | | | | | |
| 2 | | | | 7 | | | | |
| 9 | 1 | | | | | | 6 | 3 |
| | | | | 6 | | | | 8 |
| | | | | | | 6 | | 7 |
| 7 | 3 | | 6 | | | | | 2 |
| | | 8 | | 5 | | | 3 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 1 मई, 2024 बैशाख कृष्ण पक्ष 8

### राशिफल

मेष - आज आप पारिवारिक सदस्यों के साथ मिलकर घरेलू मामलों के संबंध में विचार विमर्श करेंगे। घर को नए सिरे से योजनाबद्ध करके आप उसे एक नया स्वरूप देंगे। ऑफिस में उच्च अधिकारियों के साथ चर्चा होगी।

वृषभ - आज आप विदेश में बसनेवाले मित्रों या स्नेहीजनों के अच्छे समाचार पाकर आनंद अनुभव कर सकेंगे। जो लोग विदेश जाना चाहते हैं, उनके लिए अच्छा समय है। प्रवास या धार्मिक स्थान पर जाने का योग है।

मिथुन - आपको अपने मिजाज को काबू में रखना पड़ेगा, ताकि कोई समस्या न हो। बीमार व्यक्ति आज कोई नई उपचार पद्धति न अजमाएं। ऑपरेशन न कराएं। खर्च बढ़ने से आर्थिक तंगी का अनुभव होगा।

कर्क - आज का दिन मनोरंजन और मौज-मस्ती में व्यतीत होगा। परिजनों या मित्रों के साथ घूमने या फिल्म देखने जाने की संभावना है। आप अच्छा भोजन ग्रहण करेंगे। सुंदर वस्त्रालंकार या नए वाहन खरीदने का योग है।

सिंह - आपके घर में आनंद का वातावरण रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ आपका समय आनंद और उत्साह में व्यतीत होगा। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेग। आपको मान-सम्मान प्राप्त होगा। उसके कारण खुशी का अनुभव होगा।

कन्या - आज संतान सम्बंधी मामलों को लेकर चिंता रहेगी। पेट संबंधी परेशानियां होंगी। विद्याध्ययन के लिए समय अनुकूल नहीं है। आज आपको बौद्धिक वाद-विवाद से दूर रहना चाहिए। प्रेमीजनों को प्रणय में सफलता मिलेगी।

तुला - आज अत्यधिक भावुकता आपके मन को आर्द्र बनाएगी। महिला और माताजी से संबंधित चिंताएं रहा करेंगी। प्रवास के लिए उचित समय नहीं है। इसलिए आज प्रवास का विचार बदलने की सलाह दी जाती है।

वृश्चिक - आपका आज का दिन आनंद और खुशी के पलों में व्यतीत होगा। आप नया कार्य शुरू कर सकेंगे। सहोदरों के साथ आपके संबंध अच्छे रहेंगे। भाग्य में वृद्धि हो सकती है। मित्रों और स्वजनों से मुलाकात होगी।

धनु - आपका आज का दिन मिश्र फलदायी होगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद या मनमुटाव होने की संभावना है। आज आपका मनोबल दृढ़ न होने के कारण निर्णय लेने में तकलीफ होगी।

मकर - आपके निर्धारित कार्य पूरे होंगे। ऑफिस में आपका प्रभाव बढ़ेगा। पारिवारिक जीवन में आनंद छाया रहेगा। आप तन-मन से स्वस्थ रहेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों से मिलकर आनंद का अनुभव करेंगे।

कुंभ - आपको किसी का पक्ष लेने से बचना चाहिए। किसी के साथ रुपये का लेन-देन नहीं करें। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव हो सकता है। किसी के साथ मतभेद या तकरार भी हो सकती है।

मीन - आज का दिन आपके लिए बहुत अनुकूल है। नौकरी में आपकी आय बढ़ेगी। आपके मित्रों और बुजुर्गों से भी आपको लाभ हो सकता है। नए मित्र बनाएंगे और यह मैत्री आगे चलकर लाभदायक साबित होगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## श्रीलंकाई समुद्री डाकुओं ने तमिलनाडु के मछुआरों पर किया हमला

**चेन्नई,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। श्रीलंकाई समुद्री डाकुओं ने तमिलनाडु के नागापट्टिनम के मछुआरों के एक समूह पर बीच समुद्र में हमला बोल दिया। डाकुओं ने मछुआरों के साथ जमकर लूटपाट की। हमले में एक मछुआरा मुरुगन घायल हो गया और उसे नागापट्टिनम के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हमला नागापट्टिनम तट से 15 समुद्री मील दूर अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा के पास भारतीय समुद्री सीमा के भीतर हुआ। तमिलनाडु तटीय पुलिस ने कहा कि समुद्री लुटेरों ने नाव से वॉकी-टॉकी और जीपीएस लूट लिए। नागापट्टिनम मछुआरा संघ के नेता आर. एंटनी जॉनसन ने कहा कि समुद्री डाकू श्रीलंका से थे।



जॉनसन ने कहा कि समुद्र के बीच में लगातार हमारा पीछा किया जा रहा है और हमला किया जा रहा है। चाहे वह समुद्री डाकुओं का हमला हो या श्रीलंकाई नौसेना के मछुआरों द्वारा मशीनीकृत नौकाओं को पकड़ना या जब्त करना। हम पर नियमित रूप से हमले किए जाते हैं।

# अंतरराष्ट्रीय सेना में शामिल होने को बांग्लादेश सहमत

**संयुक्त राष्ट्र,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। हैती में व्यवस्था बहाल करने में मदद करने के लिए बांग्लादेश एक अंतरराष्ट्रीय सेना में शामिल होने के लिए सहमत हो गया है। संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी। यूएन के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने सोमवार को कहा कि बांग्लादेश उन छह देशों में से एक है, जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को लिखा है कि वे हैती में बहुराष्ट्रीय सुरक्षा सहायता मिशन (एमएसएसएम) में कर्मियों का योगदान देंगे।


गौरतलब है कि सुरक्षा परिषद ने हैती में स्थिति को सुधारने में मदद करने के लिए एमएसएसएम मिशन का गठन किया है। यह मिशन संयुक्त राष्ट्र से स्वतंत्र रूप में कार्य करेगा। केन्या के नेतृत्व वाली सेना में बहामास, बारबाडोस, बेनिन, चाड और जमैका शामिल हैं। गौरतलब है कि हैती की राजधानी पोर्ट-ऑ-प्रिंस सहित देश के कई हिस्सों में सशस्त्र गिरोह अराजकता फैलाए हुए हैं। इस दौरान हजारों लोग मारे गए हैं। 1.4 मिलियन लोगों को अकाल का सामना करना पड़ रहा है और चार मिलियन लोगों को 'गंभीर खाद्य असुरक्षा' का सामना करना पड़ रहा है।



### इराक ने अमेरिका के साथ अनुबंध पर किए हस्ताक्षर

**बगदाद।** इराक ने अमेरिका के साथ 21 बेल 412 और बेल 407 बहुउद्देश्यीय हेलीकॉप्टर खरीदने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इराकी सुरक्षा बलों के प्रवक्ता मेजर जनरल तहसीन अल-खफ़ाजी ने यह जानकारी दी है। प्रवक्ता ने बताया कि अप्रैल की शुरुआत में प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल सुदानी की वाशिंगटन यात्रा के दौरान अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए थे।

## वर्ग पहेली 6541




**बायें से दायें:-**

१. महत्ता (उर्दू)
४. अंत, समाप्ति, मृत्यु
६. बहरा
७. शुरुआत
८. धनी (उर्दू)
१०. घर
११. हृदय, मन
१३. अग्नि
१४. शक्ति, अलौकिक शक्ति, ऐश्वर्य गौरवान्वित पद
१५. जंगलों में विचरण करने वाला
१७. पानी युक्त, भीगा हुआ, अश्रु पूर्ण
१९. रहित
२१. परानित, हाहा हुआ
२२ गौतम बुद्ध की पत्नी श्रावण मास की चौथी रात
२४. मूर्ख, अविवेकी (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. अर्थ, महत्व
२. सांठ गांठ
३. मुस्कुराहट(उर्दू)
४. अभिलाषा, कामना (उर्दू)
५. किसी वाद्य यंत्र को बनाने वाला, वादक (उर्दू)
९. किसी इमारत, व्यक्ति आदि की रत्रा करने वाले व्यक्तियों का दल
११. काजल
१२. पवन, वायु हवा
१३. वर्षा ऋतु
१४. सीता
१५. जंगल की पैदावार
१६. गाय, चार स्तनों वाली
१८. पैदायशी अंधा
१९. ठहराव, अंत विश्राम,
२०. नीति नम्रता, व्यवहार
२३. मार्ग, पथ (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6540



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# गेहूं खरीद को लेकर पाकिस्तान के पंजाब में किसानों का विरोध तेज

**लाहौर,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज के नेतृत्व वाली सरकार के साथ-साथ प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली संघीय सरकार को किसानों की एक बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। सरकार की गेहूं खरीद नीति के खिलाफ विरोध प्रदर्शन तेज होता जा रहा है जिसे राजनीतिक दलों का भी समर्थन मिल रहा है।

किसान समेत देश के कृषि क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाली पार्टी पाकिस्तान किसान इत्तेहाद (पीकेआई) ने अनाज खरीदने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने में विफल रहने और प्रांतीय खरीद कोटा घटाने के फैसले को पलटने के लिए सरकार की आलोचना की है।

इस मुद्दे पर पीकेआई और प्रांतीय एवं संघीय सरकार के बीच एक महीने से अधिक समय से विचार चल रहा है। लेकिन बड़ी संख्या में किसानों का सरकार विरोधी अभियान शुरू नहीं हुआ था। किसानों का कहना है कि उन्होंने सरकार की जरूरत पूरी करने के लिए गेहूं की फसल बोई, यह जानते हुए कि उनके तैयार गेहूं के दानों को खरीदा जाएगा। किसानों का कहना है कि उनके



■ विरोध को राजनीतिक दलों का भी मिल रहा समर्थन

■ पंजाब सरकार के पास किसानों की मांगों का कोई जवाब नहीं

गेहूं की फसल तैयार है, इसलिए सरकार उसे खरीदना नहीं चाहती। बारिश हो जाने से फसल खेतों में सड़ रही है। दूसरी ओर, पंजाब सरकार के पास किसानों की मांगों का कोई जवाब नहीं है। ऐसा लगता है कि उसने प्रदर्शनकारियों को मुख्य सड़कों और राजमार्गों को अवरुद्ध करने से रोकने के लिए पुलिस और दंगा-रोधी दस्तों की भारी टुकड़ियों को तैनात कर विरोध प्रदर्शन का मुकाबला करने का विकल्प चुना है।

## ब्राजील में डेंगू का बढ़ रहा प्रकोप

**साओ पाउलो,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। लैटिन अमेरिकी देश ब्राजील में इस साल पिछले चार महीनों में डेंगू के 40 लाख से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। देश के स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार ब्राजील में गत जनवरी से अप्रैल की अवधि में डेंगू के 41 लाख 27 हजार 571 मामले सामने आए।



चार माह में 40 लाख से अधिक मामले

पिछले साल इसी अवधि में 9 ,02,174 मामले दर्ज किए गए थे। मंत्रालय के अनुसार पिछले चार माह में डेंगू के संक्रमण से 1,937 मौतें हुई हैं। इसके अलावा 2,345 संदिग्ध मौतों के मामलों की जांच जारी है , जिसको लेकर अनुमान जताया जा रहा है कि यह भी डेंगू के कारण हो सकते हैं। शहर साओ पाउलो में डेंगू से प्रत्येक घर का एक न एक सदस्य ग्रसित है। मंत्रालय के अनुसार इस साल मामलों में वृद्धि जलवायु परिवर्तन और डेंगू वायरस के कई सीरोटाइप के प्रसार जैसे कारकों से संबंधित है।

## आज का इतिहास

1886-अमेरिका के शिकागो में कामगारों के लिए काम के घंटे तय करने को लेकर हड़ताल, मजदूर दिवस मनाने की शुरूआत।
1913-प्रसिद्ध हिन्दी फ़िल्म अभिनेता बलराज साहनी का जन्म।
1914-कार निर्माता फोर्ड वह पहली कंपनी बनी जिसने अपने कर्मचारियों के लिए आठ घंटे काम करने का नियम लागू किया।
1920-प्रसिद्ध गायक मन्ना डे का जन्म।
1923-भारत में मई दिवस मनाने की शुरुआत।
1927-हिन्दी के प्रसिद्ध कवि एवं समकालीन आलोचक नामवर सिंह का जन्म।
1945-सोवियत लाल सेना का बर्लिन में प्रवेश।
1955-भारत के प्रसिद्ध उद्योगपति तथा व्यापारी आनंद महिंद्रा का जन्म।
1956-जोनसा साल्क द्वारा विकसित पोलियो वैक्सीन जनता के लिए उपलब्ध कराई गई।
1960-महाराष्ट्र और गुजरात अलग अलग राज्य बने।
1964-नेकराम शर्मा, भारतीय राज्य हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध किसान का जन्म। वर्ष 2023 में भारत सरकार ने उन्हें कृषि क्षेत्र में उनके योगदान हेतु 'पद्म श्री' से सम्मानित किया।
1972-देश की कोयला खदानों का राष्ट्रीयकरण।
1984-फू दोरजी बिना ऑक्सीजन के माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने में सफल।
1993-श्रीलंका के राष्ट्रपति रणसिंघे प्रेमदास की बम विस्फोट में मृत्यु।
1996-संयुक्त राष्ट्र ने स्वयं को सरकारी तौर पर निर्धन घोषित किया।
1998-पोलैंड, हंगरी और चेक गणराज्य को नाटो में शामिल करने संबंधी प्रस्ताव सीनेट में पारित।
1999-नेपाल में मृत्युदंड की सज़ा समाप्त।
2000-अंतर्राष्ट्रीय अन्तर-संसदीय संघ ने पाकिस्तान, आइवरी कोस्ट व सूडान को देश की संसद भंग करने के लिए संघ की सदस्यता से निलंबित किया।

आपदा | विकास के नाम पर पहाड़ों को काटने की सजा भुगतने को मजबूर लोग

# संपत्ति व पारिस्थितिकी को हो रहा अत्यधिक नुकसान

**■ सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर के रामबन जिले के परनोट गांव में एक प्राकृतिक त्रासदी हुई है, जहां 74 परिवारों को भगवान की दया पर अपना सामान और घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा, बिना यह जाने कि निकट भविष्य में उनके साथ क्या होगा। पहाड़ का छह से सात किलोमीटर लंबा हिस्सा लगातार धंसने से उनके घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिससे संपत्ति और पारिस्थितिकी को अत्यधिक नुकसान हुआ है। विकास के नाम पर पहाड़ों के साथ की जाने वाली छेड़छाड़ का परिणाम भुगतने पर मजबूर किए गए हैं।**

अधिकारियों के अनुसार, 500 से अधिक सदस्यों वाले 74 परिवार जमीन के धंसने से सीधे प्रभावित हुए हैं और अधिकांश परिवारों को रामबन के मैत्रा क्षेत्र में सामुदायिक हॉल में स्थानांतरित कर दिया गया है और कुछेक को परनोट क्षेत्र में तंबू में सुरक्षित स्थान पर रखा गया है। लेकिन बारिश जारी रहने के कारण ये तंबू क्षतिग्रस्त हो गए और उन लोगों को भी मैत्रा में स्थानांतरित किया जा रहा है।

25 अप्रैल को लोगों ने देखा कि उनके घरों में दरारें आ रही हैं और जब उन्होंने पूछताछ शुरू की तो उन्हें पता चला कि पूरा गांव धंस रहा था, जिससे उन्हें सुरक्षित स्थानों की तलाश में जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। रामबन जिला मुख्यालय से जिले के संगलदान और गूल इलाकों का एकमात्र सड़क संपर्क टूट गया और दो टावरों के गिरने के साथ ही उपमंडल गूल की बिजली आपूर्ति भी क्षतिग्रस्त हो गई।

स्थानीय लोगों ने तुरंत जिला प्रशासन को सूचित किया और वे अभूतपूर्व घटना से उत्पन्न स्थिति का आकलन करने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) रामबन, वरुणजीत चरक, जो स्थिति की देखरेख कर रहे हैं और क्षेत्र में डेरा डाले हुए हैं, ने कहा कि पूरे क्षेत्र को नो-गो जोन घोषित कर दिया गया है और किसी को भी क्षेत्र की ओर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। वे कहते थे कि स्थिति अभूतपूर्व है और किसी के नियंत्रण में नहीं है। स्थिति से निपटने के लिए राष्ट्रीय आपदा राहत बल (एनडीआरएफ) और केंद्र शासित प्रदेश आपदा राहत बल (यूटीडीआरएफ) की टीमें मौके पर हैं, लेकिन चूंकि क्षेत्र लगातार धंस रहा है, इसलिए क्षतिग्रस्त स्थल पर तत्काल कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती है।

■ पूरे क्षेत्र को नो-गो जोन घोषित कर दिया गया है और किसी को भी क्षेत्र की ओर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है : वरुणजीत चरक

परनोट गांव गूल-संगलदान रोड पर डीसी ऑफिस रामबन से लगभग सात किलोमीटर दूर स्थित है और क्षतिग्रस्त हिस्सा लगभग छह से सात किलोमीटर ऊंचा और दो से तीन किलोमीटर चौड़ा है। जमीन धंसने की शुरुआत नीचे से हुई, जो चिनाब नदी से करीब 50 मीटर दूर है। अधिकारियों के मुताबिक इलाका लगातार धंस रहा है।

## दुनिया को जानें

### शनचो-17 उपग्रह का उड़ान मिशन हुआ सफल

**बीजिंग,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। चीनी मानवयुक्त अंतरिक्ष परियोजना कार्यालय ने बताया है कि शनचो-17 मानवयुक्त अंतरिक्ष यान का रिटर्न मॉड्यूल मंगलवार को शाम 5 बजकर 46 मिनट पर तुंगफंग लैंडिंग क्षेत्र में सुरक्षित रूप से उतर गया। तीनों अंतरिक्ष यात्री अच्छी शारीरिक स्थिति में हैं। अंतरिक्ष यान का उड़ान कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। मंगलवार सुबह 8 बजकर 43 मिनट पर शनचो-17 अंतरिक्ष यान अंतरिक्ष स्टेशन से आसानी से अलग हो गया। शनचो-17 अंतरिक्ष यान में सवार तीन अंतरिक्ष यात्रियों ने पृथ्वी पर अपनी वापसी यात्रा शुरू की। शाम 4 बजकर 56 मिनट पर, शनचो-17 का रिटर्न मॉड्यूल परिक्रमा मॉड्यूल से अलग हो गया।

गौरतलब है कि शनचो-17 अंतरिक्ष यान 26 अक्टूबर, 2023 को लॉन्च किया गया था और तीनों अंतरिक्ष यात्रियों ने अंतरिक्ष स्टेशन में 187 दिन बिताए थे। अपने प्रवास के दौरान, उन्होंने दो स्पेसवॉक किए, विभिन्न कार्य पूरे किए और पर्याप्त जानकारी इकट्ठा करने के लिए जमीनी शोधकर्ताओं के साथ मिलकर काम किया।

# प्रादेशिकी

## भाजपा में शामिल होते ही शर्मा ने खोया मानसिक संतुलन : चौहान

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं सोशल मीडिया को- चेयरमैन महेश्वर चौहान ने धर्मशाला से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी सुधीर शर्मा के उस बयान की कड़ी निंदा की है जिसमें उन्होंने एक पुलिस अधिकारी को धमकाते हुए सबक सिखाने की बात की है। श्री चौहान ने कहा कि सुधीर शर्मा भाजपा में शामिल होते ही अपनी मानसिक संतुलन खो चुके हैं। एक तरफ जहां सुधीर शर्मा को अपनी हार निश्चित दिखाई दे रही है तो दूसरी ओर अब वे अपना आपा खोकर अधिकारी को धमकाने की बात कर रहे हैं। श्री चौहान ने कहा कि सुधीर शर्मा जिस तरह से एक पुलिस अधिकारी को धमका रहे हैं वह बयान निंदनीय है। इस बयान पर तुरंत उन्हें माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शर्मा ने पार्टी बदलने के साथ-साथ अपनी छवि और शैली भी बदल दी है। यहां कोई भी जनप्रतिनिधि यह अधिकार नहीं रखता की वह किसी अधिकारी और कर्मचारी को धमकाए।

# उत्तराखंड बोर्ड का रिजल्ट घोषित, लड़कियों ने मारी बाजी



- 10वीं में 89.14 व 12 वीं 85.96 प्रतिशत रहा परिणाम
- 37581 छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में पास की परीक्षा

**रामनगर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद ने आज 10वीं और 12वीं बोर्ड का रिजल्ट घोषित कर दिया है। हाईस्कूल में पिथौरागढ़ जिले की गंगोलीहाट की प्रियांशी रावत ने टॉप किया है। प्रियांशी रावत के 500 में से 500 नंबर आए हैं। यानी प्रियांशी रावत ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। 12वीं की बात करें तो दो छात्र पीयूष खोलिया और कंचन जोशी ने टॉप किया है. दोनों ने 498 नंबर आए हैं।

12वीं की परीक्षा में पंजीकृत परीक्षार्थियों की संख्या 94255 थी, जिसमें से परीक्षा में 92020 परीक्षार्थी शामिल हुए और 76039 परीक्षार्थी पास हुए हैं। परीक्षा का कुल पास प्रतिशत 82.63 रहा जिसमें छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 78.97 व छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 85.96 रहा। संस्थागत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 83.76 व व्यक्तिगत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 54.14 रहा है।

विवेकानंद इंटर कॉलेज रानीधारा रोड अल्मोड़ा के छात्र पीयूष खोलिया एवं एचजीएस इंटर कॉलेज कुसुमखेड़ा हल्द्वानी (नैनीताल) की छात्रा कंचन जोशी ने संयुक्त रूप से इंटरमीडिएट परीक्षा में पहला स्थान प्राप्त किया है। दोनों ने परीक्षा में 500 में से 488 हासिल करते हुए कुल 97.60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। दूसरे नंबर पर एपी इंटर कॉलेज जवाहर नगर रुद्रप्रयाग के छात्र अंशुल नेगी रहे। अंशुल ने 500 में से 485 हासिल करते हुए कुल 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। तीसरे नंबर पर संयुक्त रूप से दो स्टूडेंट्स रहे हैं। एसवीएम इंटर कॉलेज आवास विकास ऋषिकेश के छात्र हरीश चंद्र बिलज्वाण एवं गोस्वामी गणेश दत्त एमवीएम इंटर कॉलेज उत्तरकाशी के छात्र आयुष अवस्थी ने 500 में से 480 कुल 96.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया है। सम्मान सहित परीक्षा पास करने वाले परीक्षार्थियों की संख्या 9937 तथा प्रतिशत 10.79 रहा। प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 37581 व प्रतिशत 40.84 रहा। द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 27607 व 30 प्रतिशत रहा। तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 226 जिनका 00.24 प्रतिशत रहा। इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 में कुल 93.00 फीसदी रिजल्ट के साथ बागेश्वर जिला पहले स्थान पर रहा। इस साल की 12वीं परीक्षा में पास रिजल्ट वर्ष 2023 की तुलना में 01.65 प्रतिशत अधिक रहा। इंटरमीडिएट परीक्षाफल सुधार परीक्षा (द्वितीय) वर्ष 2023 में कुल 509 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए थे, जिसमें 262 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए और उनका परीक्षाफल 58.09 प्रतिशत रहा।

### 12वीं पीयूष खोलिया व कंचन संयुक्त रूप से रहे प्रदेश में अव्वल




**देहरादून।** उत्तराखंड बोर्ड की इंटरमीडिएट की परीक्षा में दो छात्रों अल्मोड़ा के पीयूष खोलिया और हल्द्वानी की कंचन जोशी ने टॉप किया है। दोनों के 498 अंक आए हैं। रुद्रप्रयाग का अंशुल नेगी दूसरे नंबर पर हैं। अशुल नेगी ने 485 नंबर आए हैं। ीसरे नंबर ऋषिकेश हरीश चंद्र बिजलवान के 480 हैं। उत्तरकाशी के आयुष भी तीसरे नंबर पर हैं. आयुष के भी 480 नंबर आए हैं।

### 100 प्रतिशत नंबर के साथ 10वीं मे प्रियांशी ने किया उत्तराखण्ड टॉप



**देहरादून।** उत्तराखंड बोर्ड कक्षा 10वीं और 12वीं रिजल्ट मंगलवार को जारी हो गया। बोर्ड का रिजल्ट 100 परसेंट रहा। 10वीं में गंगोलीहाट की प्रियांशी रावत ने 100 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप किया है। रुद्रप्रयाग के शिवम मलेथा दूसरे और श्रीकोट के आयुष तीसरे नंबर पर रहे। उत्तराखंड बोर्ड 12वीं रिजल्ट में पीयूष खोलिया और कंचन जोशी ने संयुक्त रूप से टॉप किया है। इन दोनों ने 97.60 प्रतिशत अंक हासिल किए। रुद्रप्रयाग के अंशुल नेगी 97 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरी रैंक पर हैं। ऋषिकेश के हरीश चंद्र बिजलवाण 96 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

# कांग्रेस ने कांगड़ा से आनंद शर्मा हमीरपुर से सतपाल रायजादा पर खेला दांव

**शिमला,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। आखिरकार हिमाचल में कांग्रेस की तरफ से बाकी दो लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी तय कर दिए गए। पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा को कांगड़ा सीट से चुनाव मैदान में उतारा गया है। वहीं, हमीरपुर सीट से सतपाल सिंह रायजादा का नाम ही फाइनल किया गया है। पहले रायजादा के नाम का अनौपचारिक ऐलान भी किया गया था, लेकिन बाद में कांग्रेस हाईकमान ने इस नाम को होल्ड कर दिया था। फिर डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री व उनकी बेटी आस्था अग्निहोत्री का नाम चला। पार्टी के कुछ लोग ये भी चाहते थे कि सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू की धर्मपत्नी यहां यानी हमीरपुर से चुनाव लड़े। लेकिन बाद में सतपाल सिंह रायजादा के नाम पर ही मुहर लगी। दिलचस्प बात ये है कि कांग्रेस की टिकट पर आनंद शर्मा व रायजादा पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। आनंद शर्मा वाया राज्यसभा ही केंद्र की राजनीति में सक्रिय रहे और मंत्री भी बने। वहीं, सतपाल सिंह रायजादा विधानसभा की सियासत में ही रहे हैं। रायजादा पहली बार चुनाव मैदान में हैं और उनके सामने भाजपा के महारथी कहे जाने वाले युवा नेता अनुराग ठाकुर हैं। अनुराग ठाकुर चार बार जीत हासिल कर चुके हैं। एक और दिलचस्प तथ्य ये है कि कांग्रेस व भाजपा में इन दो सीटों पर राजपूत प्रत्याशी के समक्ष राजपूत व ब्राह्मण उम्मीदवार के सामने ब्राह्मण को उतारा गया है। आनंद शर्मा का भी ये पहला लोकसभा चुनाव है। वे इससे पहले बाली को भी चुनाव मैदान में उतारने पर मंथन किया था। आरएस बाली ने तो हाईकमान को पत्र लिखकर आग्रह किया था कि कोई भी फैसला लेने से पहले उन्हें बताया जाए। वहीं, आशा कुमारी के नाम पर पार्टी के भीतर ही सहमति नहीं बन पा रही है। फिर बाद में आनंद शर्मा का नाम सामने आया। दो दिन से ये अटकलें चल रही थीं कि आनंद शर्मा को प्रत्याशी बनाया जाएगा।

> अनुराग ठाकुर चार बार जीत हासिल कर चुके हैं

# कांग्रेस का फेक वीडियो प्रसारित करना, बेहद शर्मनाक और राजनीति में नैतिकता का पतन : महेंद्र भट्ट

**देहरादून,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। भाजपा ने गृह मंत्री के फेक वीडियो कांग्रेस द्वारा प्रसारित करने को बेहद शर्मनाक और राजनीति में नैतिक पतन की पराकाष्ठा बताया है । प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने आरोप लगाया, कांग्रेस के एक सीएम और इलेक्शन वार कॉर्डिनेटर का नाम इस साजिश में आने से पुनः साबित हुआ है कि कांग्रेस का हाथ षड्यंत्रकारियों के साथ है। पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों के सवालों का जबाव देते हुए, श्री भट्ट ने कहा, कांग्रेस और उनके सहयोगी, चुनाव में हार निश्चित जानकर बौखला गए हैं । जिसका दुर्भाग्यपूर्ण उदाहरण है, अमित शाह का वो फेक वीडियो जिसमें संलिप्त के आरोप आंध्र प्रदेश के कांग्रेसी मुख्यमंत्री और असम में कांग्रेस वार रूम के कॉर्डिनेटर पर लगे हैं । एक राज्य के मुखिया और प्रदेश अध्यक्ष का देश समाज बांटने वाले इस फर्जीवाड़े को आगे बढ़ाना बेहद गंभीर और चिंताजनक है। कांग्रेस का हार सामने देखकर अपनी हारी हुई बाजी को पलटने के लिए इस तरह षड्यंत्र में जुटना, राजनीति में नैतिकहीनता की पराकाष्ठा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब से मोदी ने 400 पार का नारा दिया है तभी से विपक्ष पूरी तरह हताश है । यही वजह है, वे लगातार भ्रम फैला रहे हैं कि प्रचंड बहुमत का इस्तेमाल भाजपा आरक्षण हटाने के लिए करेगी । जबकि दूसरी तरफ इन्हें जहां जहां बहुमत मिला उन्होंने एससी एसटी, ओबीसी का अधिकार छीन कर मुस्लिमों को देने का काम किया ।

## सार संक्षेप

### जनता वोट की चोट से देगी कांग्रेस को जवाब : धर्माणी

**बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी के नेता महेंद्र धर्माणी ने कहा है कि 16 माह में 25 हजार करोड़ का कर्जा लेने वाली सुक्खू सरकार एक बार पुनः झूठे आंकड़ो और बयानों से प्रदेश की जनता को गुमराह करके वोट हासिल करना चाहती है। पर प्रदेश की प्रबुद्ध जनता सुक्खू सरकार की सच्चाई को भली भांति जानती है, समझती है तथा वोट की चोट से उसको करारा जबाव इन चुनावों में देगी। श्री धर्माणी ने कहा कि प्रदेश सरकार विकास और सनातन विरोधी है। गत 16 माह में एक हजार संस्थान बन्द करने का रिकॉर्ड प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के नाम है । प्रदेश में 16 माह के अंदर कानून व्यवस्था जिस तरह से चरमराई है उससे आमजन के साथ प्रदेश की महिलाएं और बेटियां अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है । कांग्रेस सरकार के संरक्षण में नशा माफिया, खनन माफिया निरंतर बड़ रहा है । अपराधियों व माफियों को सत्ताधारी दल का संरक्षण प्राप्त होने के कारण वे बेख़ौफ़ घूम रहे है तथा बेरहमी से प्रदेश के प्राकर्तिक संसाधनों का दुरुपयोग कर रहे हैं। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यालय का बिजली शुल्क को लेकर आया निर्णय सरकार के उद्योग और रोजगार विरोधी चेहरे को उजागर करने वाला है।

### रुद्रप्रयाग पुलिस ने महिला की हत्या का किया खुलासा

**रुद्रप्रयाग।** गुप्तकाशी के पास बीती 25 अप्रैल को हुई महिला की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। महिला के सिर और अन्य हिस्सों पर पत्थरों से अनेक वार किये गए थे, जिस कारण महिला की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जो गांव में ही रहकर खच्चर हांकने का काम करता था। रुद्रप्रयाग एसपी डॉक्टर बिशाखा भदाणे ने मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि तीन से चार दिन के अंदर ही पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी नाम महावीर सिंह कठैत है, जो रुद्रप्रयाग जिले के ही बिजराकोट गांव का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि बीती 25 अप्रैल को देवर गांव की रहने वाली महिला जंगल में घास लेने गई थी, लेकिन देर शाम तक भी जब वो नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। पुलिस के मुताबिक परिजनों को महिला अचेत अवस्था में पड़ी मिली। उसके हाथ, पैर, सिर और चेहरे पर गंभीर चोट के निशान थे। पहले आशंका जताई जा रही थी कि महिला पर किसी जंगली जानवर ने हमला किया है।

### सुडोकू 6541 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 3 | 9 | 1 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 4 | 6 | 1 | 5 | 8 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 9 | 2 | 4 | 6 | 3 | 8 | 1 |
| 2 | 8 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 1 | 5 |
| 9 | 1 | 7 | 8 | 2 | 5 | 4 | 6 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 1 | 6 | 9 | 2 | 7 | 8 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 8 | 6 | 9 | 7 |
| 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 5 | 2 | 1 | 3 | 4 |

# अग्निकांड में 15 परिवार हुए बेघर धामी ने लिया मामले का संज्ञान

**देहरादून,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। दून में सोमवार को हुए भीषण अग्निकांड के बाद 15 परिवार बेघर हो गए। इस घटना का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून जिलाधिकारी सोनिका को निर्देश दिए हैं कि वो प्रभावित परिवारों को यथासंभव मदद उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी की तरफ से प्रभावित परिवारों के लिए 40 पैकेट राशन मौके पर भेजा है। देहरादून के गोविंदगढ़ इलाके में सोमवार को अचानक एक झोपड़ी में आग लगी थी, जो कुछ ही देर में अन्य झोपड़ियों तक भी पहुंच गई थी। आग ने करीब 15 झोपड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया था। इस दौरान झोपड़ियों में रखे 8 गैस सिलेंडर भी फट गए थे, जिससे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल हो गया था। इस अग्निकांड में इन झोपड़ियों में रहने वाले करीब 15 परिवार बेघर हो गए। इन झोपड़ियों में रहने वाले सभी लोग कूड़ा बीनने का काम करते हैं। आग की कितनी विकराल थी, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों की मदद लेनी पड़ी। वहीं इस दौरान फायर ब्रिगेड की टीम ने सात गैस सिलेंडरों को सुरक्षित बाहर निकाला, वरना हादसा और बड़ा हो सकता था। प्राथमिक तौर पर जो जानकारी सामने आई है, उसके मुताबिक कोई व्यक्ति तार को जलाकर तांबा निकाल रहा था, उसी आग की चिंगारी से किसी एक झोपड़ी में पहले आग लगी और फिर देखते ही देखते आग ने 15 झोपड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया।



# कांग्रेस ने प्रदेश पर 25 हजार करोड़ के कर्ज का बोझ चढ़ाया



> कांग्रेस ने तय किया है कि ओबीसी आरक्षण का 6 प्रतिशत मुस्लिम को दिया जाए और अल्पसंख्यकों को 15 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा : डॉ राजीव बिन्दल

**शिमला,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिन्दल ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को राज्य सरकार के काम के बूते वोट मांगने की चुनौती दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सवा साल के कार्यकाल में एक ओर कांग्रेस ने प्रदेश पर 25 हजार करोड़ के कर्ज का बोझ चढ़ाया, मगर दूसरी ओर विकास के नाम पर कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि आपदा के वक्त केंद्र से मिली आर्थिक मदद की राशि की भी सरकार ने बंदरबांट की। बिंदल ने कहा कि 2022 का विधान सभा चुनाव जीतने के बाद मुख्यमंत्री ने प्रदेश की 97 फीसद हिंदु आबादी का अपमान किया था। राष्ट्रीय स्तर पर कंग्रेस का ऐजेंडा सनातन को समाप्त करना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने तय किया है कि ओबीसी आरक्षण का 6 प्रतिशत मुस्लिम को दिया जाए और अल्पसंख्यकों को 15 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। इतना ही नहीं देश के लोगों पर वैल्थ टैक्स के नाम से अमेरिका पैटर्न पर टैक्स लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव आने पर मुख्यमंत्री वोट मांगने के लिए केवल और केवल भाजपा व कांग्रेस के पूर्व विधायकों के साथ साथ पूर्व मुख्यमंत्री को अपशब्द कह कर लोगों से वो मांग रहे हैं। मुख्यमंत्री की भाषा का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कभी वे जनता के प्रतिनिधियों को काले नाग बोलते हैं , तो कभी भेड़े अथवा मेंढक बोलते हैं और उनके मंत्री.संत्री सब उनकी भाषा दोहरा रहे हैं। ये कांग्रेस की हताशा निराशा और बौखलाहट का सबसे बड़ा नमूना है। डॉ बिन्दल ने कहा कि वर्तमान प्रदेश की सरकार ने डेढ़ साल में एक भी स्कूल, अस्पताल, कार्यालय संस्थान आदि नहीं खोला और प्रदेश की जनता को धोखा देते हुए 1500 संस्थान बंद कर दिए।

### लगातार कर्ज के बोझ तले दबता जा रहा हिमाचल

**शिमला,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। हिमाचल लगातार कर्ज के बोझ तले दबता जा रहा है। कर्ज के भारी भरकम बोझ के चलते अधोसंरचना विकास के लिए सरकारों के पास धन की कमी महसूस जाती रही है। यूं तो बसपा ने भी हिमाचल की चुनावी पिच पर खिलाड़ियों को उतारने की घोषणा कर दी है, मगर राज्य में दो दलीय प्रणाली मजबूत होने की वजह से मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ कांग्रेस व भाजपा के मध्य है। बेशक चुनावी महासमर में ये दोनों ही दल अभी मतदाताओं की नब्ज टटोल कर हवा का रुख अपने अपने पक्ष में करने की कोशिश में हैं, मगर चुनाव से पहले एक दूसरे पर राज्य को कर्ज के बोझ तले दबाने का आरोप लगाने वाले इन दोनों ही दलों के नेता इस मर्ज की दवा तलाशने के मकसद से चर्चा नहीं कर रहे। चुनावी पिच से कर्ज का मुद्दा आउट होने से बुद्धिजीवी वर्ग हैरत में है। हिमाचल करीब 87 हजार करोड़ के कर्ज के बोझ तले दबा है। साल दर साल कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है। पूर्व भाजपा सरकार के वक्त प्रदेश पर करीब 70 हजार करोड़ का कर्ज था। मगर करीब सवा साल की अवधि में यह बढ़ कर 87 हजार करोड़ तक पहुंचा है। लगातार बढ़ते रहे कर्ज के साथ साथ सरकार का वेतन व पेंशन के भुगतान के साथ साथ उपदानों पर होने वाला खर्च भी बढ़ता जा रहा है। कर्ज की वजह से पहले जयराम सरकार तथा अब सुक्खू सरकार कर्मचारियों को डीए तथा छठे पंजाब वेतन आयोग की सिफारिशों के लागू होने के बाद संशोधित वेतन मान के एरियर का भुगतान नहीं कर पा रही है। एरियर व डीए के भुगतान के लिए सरकार को करीब 10 हजार करोड़ की दरकार है। बेशक कांग्रेस इस मुद्दे पर भाजपा पर आरोप लगा रही है, मगर हकीकत यह है कि कांग्रेस सरकार के हाथ भी बंधे हुए हैं। बढ़ते कर्ज के बोझ के बीच एरियर का भुगतान करने पर रख रखाव व पूंजीगत कार्यों पर होने वाला खर्च प्रभावित होगा। कर्ज के बढ़ते बोझ के बीच केंद्र सरकार से राज्य को जीएसटी क्षतिपूर्ति के एवज मिलने वाली करीब 3500 करोड़ की सालाना रकम मिलना बंद हो गई है। राजस्व घाटा अनुदान में भी कटौती हो रही है। हालांकि आर्थिकी को पटरी पर लाने के लिए सरकार ने वाटर सेस लगाने का फैसला लिया।

# रणनीति के तहत भाजपा का काडर खत्म कर रहे जयराम : चंद्रशेखर

**शिमला,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधायक चंद्रशेखर ने कहा है कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर एक सोची-समझी रणनीति के तहत पुरानी भाजपा काडर को ख़त्म कर रहे हैं और एक-एक कर पुरानी भाजपा के नेताओं को ठिकाने लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा पैराशूटी और किराए के उम्मीदवारों की पार्टी बन कर गई है, जिससे भाजपा कार्यकर्ताओं में असंतोष बढ़ रहा है और जल्द ही इसके नतीजे सामने आ जाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सभी टिकट जल्द ही तय हो जाएंगे, जिसके बाद भाजपा और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की टेंशन बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के अभी आधे टिकट फ़ाइनल हुए हैं और भाजपा ने अभी से उम्मीदवार बदलने की चर्चा शुरू कर दी है। जिससे साफ पता चलता है कि भाजपा ने हथियार डाल दिए हैं और अपनी हार अभी से स्वीकार कर ली है। उन्होंने कहा कि भाजपा का असली चेहरा प्रदेश की जनता के सामने बेनक़ाब हो चुका है और उनका ऑपरेशन लोट्स फेल हो गया है। चंद्रशेखर ने कहा कि डिप्रेशन में आकर भाजपा नेता अनाप-शनाप बयानबाज़ी पर उतारु हो गए हैं और लगातार प्रदेश की जनता का ध्यान असली मुद्दों से भटकाने का प्रयास कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की पिछले सवा साल में भाजपा की दो उपलब्धियां रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आई सबसे बड़ी आपदा के समय भाजपा प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी नहीं हुई। जब हिमाचल प्रदेश की आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने का प्रस्ताव विधानसभा में लाया गया, तो भाजपा के सभी विधायक सदन से भाग खड़े हुए। जिस वक्त हिमाचल प्रदेश के लोग मुश्किल घड़ी से गुजर रहे थे तो भाजपा के नेता केवल मात्र राजनीति करने में व्यस्त थे। प्रभावित लोगों की सहायता में भाजपा नेता का कोई भी योगदान नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने एक चुनी हुई सरकार को गिराने के लिए ख़रीद-फरोख्त कर हिमाचल प्रदेश की संस्कृति को कलंकित करने का पाप भी किया है।

> भाजपा में अभी से टिकट काटने की चर्चा शुरू

# किसान आंदोलन का असर अब ट्रेनों पर भी, यात्री हो रहे परेशान

**चंडीगढ़,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। शंभू बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन का असर अब ट्रेनों पर भी पड़ने लगा है। मंगलवार को चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन का हर प्लेटफार्म यात्रियों से खचाखच भरा नजर आया। रेलवे स्टेशन पर पूछताछ कक्ष से लेकर रिजर्वेशन काउंटर तक यात्री लाइन में खड़े दिखाई दिए। दोपहर बाद चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर पांव रखने तक की जगह नहीं थी। किसानों के आंदोलन के चलते चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन से एक मई तक पांच ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। वहीं, शंभू रेलवे स्टेशन से किसान आंदोलन के कारण ट्रेनों का संचालन पूरी तरह से बंद कर दिया गया है।यहां से गुजरने वाली लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनों का रूट डायवर्ट कर ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इस कारण यात्रियों का करीब तीन से आठ घंटे तक का अतिरिक्त समय लग रहा है। नॉर्दन रेलवे के चीफ पब्लिक रिलेशन ऑफिसर दीपक कुमार ने बताया कि एक मई तक अप-डाउन 97 ट्रेनों का रूट डायवर्ट कर दिया गया है। ये ट्रेनें अंबाला कैंट-चंडीगढ़- न्यू मोरिंडा-सरहिंद- सानेहवाल से होकर चलाई जा रही हैं। वहीं, अप और डाउन की 70 ट्रेनें एक मई तक कैंसिल कर दी गई हैं। इसके अलावा कुछ ट्रेनों को दो मई तक कैंसल किया गया है। इसमें नई दिल्ली-अमृतसर समेत कई ट्रेनों का रूट डायवर्ट कर दिया गया है।

# केदारनाथ धाम यात्रा के सकुशल संचालन के लिए रुद्रप्रयाग पुलिस है तैयार

- यातायात व्यवस्था के सफल संचालन हेतु सभी प्रकार की ड्यूटियों को सेक्टर मे बांटा गया

**रुद्रप्रयाग,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। जनपद रुद्रप्रयाग में स्थित श्री केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खुल जायेंगे। इसी के साथ जनपद में श्री केदारनाथ धाम (चार धाम) यात्रा का शुभारम्भ हो जायेगा। जनपद रुद्रप्रयाग पुलिस के स्तर से की जा रही तैयारियों पर आज पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग ने जनपदीय मीडिया बन्धुओं से जानकारी साझा करते हुए बताया कि श्री केदारनाथ यात्रा का पहला चरण जनपद की यातायात व्यवस्था से प्रारम्भ होता है।

केदारनाथ के लिए जाते समय कुण्ड से लेकर गुप्तकाशी फाटा से सोनप्रयाग का रूट रहेगा। केदारनाथ से वापस आने पर गुप्तकाशी से कालीमठ तिराह, चुन्नी बैंड होते हुए कुण्ड के पास जो कि इस बार के लिए हमारी व्यवस्था बनायी गयी है सभी वाहन वहां से आयेंगे। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि इन संकरे पैचों पर अनावश्यक रूप से जाम की समस्याओं से निजात पाया जा सके और वाहनों के आवागमन में बाधा उत्पन्न न हो।



यातायात व्यवस्था के सफल संचालन हेतु सभी प्रकार की ड्यूटियों को सेक्टर मे बांटा गया है, और हर जगह पर हमारे यातायात के आरक्षी, मुख्य आरक्षी, उपनिरीक्षक व निरीक्षकों की तैनाती रहेगी। यातायात के सफल संचालन हेतु मूवेबल अर्थात दुपहिए वाहन सवार पुलिस कार्मिकों का यातायात बाधित होने या जाम की समस्या होने पर उनका उपयोग किया जायेगा। जहां पर भीड़ की स्थिति होगी या मार्ग संकरा है तो ऐसी जगह पर भी दुपहिए वाहन धारक पुलिस टीम पहुंचकर यातायात को सुगम करेगी। श्रद्धालुगण या उनके वाहन जब सोनप्रयाग पहुंचते हैं यहां से पुलिस का कार्य भीड़ नियन्त्रण व पार्किंग व्यवस्था सुचारु करने का रहता है। यात्री वाहनों के निर्धारित पार्किंग में खड़े कराये जाने के उपरान्त सोनप्रयाग के पास से शटल सेवा प्रारम्भ होती हैं, गत वर्षों की भांति इस बार भी शटल सेवा चलेगी। सोनप्रयाग से लेकर गौरीकुण्ड तक शटल सेवा के द्वारा यात्रियों के पहुंचने पर वे अपनी सुविधानुसार पैदल, डण्डी-कण्डी, घोड़ा-खच्चर के माध्यम से केदारनाथ धाम के लिए प्रस्थान करेंगे। हर वर्ष की भांति यात्रा के सभी पैदल पड़ावों जंगलचट्टी, भीमबली, लिनचोली, केदारनाथ आदि जगहों पर श्रद्धालुओं के सहयोग हेतु पुलिस चौकियां व्यवस्थित रहेंगी। इन सभी जगह पर पुलिस के स्तर से खोया-पाया केन्द्र भी संचालित किया जायेगा। कोई भी यात्री अपने परिजनों से बिछड़ता है या किसी का सामान गुम हो जाता है उनकी सहायता के लिए खोया-पाया केन्द्र प्रभावी रहेगा।

# प्रादेशिकी

## गर्मी बढ़ने पर हज यात्रियों के टीकाकरण का समय बदला

**मेरठ।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मौ. रूहेल आजम ने बताया कि हज कमेटी ऑफ इण्डिया तथा उ.प्र. राज्य हज समिति द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देश के अनुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष (2024) में हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों को मेनिनजाइटिस, सीजनल इन्फलूएन्जा वैक्सीन लगाई जा रही है तथा उन्हे पोलियों प्रतिरक्षण की दवा पिलाई जा रही है, इस हेतु फैज-ए-आम इण्टर कॉलिज में 30 अप्रैल एवं 2 मई व लिसाडी रोड स्थित मदरसा हुसैनिया में 4 मई एवं शाहपीर गेट स्थित मदरसा जामिया अरबिया नुरूल इस्लाम 6 मई को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक टीकाकरण कैम्प संचालित है। मौ. रूहेल आजम ने बताया कि भीषण गर्मी होने के कारण टीकाकरण के कैम्प के समय में बदलाव किया गया है। जिसे सुबह 10 बजे से दापहर 2 बजे तक कर दिया गया है।

# यूपी के 57 जिलों में स्थापित होंगे साइबर क्राइम थाने

**लखनऊ,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने सभी 75 जिलों में साइबर क्राइम थाने स्थापित करने का निर्णय लिया है। अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि सभी 18 मंडलों में साइबर क्राइम थाने पहले ही स्थापित किए जा चुके हैं, जबकि शेष 57 जिलों में साइबर थाने लोकसभा चुनावों के बाद स्थापित किए जाएंगे। इन 57 जिलों में साइबर थाने स्थापित किए जाने को लेकर योगी कैबिनेट पहले ही अनुमोदन कर चुकी है। आम चुनावों के साथ ही आदर्श आचार संहिता खत्म होने के बाद साइबर थानों की स्थापना को अंतिम रूप दिया जाएगा। प्रत्येक थाने में 25 पदों पर अधिकारियों व कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी। इस लिहाज से सभी 57 थानों में कुल 1425 पदों के सृजन को लेकर आदेश निर्गत किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के सभी जनपदों में साइबर क्राइम थानों की मौजूदगी हो जाएगी। अभी तक आईजी स्तर का अधिकारी इन थानों को देखता था, लेकिन सभी जनपदों में साइबर क्राइम थाने स्थापित होने के बाद पुलिस अधीक्षक इसकी जिम्मेदारी निभाएंगे।




**देश और दुनिया में बढ़ते साइबर क्राइम को देखते हुए सभी 75 जनपदों में साइबर थानों की आवश्यकता महसूस की जा रही थी : सुरेश खन्ना, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री**

उत्तर प्रदेश शासन की ओर से पहले सभी साइबर क्राइम पुलिस थानों के क्रियान्वयन के लिए 25 पद की दर से कुल 1425 पदों के सृजन का आदेश दिया गया था, लेकिन देश में जारी लोकसभा चुनावों को देखते हुए इस प्रक्रिया को आदर्श आचार संहिता खत्म होने के बाद पूरा किए जाने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश में लोकसभा चुनाव और आदर्श आचार संहिता खत्म होने के बाद इस प्रक्रिया को तेजी से पूरा किया जाएगा। इस पर योगी कैबिनेट 19 दिसंबर 2023 को अपना अनुमोदन प्रदान कर चुकी है। उस वक्त वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया था कि देश और दुनिया में बढ़ते साइबर क्राइम को देखते हुए सभी 75 जनपदों में साइबर थानों की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। 18 मंडल मुख्यालयों में पहले से ही साइबर थाने मौजूद हैं, बल्कि अब बाकी बचे 57 जनपदों में भी थाने स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। इसकी स्थापना पर सरकार पर लगभग एक अरब, 27 करोड़, 24 लाख, 51 हजार रुपए से अधिक का व्यय भार अनुमानित है। इन थानों के स्थापित होने से न सिर्फ प्रदेश में साइबर क्राइम पर पैनी नजर रखी जा सकेगी, बल्कि उस पर प्रभावी कार्रवाई भी संभव हो सकेगी।

उन्होंने बताया था कि साइबर क्राइम में कन्विक्शन के मामले में यूपी सबसे ऊपर है। यूपी का कन्विक्शन रेट नेशनल साइबर क्राइम के कन्विक्शन रेट से काफी बेहतर है। साइबर क्राइम के मामलों में नेशनल कन्विक्शन रेट जहां 46.5 परसेंट है, वहीं उत्तर प्रदेश का कन्विक्शन रेट 87.8 परसेंट है। अब तक प्रदेश में 838 कन्विक्शन हुए हैं, जबकि दूसरे नंबर पर मौजूद मध्य प्रदेश में सिर्फ 59 कन्विक्शन हुए हैं। प्रदेश में 7122 क्रिमिनल अरेस्ट किए गए हैं, जबकि महाराष्ट्र में 2582 क्रिमिनल अरेस्ट किए गए। उत्तर प्रदेश में 2022 में 10,117 केस रजिस्टर हुए हैं। उन्नाव, रायबरेली, सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर खीरी, कानपुर देहात, इटावा, फतेहगढ़, कन्नौज, औरैया, मेरठ, गाजियाबाद, बुलंदशहर, बागपत, हापुड़, सुल्तानपुर, बाराबंकी, अमेठी, अंबेडकरनगर, एटा, हाथरस, कासगंज, मथुरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, जौनपुर, गाजीपुर, चंदौली, महाराजगंज, देवरिया, कुशीनगर, बलरामपुर,श्रावस्ती, बहराइच, बदायूं, शाहजहांपुर, पीलीभीत, रामपुर, बिजनौर, अमरोहा, संभल, प्रतापगढ़, फतेहपुर, कौशांबी, चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, सोनभद्र, भदोही, मऊ, बलिया, सिद्धार्थनगर, संत कबीरनगर, ललितपुर, जालौन, मुजफ्फरनगर एवं शामली में साइबर क्राइम थाने स्थापित किये जाएंगे।

# मोदी सरकार की ऑक्सीजन खत्म : डिंपल यादव

**इटावा,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव की सांसद पत्नी और मैनपुरी से पार्टी प्रत्याशी डिंपल यादव ने मंगलवार को कहा कि दो चरणों के चुनाव में ही मोदी सरकार की ऑक्सीजन पूरी तरह से समाप्त हो गई है और आखिरी चरण के मतदान तक मोदी सरकार वेंटीलेटर पर चली जायेगी। इटावा जिले की जसवंतनगर विधानसभा के बीना,लरखोर,मलाजनी और



**दो चरणों के चुनाव में ही मोदी सरकार की ऑक्सीजन पूरी तरह से समाप्त हो गई है और आखिरी चरण के मतदान तक मोदी सरकार वेंटीलेटर पर चली जाएगी : डिंपल यादव**

अहीरतोला में जनसभाओं को संबोधित करते हुये श्रीमती यादव ने कहा, पहले और दूसरे चरण में हुए मतदान के बाद जो सूचनायें सामने आ रही हैं, उसके मुताबिक भाजपा बुरी तरह पराजित होने जा रही है जबकि इंडिया गठबंधन को खासी बढ़त मिलती हुई दिख रही है जिसके आधार पर ऐसा कहा जा सकता है कि मोदी सरकार की ऑक्सीजन पहले और दूसरे चरण में खत्म हो गई है और आखिरी चरण के मतदान तक मोदी सरकार वेंटीलेटर पर जा पहुंचेगी। उन्होंने कहा, नेताजी (मुलायम सिंह यादव) को यही सच्ची श्रद्धांजलि मानी जाएगी कि उनकी पहले के मुकाबले अधिक मतों से जीत हो, इसलिए हमारी सभी कार्यकर्ताओं से यह पुरजोर अपील है कि बड़े पैमाने पर मतदान समाजवादी पार्टी के पक्ष में करें ताकि रिकॉर्ड मतों से जीत संभव हो सके।' सपा प्रत्याशी ने कहा कि भाजपा के नेताओं के इशारे पर देश राज्य और जिलों में दबाव की राजनीति बड़े पैमाने पर हो रही है। यह राजनीति के निचले स्तर तक आ पहुंची है, जहां ग्राम प्रधान को डराया धमकाया जा रहा है वहीं जिला पंचायत सदस्य और अन्य प्रभावित लोगों पर भी भाजपा के नेताओं के इशारे पर दबाव बनाया जा रहा है।


उन्होंने कहा कि यह चुनाव ना केवल सामाजिक मजबूती के लिए लड़ा जा रहा है बल्कि कमजोर और मजलूम को आर्थिक रूप से मजबूत करने का भी चुनाव है और सामाजिक मजबूती और मजलूम की आर्थिक मजबूती तभी संभव है जब समाजवादी पार्टी को व्यापक पैमाने पर जीत हासिल हो। श्रीमती यादव ने कहा कि मोदी सरकार के इशारे पर देश में विभिन्न पार्टियों के राजनेताओं पर लगाम न केवल कसी जा रही है बल्कि चुने हुए मुख्यमंत्री को भी जेल भेजने का काम किया जा रहा है।

उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश में किसान बेरोजगार बुरी तरीके से परेशान है। किसानों को जो वादे सरकार की ओर से किए गए थे, वह एक भी पूरे नहीं हुए बेरोजगारों को कहीं पर भी नौकरी नहीं मिली हुई है जबकि कई नौकरियां जरूर निकल गई है लेकिन उनके पेपर लीक करवा दिए गए हैं। सपा सांसद ने कहा, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा था कि हम वैक्सीन नहीं लगवाएंगे, उस समय भाजपा के पूरे तंत्र ने कहा था कि यह देश हित में नहीं है। उस समय अखिलेश जी ने कहा था कि क्योंकि इस वैक्सीन को क्लीयरेंस नहीं मिला है इसलिए हम वैक्सीन नहीं लगवाएंगे,असल में वैक्सीन कंपनी ने तब तक यह बात साफ नहीं की थी कि इसको लगाने का कोई साइड इफेक्ट नहीं है। उन्होंने कहा, आज हम देख रहे हैं,गांव-गांव शहर शहर में लोगों को अचानक हार्ट अटैक आ रहे हैं । लोग अचानक गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो जा रहे हैं। जल्दबाजी में यह वैक्सीन बनाई गई है और यह बात जग जाहिर हो चुकी है कि जिस कंपनी ने वैक्सीन बनाई है उस कंपनी से भाजपा ने करीब 200-300 करोड रुपए के आसपास चंदा लिया है उसके बाद उनको वैक्सीन लगाने की परमिशन दे दी गई।

## सार संक्षेप


### तक्षशिला पब्लिक स्कूल के छात्र का किक बॉक्सिंग में राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन

**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल के कक्षा 10 के विद्यार्थी अनमोल सिंह पुत्र उदयवीर सिंह ने सुभारती यूनिवर्सिटी में आयोजित उ.प्र. राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता 2024-25 में भाग लेते हुए लाइट कॉन्टेक्ट वर्ग में द्वितीय स्थान एंव किक लाईट वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए राष्ट्रीय स्तर के लिए अपना चयन सुनिश्चित किया। स्कूल के चेयरमैन डा0 ओमपाल सिंह व प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन कुमार पथरा तथा सभी शिक्षकों ने छात्र के राष्ट्रीय स्तर पर चयन होने के लिए उसे व उसके अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।



### स्प्रिंग डेल्स फैमिली में शामिल हुए नए विद्यार्थियों का किया स्वागत


**मवाना।** मेरठ रोड स्थित स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल के प्रांगण में वेलकम पार्टी का आयोजन किया गया। आयोजन नए विद्यार्थियों के स्वागत हेतु किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे विद्यार्थियों ने बहुत जोश व उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रबंधक मनोज रस्तोगी व प्रबंधिका मीनू रस्तोगी द्वारा मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर व विधिवत पूजा अर्चना द्वारा किया गया। तत्पचात मिशीका एंड ग्रुप ने स्वागत गीत की प्रस्तुति देकर नए विद्यार्थियों का जोरदार स्वागत किया। वाहिनी व वंशिका मिस ब्यूटीफुल अब्दुल वाहद मिस्टर हैंडसम चुने गए। विजेताओं को प्रबंधक व प्रबंधिका ने सशेज पहनाए व हार्दिक शुभकामनाएं दी।




रुद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में परिश्रम-2024 छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन

# 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों के लिए खुलेंगे कामयाबी के द्वार

**मवाना,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। मंगलवार का दिन रुद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ। प्राचार्य डॉ. उर्मिला मोरल और निदेशक डॉ. मनोज शर्मा के




नेतृत्व में बहुप्रतीक्षित रुद्रा छात्रवृत्ति परीक्षा परिश्रम-2024 का आयोजन किया गया। संस्थान ने उत्सुकता से भरे इस आयोजन के लिए पिछले महीने भर कड़ी तैयारी की थी। शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और उच्च शिक्षा प्राप्त करने में आर्थिक रूप से अक्षम छात्रों की सहायता करने के दोहरे उद्देश्य के साथ, परिश्रम-2024 में मवाना एवं मेरठ से कुल 3327 पंजीकरण हुए थे। कुल 2743 छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 1651 छात्र तथा 1092 छात्राएं उपस्थित रहीं। छात्रों और उनके अभिभावकों से बात करने पर उन्होंने बताया कि रुद्रा कॉलेज एकमात्र संस्थान है जिसने उन्हें इस प्रकार से आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया है। उन्होंने आगे बताया कि इस परीक्षा को देकर वह बहुत खुश हैं और उन्हें विश्वास है कि रुद्रा इंस्टीट्यूट उनके सपनों को साकार करने में उन्हें महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करेगा। मीडिया के एक समूह को संबोधित करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मोरल ने कहा कि आज हमने न केवल एक छात्रवृत्ति परीक्षा देखी, बल्कि प्रतिभा को पोषित करने और सपनों को सशक्त बनाने के लिए हमारी प्रतिबद्धता

- **2743 छात्रों ने लिया हिस्सा, 1651 छात्र व 1092 छात्राएं शामिल रही**
- **सपनों को सशक्त बनाने के लिए संस्थान प्रतिबद्ध : डा. उर्मिला मोरल**

का प्रमाण भी देखा। उन्होंने आगे कहा कि हमारा संस्थान हर छात्र को उनकी वित्तीय पृष्ठभूमि के बावजूद अटूट समर्थन प्रदान करने के लिए समर्पित है। संस्थान के निदेशक डॉ. मनोज शर्मा ने इस भावना को दोहराते हुए आश्वासन दिया, रुद्रा समूह के भीतर हर संस्थान छात्रों को उनके समृद्ध भविष्य की यात्रा पर मार्गदर्शन और समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. मोरल ने सराहना के भाव से संस्थान में कार्यरत सभी सहकर्मियों की परिश्रम-2024 की सफलता को आगे बढ़ाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए बधाई दी। परीक्षा समाप्त होने के उपरांत संस्थान द्वारा उच्च शिक्षा के बढ़ते आयाम विषय पर काउंसलिंग सत्र चलाया गया जिसमें सभी विद्यार्थियों ने अपनी जिज्ञासानुसार प्रश्न पूछे और संस्थान की काउंसलिंग टीम द्वारा उन्हें संतोषजनक उत्तर दिए गए।

# प्रथम चरण में मेरठ और मुरादाबाद में लगेंगे 23.82 लाख मीटर



**मेरठ,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. की प्रबन्ध निदेशक ईशा दुहन की अध्यक्षता में डिस्कॉम मुख्यालय में एडवान्स मीटरिंग एन्फ्रास्ट्रक्चर सर्विस प्रोवाईडर (एएमआईएसपी) के सम्बन्ध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मै. इन्टेली स्मार्ट लि. द्वारा पीपीटी प्रजेन्टेशन दिया गया। बैठक में एन.के. मिश्र निदेशक(तकनीकी), संजय जैन निदेशक(वाणिज्य), ए.के. वर्मा मुख्य अभियन्ता(वाणिज्य), एस.एम. गर्ग मुख्य अभियन्ता(सा.प.), मै. इन्टेली स्मार्ट लि. के प्रतिनिधि एवं स्मार्ट मीटर मेनुफैक्चर्स/कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

बैठक में प्रबन्ध निदेशक ने निर्देश दिए कि एडवांस मीटरिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर के सभी कार्य मिशन मोड में आरम्भ किए जाएं। उन्होंने कहा एडवान्स मीटरिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजना के लिए उत्तम मीटरिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर सेवा प्रदाता द्वारा गुणवत्तापूर्वक मीटर लगाने का कार्य दिसम्बर 2025 तक पूर्ण कर लिया जाये। प्रबन्ध निदेशक ने निर्देश दिये कि अधिकारी एडवान्स मीटरिंग एन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजना से सम्बन्धित नियमानुसार एस.ओ.पी. नियोजित रूप से बनाकर स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य किये जायें। एडवान्स मीटरिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजना आर.डी.एस.एस. के अन्तर्गत किया जाना है जिसमें प्रथम चरण में मेरठ और मुरादाबाद जनपदों में लगभग 23.82 लाख मीटर लगाये जायेंगे जिस पर लगभग रु. 2800 करोड़ रूपये की लागत आयेगी। एडवांस मीटरिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजना आंकड़ों के


- **एडवान्स मीटरिंग एन्फ्रास्ट्रक्चर को लेकर ऊर्जा भवन में बैठक**
- **सेवा प्रदाता संस्थान को गुणवत्तापूर्वक स्मार्ट मीटर लगाने के निर्देश**

विश्लेषण के आधार पर ऊर्जा मॉनिटरिंग एवं उपभोक्ताओं की मासिक खपत विश्लेषण इत्यादि की सुविधा की सटीक जानकारी प्रदान करता है। घरेलू, वाणिज्यिक, औद्योगिक आदि श्रेणी उपभोक्ता अपने उपयोग के आंकड़ों का विश्लेषण कर, बिजली बिल को कम करने के लिए अनुकूलित निर्णय ले सकेंगे। यह मीटर आसान मीटर रीडिंग के लिए बहुत उपयोगी साबित होंगे। बैठक में प्रबन्ध निदेशक ने निर्देश दिए कि जिन कार्यदायी संस्थाओं को ब्लैकलिस्ट किया गया है उनमें कार्य करने वाले कर्मियों को स्मार्ट मीटरिंग कार्य में न लिया जाए।

एडीएम सिटी की अध्यक्षता में हुई सैनिक बन्धु की बैठक

# समस्या को कोई भी नहीं हो रहा समाधान

**मेरठ,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने जनपद मेरठ के भूतपूर्व सैनिकों एंव उनके आश्रितों को सूचित करते हुए




बताया कि इस माह की सैनिक बन्धु बैठक बृजेश कुमार अपर-जिलाधिकारी (नगर) की अध्यक्षता में की गई। इस बैठक में जमीन से सम्बंधित 06 और पुलिस से संबंधित 04 शिकायते रही, भूतपूर्व सैनिक हव. सुशील कुमार, निवासी-नीमका, मवाना मेरठ का पिछले दो वर्षो से जमीन की डोल बन्दी के आदेश न्यायालय द्वारा होने के बाद भी उनकी समस्या का कोई भी समाधान नहीं हो पा रहा है। सुशील कुमार को उपजिलाधिकारी से मिलने को कहा गया है। बैठक में श्री प्रकाश अग्रवाल सीओ (कैन्ट), कर्नल डी.एस.वर्मा कर्नल वेटरन्स भी उपस्थित रहें। बैठक के अन्त मे कर्नल राजीव चौहान (आ.प्र.) ने आभार प्रकट करते हुए कहा की भूतपूर्व सैनिक की समस्याओ को गंम्भीरता से लें और प्रशासन से जल्द से जल्द कार्यवाही करने को कहा है।

सीडीओ की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

# अवैध कट बनाने वालो को चिन्हित कर कार्रवाई की जाए

**मेरठ,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में सड़क सुरक्षा के संबंध में संबंधित विभागों की कार्य योजना पर विचार विमर्श किया गया। परिवहन एवं पुलिस विभाग द्वारा दुर्घटनाओं को रोकने के लिए समेकित रूप से की गई कार्यवाही पर विचार किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने बंद किए गए 29 अनओथोराइज्ड कट तथा ब्लैक स्पोट की सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध कट बनाने वालों को चिन्हित कर उन पर कार्यवाही की जाये। उन्होने कहा कि वाहन चालको के नेत्र तथा ब्लड प्रेशर की जांच की जाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियो को सभी सडको पर

- **जनपद में सड़क सुरक्षा के प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता अभियान चलाया जाए**



प्रकाश व्यवस्था दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। सड़क सुरक्षा के प्रचार-प्रसार के संबंध में कृत कार्यवाही की जानकारी प्राप्त करते हुये उन्होने कहा कि जनपद में सड़क सुरक्षा के प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता अभियान चलाया जाए।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ट्रैक्टर, ट्रॉली एवं व्यवसायिक वाहन पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाये जाने, सर्विस रोड का निर्माण कराये जाने तथा ब्लैक स्पोटो पर रम्बल स्ट्रिप, संकेतक, साईन बोर्ड आदि लगाए जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सुभारती में फैशन की दुनिया के सितारों का जलवा

## डिजाइन कैसल 2024 का आयोजन किया गया

**मेरठ,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के नंदलाल बोस सुभारती कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट एंड फैशन डिजाइन द्वारा डिजाइन कैसल 2024 का आयोजन किया गया।

- **जोश, जज्बा, जुनून के साथ मॉडलस ने दिखाया दम**




सत्यजीत रे प्रेक्षागृह में आयोजित फैशन शो की थीम कॉकटेल करिश्मा पर आधारित रही।

फैशन शो का शुभारंभ मुख्य अतिथि मिस फ्लाइंग फेम ग्रैंड इंडिया 2023 देवांशी शर्मा, बॉलीवुड अभिनेता करण शर्मा, कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी.के. थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज, प्रतिकुलपति डॉ. अभय शंकरगौड़ा, फाइन आर्ट कॉलिज के डीन डॉ. पिंटू मिश्रा, फैशन और टेक्सटाइल डिजाइन विभाग प्रमुख डॉ. नेहा सिंह ने किया। इस दौरान देशभर से आए मॉडल ने अपने स्टाइल से सभी का मनमोह लिया। फैशन और टेक्सटाइल डिजाइन विभाग प्रमुख डॉ. नेहा सिंह ने बताया कि उनके विभाग द्वारा आयोजित फैशन शो में विभिन्न राउंड के माध्यम से रैम्प पर परिधानों को पेश किया गया। जिसमें रैम्प पर चलने का तरीका, खूबसूरत ड्रेस, आकर्षक मेकअप को दर्शाया गया जिससे पूरे फैशन शो में माहौल बहुत रंगारंग बना रहा। उन्होंने बताया कि इसी कार्यक्रम के अंतर्गत 6 दिवसीय मॉडलिंग वर्कशॉप में 80 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें प्रसिद्ध कोरियोग्राफर कपिल गौहरी द्वारा विद्यार्थियों को मॉडलिंग की बारीकियों से रूबरू कराया गया। इस शो की मेजबानी मॉडल सोनाली गुप्ता ने कुशलतापूर्वक की। सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी.के.थपलियाल ने कहा कि फैशन इंडस्ट्री सितारे की तरह जगमगा रही है तथा सुभारती विश्वविद्यालय का फाइन आर्ट कॉलिज छात्र छात्राओं को चमकती हुई दुनिया का सितारा बनाने की कला सिखा रहा है। उन्होंने डिजाइन कैसल में आए एक्टर, मॉडल एवं सभी छात्र छात्राओं को अपनी प्रतिभा से देश का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने सभी छात्र छात्राओं को कार्यक्रम के आयोजन की बधाई दी। उन्होंने कहा कि फाइन आर्ट एवं फैशन डिजाइन के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं है इसके लिये छात्र छात्राओं को कठिन परिश्रम करके मंजिल तक पहुंचना होता है, जो गुरुओं के बताये गये रास्ते पर चलकर प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने सभी मॉडल्स को अपनी शुभकामनाएं दी।

# किशोर अपराध में सोशल मीडिया का प्रभाव विषय पर चर्चा

**मेरठ,** 30 अप्रैल(देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय के लॉ क्लब के छात्रों द्वारा किशोर अपराध में सोशल मीडिया का प्रभाव पक्ष या विपक्ष विषय पर एक जीवंत परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें



छात्रों ने सोशल मीडिया के फायदे और नुकसान को खूबसूरती से समझाते हुए कहा है कि यह स्वाभाविक रूप से नकारात्मक नहीं है।यह एक उपकरण है जिसका सकारात्मक प्रभाव, शिक्षा से संबंध भी हो सकता है। किसी भी तकनीक की तरह, इसका प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि इसका उपयोग कैसे किया जाता है और इसे किस संदर्भ में लागू किया जाता है।कार्यक्रम का आयोजन लॉ क्लब की फैकल्टी कोऑर्डिनेटर डॉ. पल्लवी जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम का निर्देशन तनीषा साहू एलएलबी द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा ने किया।साबिया फलक, ऐमन, विथिका गोयल, दीक्षा गौड़, आकांशा गुप्ता, गार्गी, सोहम पांचाल और आकाश सिंह ने भाग लिया और और अंत में डॉ. शुभम शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन कर सभी का आभार व्यक्त किया।

# लोक पर्व 2024



देशबन्धु नई दिल्ली, बुधवार, 1 मई, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

## भाजपा के गढ़ में सेंध लगाने उतरी प्रणीति

### सियासी विरासत बचाने के साथ गढ़ सुरक्षित रखना चुनौती

**सोलापुर,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। कर्नाटक और तेलंगाना की सीमा से सटा सोलापुर लोकसभा क्षेत्र कभी कांग्रेस का अभेद्य किला हुआ करता था। यहां तक कि आपातकाल में भी यहां कांग्रेस को कोई डिगा नहीं पाया था, लेकिन बीते 10 साल में भाजपा ने यहां अपना वर्चस्व कायम किया है। बीते दस साल से भाजपा के कब्जे वाले सोलापुर लोकसभा सीट से इस बार दो विधायक मैदान में है। गांधी परिवार के विश्वासपात्र पूर्व केंद्रीय गृहमंत्री सुशील कुमार शिंदे की बेटी प्रणीति शिंदे भाजपा के इस गढ़ में सेंध लगाने के लिए मैदान में उतर पड़ी हैं। वहीं, हर बार प्रत्याशी बदलने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए भाजपा ने विधायक राम सातपुते के रूप में फिर नए चेहरे पर दांव लगाया है। दोनों युवा प्रत्याशी हैं। एक ओर विरासत बचाने तो दूसरी ओर गढ़ सुरक्षित रखने की चुनौती है।

कर्नाटक और तेलंगाना की सीमा से सटा सोलापुर लोकसभा क्षेत्र कभी कांग्रेस का अभेद्य किला हुआ करता था। यहां तक कि आपातकाल में भी यहां कांग्रेस को कोई डिगा नहीं पाया था, लेकिन बीते 10 साल में भाजपा ने यहां अपना वर्चस्व कायम किया है। महाराष्ट्र के दिग्गज



कांग्रेस नेता सुशील कुमार शिंदे दो बार भाजपा से मात खा चुके हैं। 2014 में मोदी लहर में चुनाव हारने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री शिंदे को 2019 में दूसरा झटका लगा था। लेकिन, इस बार वंचित बहुजन अघाड़ी के उम्मीदवार ने उनकी बेटी प्रणीति का समर्थन करते हुए नामांकन वापस ले लिया है। वहीं, असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने भी उन्हें समर्थन दे दिया है। तीन बार विधायक रहे माकपा नेता नरसैय्या अडाम भी इस बार शिंदे की बेटी के साथ हैं। इससे भाजपा की चुनौती बढ़ गई है।

**टैंकर के पानी पर निर्भर हैं ग्रामीण इलाके के लोग**

जल संकट की स्थिति यह है कि कई हिस्सों में आठ तो कुछ हिस्सों में सात दिन में लोगों को पानी नसीब हो रहा है। वहीं, ग्रामीण इलाकों में लोग टैंकर के पानी पर निर्भर हैं। खास बात यह है कि पानी की समस्या खत्म करने के वादे के साथ भाजपा दो बार चुनाव जीत गई लेकिन जलसंकट का समाधान नहीं हो सका है। सोलापुर के लोग चाहते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पानी की समस्या का समाधान करें। स्थानीय पत्रकार अविनाश कुलकर्णी कहते हैं कि गुटबाजी और राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी के कारण सोलापुर के विकास को गति नहीं मिल पा रही है। सोलापुर लोकसभा क्षेत्र में विधानसभा की कुल 6 सीटें हैं, जिसमें प्रणीति शिंदे कांग्रेस की इकलौती विधायक हैं।

### भाजपा का गन्ना किसान के बेटे पर भरोसा

सोलापुर में राम सातपुते, प्रणीति के अलावा बसपा के बबलू गायकवाड़ सहित 21 उम्मीदवार मैदान में हैं। गन्ना तोड़ने वाले मजदूर के बेटे विधायक सातपुते भाजपा से मैदान हैं, लेकिन इस बार जातिगत समीकरण बदले हैं। इससे लड़ाई उतनी आसान नहीं रह गई। भाजपा के लिए राहत की बात यह है कि युवा वर्ग उसके साथ है। दूसरी ओर, सोलापुरवासी अब भी गंभीर जलसंकट से जूझ रहे हैं। उजनी बांध शहर में पेयजल आपूर्ति का मुख्य स्रोत है, जिसका जलस्तर निचले स्तर पर पहुंच गया है। हालांकि अन्य झीलों से अतिरिक्त 160 एमएलडी पानी की आपूर्ति हो रही है।

### कांग्रेस के साथ जा सकता है लिंगायत समाज

सोलापुर में तेलुगू और कन्नड़ मतदाता भी बड़ी संख्या में रहते हैं। लिंगायत बहुल क्षेत्र में पद्मशाली समाज, अनुसूचित जाति, मुस्लिम और धनगर समाज बड़ी संख्या में है। यहां का लिंगायत और मराठा समाज परंपरागत तौर पर भाजपा का वोटबैंक माना जाता है, लेकिन श्री सिद्धेश्वर चीनी मिल की चिमनी गिराए जाने से लिंगायत नाराज हो गए हैं। मिल के पूर्व निदेशक व लिंगायत समाज के धर्मराज काड़ादी प्रणिति शिंदे के साथ हैं। यही नहीं, दलित और मुस्लिम वोटबैंक में इस बार बिखराव की स्थिति नहीं है।

## राहुल को उम्मीदवार बनाने की मांग को लेकर कांग्रेसी धरने पर

**अमेठी,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के अमेठी में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को प्रत्याशी घोषित किये जाने की मांग को लेकर स्थानीय कांग्रेसी धरने पर बैठ गए हैं।

कांग्रेस के केंद्रीय कार्यालय गौरीगंज में धरने पर बैठे कांग्रेसी कार्यकर्ता 'अमेठी मांगे राहुल गांधी' का नारा लगा रहे हैं। हाथ में नारे लिखे हुए कट आउट लहराते हुए कांग्रेस के नेता एवं कार्यकर्ता अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। अब देखना होगा कि इसका असर गांधी परिवार पर कितना पड़ता है।

**नामांकन के लिए तीन दिन ही बचे**

गौरतलब है कि नेहरू गांधी परिवार की पारंपरिक सीट अमेठी में अभी तक कांग्रेस पार्टी ने प्रत्याशी नहीं घोषित किया है। विगत कई महीनों से कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा दावा किया जा रहा था कि राहुल गांधी ही अमेठी से चुनावी मैदान में होंगे। जैसे-जैसे नामांकन की तिथि नजदीक आ रही है। यहां के कांग्रेसियों का धैर्य भी जवाब दे रहा है। जिस विश्वास से यहां के कांग्रेसी दावा कर रहे थे कि राहुल गांधी ही अमेठी से चुनाव लड़ेंगे वह विश्वास अब धीरे-धीरे टूटने लगा है। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि हम लोग गांधीवादी तरीके से अपने लीडर को एक संदेश देना चाहते हैं कि अब हम लोगों के सब्र का बांध टूट रहा है। जल्द ही अमेठी से गांधी परिवार के सदस्य को प्रत्याशी घोषित किया जाए । हम लोग पूरी अमेठी गांधी परिवार के स्वागत के लिए तैयार है। जल्दी से घोषणा की जाए और हम लोग चुनाव की दिशा में आगे बढ़े।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं है कि गांधी परिवार का सदस्य अमेठी से चुनाव नहीं लड़ेगा। उन्होंने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि गांधी परिवार का ही कोई सदस्य अमेठी से चुनाव लड़ेगा जिसकी घोषणा बहुत जल्द होगी।

कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल पूर्व जिला अध्यक्ष योगेंद्र मिश्रा यूथ अध्यक्ष शुभम सिंह कांग्रेस नेता धर्मेंद्र शुक्ला सहित दर्जनों कांग्रेस नेता धरने में शामिल है। गौरतलब है कि अमेठी लोकसभा सीट पर पांचवें चरण में आगामी 20 मई को मतदान होना है। नामांकन करने की अंतिम तिथि तीन मई चुनाव आयोग द्वारा घोषित की गई है। नामांकन को तीन दिन ही बचे हैं। ऐसे में कांग्रेस पार्टी द्वारा अमेठी में कैंडिडेट ने घोषित किए जाने से कांग्रेस के कार्यकर्ता निराश हो गए हैं अब देखना दिलचस्प होगा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन कितना कारगर होता है।

## शादी कार्ड की तर्ज पर झारखंड में वोटरों को भेजा जा रहा न्योता

**रांची,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। 'भेज रहे हैं स्नेह निमंत्रण, मतदाता तुम्हें बुलाने को, 20 मई भूल न जाना, वोट डालने आने को', 'हमारे सहज आमंत्रण को, स्वीकार करें प्रेम से, 25 मई को मतदान कर, उस लम्हे को सजाएं फ्रेम में, 'हमारे लोकसभा चुनाव में मतदान करने जरूर से जरूर आना।' शादी की तरह डिजाइनर कार्ड और उन पर लिखी पंक्तियां झारखंड में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए हैं।

कोडरमा और धनबाद के निर्वाचन पदाधिकारियों की ओर से जारी इस तरह के कार्ड की डिजिटल कॉपी सोशल मीडिया पर खूब घूम रही है। धनबाद लोकसभा सीट की निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा ने कार्ड को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया। वह कहती हैं कि यह आमंत्रण पत्र एक छोटा सा प्रयास है कि लोग मतदान के महत्व को समझें। हम चाहते हैं कि विवाह का शुभ निमंत्रण मिलने पर लोग जैसे पहुंचते हैं, वैसे ही मतदाता लोकतंत्र के पवित्र अनुष्ठान में सहभागी बनें।

गिरिडीह जिले के उपायुक्त और कोडरमा के निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की पहल पर इसी तरह के कार्ड बनाए गए हैं। लोग इन्हें सोशल मीडिया और मैसेजिंग ऐप के जरिए एक-दूसरे को भेज रहे हैं। कार्ड में निवेदक निर्वाचन पदाधिकारी हैं तो दर्शनाभिलाषी में पीठासीन पदाधिकारी के साथ मतदान दल सदस्य हैं। कार्ड पर बाल मनुहार भी दर्ज है, जिस पर लिखा है, हमारे लोकसभा चुनाव में मतदान करने जरूर-जरूर पधारना।

## मध्य प्रदेश में दल बदल ने कांग्रेस की नींद उड़ाई

**भोपाल,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में दल बदल के चलते मुश्किलों में घिरी कांग्रेस की लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा की ओर रुख करते नेताओं ने नींद उड़ा कर रख दी है। यह सिलसिला आगे भी जारी रहने वाला है।

**■ कांग्रेस इन हालातों से बाहर निकलने का नहीं खोज पा रही रास्ता**

कांग्रेस इन हालातों से बाहर निकलने का रास्ता नहीं खोज पा रही है। कांग्रेस के लिए लोकसभा चुनाव के दौरान सबसे बड़ा झटका इंदौर में लगा, जहां से पार्टी के उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने नामांकन वापसी के अंतिम दिन मैदान ही छोड़ दिया और वो भाजपा में शामिल हो गए। इससे पहले विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडिया' को खजुराहो में झटका लगा था, जहां आपसी समझौते के चलते यह सीट समाजवादी पार्टी को दी गई थी। समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार मीरा दीपक यादव का पर्चा निरस्त हो गया। इस तरह राज्य की 29 लोकसभा सीटों में से दो - खजुराहो और इंदौर ऐसी है जहां से कांग्रेस मुकाबले में ही नहीं है।

राज्य में कांग्रेस की बीते चार साल की स्थिति पर गौर करें तो पार्टी को लगातार नुकसान उठाना पड़ा है। वर्ष 2020 में तो पार्टी के 22 विधायकों ने ज्योतिरादित्य सिंधिया के नेतृत्व में भाजपा का दामन थाम लिया था जिससे कमलनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ही गिर गई थी। यह सिलसिला अब तक जारी है। पार्टी के कई दिग्गज से लेकर



विधायक, महापौर और कई पदाधिकारी भाजपा का दामन थाम चुके हैं।

सियासी गलियारों में मंगलवार को ग्वालियर चंबल इलाके में कांग्रेस को एक बड़ा झटका लगने की चर्चा है। यहां के दिग्गज नेता उस वक्त बीजेपी का दामन थाम सकते हैं, जब राहुल गांधी भिंड में जनसभा को संबोधित कर रहे होंगे। कांग्रेस की ओर से इस दिग्गज नेता को रोकने की हर संभव कोशिश की जा रही है। मगर वह इसमें सफल होंगे, इसकी संभावना कम ही है।

### बस्ती लोकसभा में कांग्रेस को चार दशकों से है जीत का इंतजार

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में लुप्तप्राय: हो चुकी कांग्रेस मौजूदा लोकसभा चुनाव में भले ही बेहतर प्रदर्शन का दावा कर रही है मगर सच है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी के लिए घनी आबादी वाले राज्य में अपनी जड़ों को सींचने के लिए और अधिक पसीना बहाना होगा। रायबरेली को छोड़ दिया जाये तो पिछले एक दशक में कांग्रेस का प्रदर्शन अधिसंख्य क्षेत्रों में चिंता में डालने वाला रहा है। ऐसी ही एक लोकसभा सीट बस्ती में कांग्रेस पिछले चार दशकों से जीत की बाट जोह रही है। कांग्रेस को यहां 1984 के बाद अब तक जीत का स्वाद नहीं मिल सका है। 1984 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के रामअवध प्रसाद लोकदल के राम दुलेरा सोनकर को एक लाख 54 हजार 602 मतों से हराकर सांसद बने थे। वर्ष 1989 में जनता दल के प्रत्याशी कल्पनाथ सोनकर ने कांग्रेस के रामअवध प्रसाद को 33 हजार 219 मतों से हरा दिया था जबकि 1991 में भाजपा के प्रत्याशी श्यामलाल कमल ने 71 हजार 465 मतों से जीत दर्ज की थी। 1996 में (भाजपा के श्रीराम चौहान 49 हजार 838 मतों से चुनाव जीतकर संसद भवन पहुंचे थे। 1998 तथा 1999 में लोकसभा चुनाव में भी श्रीराम चौहान ने यहां भगवा लहराया था। 2004 के लोकसभा चुनाव में बहुजन समाजपार्टी (बसपा) के प्रत्याशी लालमणि प्रसाद ने श्री चौहान को 25 हजार 374 मतों से हरा दिया था। 2009 के चुनाव में भी बस्ती से बसपा प्रत्याशी अरविन्द कुमार चौधरी जीते थे। 2014 के चुनाव में भाजपा के हरीश द्विवेदी ने मोदी लहर के बीच समाजवादी पार्टी (सपा) प्रत्याशी बृजकिशोर सिंह डिम्पल को 33 हजार 562 मतों से हराया और 2019 में भी हरीश द्विवेदी ने दोबारा जीत हासिल की।

## सीएम नवीन पटनायक ने हिंजिली विधानसभा सीट से दाखिल किया नामांकन

**भुवनेश्वर,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने मंगलवार को गंजाम जिले के हिंजिली विधानसभा क्षेत्र के लिए छत्रपुर उप कलेक्टर कार्यालय में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। सीएम पटनायक ने साल 2000 से लगातार पांच बार विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया है। वह छठी बार भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले मुख्यमंत्री बनने के लिए इस सीट पर नजर लगाए हुए हैं। प्रमुख विपक्षी दल भाजपा ने सिसिर मिश्रा को हिंजिली विधानसभा सीट से मैदान में उतारा है। वहीं, कांग्रेस से विधानसभा सीट के लिए रजनीकांत पाढ़ी चुनावी मैदान में हैं।



सीएम पटनायक मंगलवार सुबह वीके पांडियन के साथ प्रसिद्ध मां तारा तारिणी मंदिर के पास नरसिंहपुर चौक स्थित अस्थायी हेलीपैड पर पहुंचे। उन्होंने नामांकन दाखिल करने से पहले मंदिर में पूजा अर्चना की। बीजद सुप्रीमो दो विधानसभा क्षेत्रों, अपने गृह क्षेत्र हिंजिली और पश्चिमी ओडिशा के बोलांगीर जिले की कांटाबांजी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। हालांकि, उन्होंने अभी कांटाबांजी विधानसभा सीट के लिए नामांकन दाखिल नहीं किया है। साल 2019 में नवीन पटनायक ने हिंजिली सीट के साथ बारगढ़ जिले की बीजेपुर सीट पर भी चुनाव लड़ा था। हालांकि, बाद में उन्होंने बीजेपुर से विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था। अस्का लोकसभा क्षेत्र के हिंजिली विधानसभा क्षेत्र में 20 मई को मतदान होगा।

## बाबा विश्वनाथ भी दे रहे संदेश लोकतंत्र के महापर्व में करें मतदान

**वाराणसी,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए बाबा विश्वनाथ के दरबार में भी जागरूकता फैलाई जा रही है। मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए श्री काशी विश्वनाथ धाम में पोस्टर लगाए गए हैं। साथ ही टोकन, टिकट और वेबसाइट के जरिए भी मतदान की अपील की जा रही है।




श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के सीईओ विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि चुनाव में मतदान करने के लिए काशी विश्वनाथ धाम में पोस्टर लगाए गए हैं। विभिन्न प्रकार के टोकन और टिकट पर भी मतदान की अपील की गई है। ऑफिशियल वेबसाइट से भी संदेश दिए जा रहे हैं।

देश-प्रदेश से आए श्रद्धालुओं को जहां न्यास की तरफ से वोट देने की अपील की जा रही है, वहीं काशीवासियों को भी वोट प्रतिशत बढ़ाने का संदेश दिया जा रहा है। काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास की तरफ से 'मेरी काशी, मेरी शान-एक जून को करें मतदान' स्लोगन के जरिए स्थानीय लोगों से सातवें चरण में वोट देने की अपील की जा रही है।

## पूर्व सांसद रामा सिंह ने छोड़ा राजद का साथ

**पटना,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार में इस बार के लोकसभा चुनाव में टिकट कटने से नाराज नेताओं के पाला बदलने के जारी सिलसिले के बीच आज वैशाली के पूर्व सांसद रामकिशोर सिंह उर्फ रामा सिंह ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) को बड़ा झटका देते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया। सिंह ने मंगलवार को संवाददाताओं के सामने राजद से इस्तीफा देने की घोषणा करते हुए बताया कि उन्होंने अपना इस्तीफा राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव को भेज दिया है। उन्होंने कहा कि आरजेडी अपनी नीति और सिद्धांतों से भटक चुकी है। अपने आप को काफी आहत और उपेक्षित महसूस कर रहा हूं। आज मैं और मेरे समर्थक पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं।



**■ थामेंगे लाजपा-आर का हाथ**

सूत्रों की मानें तो सिंह लोकसभा चुनाव 2024 के लिए राजद से शिवहर या वैशाली लोकसभा सीट से टिकट की मांग कर रहे थे लेकिन पार्टी ने उन्हें टिकट ने देकर वैशाली से मुन्न शुक्ला और शिवहर से रितु जायसवाल को टिकट दे दिया। इससे वह नाराज थे। माना जा रहा है कि बुधवार को अपने समर्थकों के साथ चिराग पासवान की अगुवाई वाली लोक जनशक्ति पार्टी-रामविलास (लोजपा-आर) में शामिल होंगे।

गौरतलब है कि सिंह दो बार महनार विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने वैशाली संसदीय क्षेत्र में तत्कालीन लोजपा के टिकट पर चुनाव लड़कर राजद के कद्दावर नेता रघुवंश प्रसाद सिंह को करीब एक लाख वोट के अंतर से पराजित किया था। हालांकि वर्ष 2015 में वह लोजपा से इस्तीफा देकर राजद में शामिल हो गए थे। इसी तरह इस बार के लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने से नाराज होकर राजद का साथ छोड़ दिया।

## दक्षिणी दिल्ली से सहीराम पहलवान ने इंडिया गठबंधन की तरफ से दाखिल किया पहला नामांकन

**नई दिल्ली,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली में लोकसभा की सभी सातों सीटों पर नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। मंगलवार को इंडिया गठबंधन से आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार सहीराम पहलवान ने सबसे पहले नामांकन पत्र दाखिल किया। सहीराम दक्षिणी दिल्ली से चुनाव लड़ रहे हैं। सहीराम अपने पैतृक गांव तेहखंड से नामांकन के लिए सुबह 9:30 बजे निकले। सहीराम पहलवान ने पैतृक गांव तेहखंड के मंदिर में मां दुर्गा के बाद बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। सहीराम पहलवान ने समर्थकों के साथ तेहखंड गांव से कालकाजी, रविदास मार्ग होकर मेहरौली तक 8 किलोमीटर की आशीर्वाद यात्रा भी निकाली। इस दौरान रास्ते में आने वाले सभी विधानसभा क्षेत्रों के विधायक और पार्षद अपने कार्यकर्ताओं के साथ सहीराम के साथ नामांकन भरने निकले। नामांकन के दौरान दक्षिणी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी



सहीराम पहलवान के अलावा आम आदमी पार्टी के कई विधायक शामिल हुए। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सहीराम की आशीर्वाद यात्रा तेहखंड से निकली और कालकाजी से रविदास मार्ग होकर मेहरौली बदरपुर में समाप्त हुई। इस यात्रा में उनके साथ कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज और आतिशी भी थे। सहीराम पहलवान अपने हाथ में 'आप' का चुनाव चिन्ह झाड़ू लिए हुए थे और वोट की अपील करते हुए आगे बढ़ रहे थे। इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की 4 लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं। इसमें दक्षिणी दिल्ली लोकसभा सीट से सहीराम पहलवान (तुगलकाबाद से लगातार तीन बार के विधायक), नई दिल्ली सीट से सोमनाथ भारती, पश्चिमी दिल्ली से महाबल मिश्रा और पूर्वी दिल्ली समान्य सीट पर दलित समाज से कुलदीप कुमार को प्रत्याशी बनाया गया है। कुलदीप कुमार कोंडली से विधायक हैं।

### श्रीनगर से मैदान में उतरे पीडीपी के उम्मीदवार

## 'सबसे गरीब' और यूएपीए के तहत अभियुक्त भी

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। श्रीनगर संसदीय क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतरने वाले पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के उम्मीदवार वहीद-उर-रहमान पारा सबसे गरीब उम्मीदवार बताए जा रहे हैं, जबकि वे यूएपीए के तहत अभियुक्ष्त भी हैं जो 19 महीनों तक जेल में रहे हैं।



उनके द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, पारा घर की कीमत मात्र 32 लाख रुपए है और मासिक कमाई 40,000 रुपए से अधिक नहीं है। हालांकि, अपनी पार्टी के उनके प्रतिद्वंद्वी मुहम्मद अशरफ मीर पारा से कहीं अधिक अमीर हैं, उनकी कुल संपत्ति लगभग 31 करोड़ रुपए है। पारा ने श्रीनगर में रिटर्निंग ऑफिसर के सामने जो चुनावी हलफनामा दाखिल किया है, उससे पता चलता है कि हिरासत में रहने के कारण वह साल 2020 से 2022 तक कुछ भी नहीं कमा पाए हैं। पारा ने अपने चुनावी हलफनामे में बताया है कि

**■ मासिक कमाई 40,000 रुपए से अधिक नहीं**

उनके खिलाफ एनआईए जम्मू पुलिस स्टेशन में एफआईआर नंबर 05/2020 और सीआईके श्रीनगर पुलिस स्टेशन में एफआईआर नंबर 31/2020 दर्ज है। जिन धाराओं के तहत पारा पर आरोप लगाए गए हैं उनमें यूएपीए अधिनियम (गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम) की धारा 18, 19, 20, 23, 38, 13, 17, 18, 39, 40, यूएपीए के साथ शस्त्र अधिनियम की धारा 7/25 शामिल हैं। ईएस अधिनियम की धारा 120/बी, 3/04, आईपीसी (भारतीय दंड संहिता) की धारा 121/ए, 124/ए। वे इस मामले में 19 महीने जेल में भी रहे हैं।

2022-23 में उनकी आय 4,51,270 रुपए थी, जबकि 2023-24 में 4,70,310 रुपए थी। उनकी मासिक कमाई महज 39 हजार रुपए से ज्यादा नहीं है। उनके पास एक लाख रुपए नकद हैं। उनके पास कोई बचत या सावधि जमा नहीं है। हालांकि, उनके पास करीब 2 करोड़ रुपए कीमत की पुश्तैनी जमीन है। उनके पास 18 लाख की अचल संपत्ति और पुलवामा में एक पैतृक घर है, जिसकी कीमत 32 लाख रुपए है। इसके अलावा, हलफनामे के अनुसार, उन्होंने इस्लामिक यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (आईयूएसटी) से अंतरराष्ट्रीय संबंध (शांति और संघर्ष अध्ययन) में मास्टर डिग्री पूरी की है। दूसरी ओर, श्रीनगर संसदीय क्षेत्र से जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी के उम्मीदवार मोहम्मद अशरफ मीर ने अपने चुनावी हलफनामे में अपने पति या पत्नी और आश्रितों सहित चल और अचल संपत्ति दोनों का विवरण घोषित किया है। चल संपत्ति में मोहम्मद अशरफ मीर की कुल कीमत 97 लाख रुपए और उनके पति या पत्नी की 1,57,25,528 रुपए शामिल है। जहां तक अचल संपत्ति का सवाल है, मोहम्मद अशरफ मीर ने कृषि भूमि सहित वर्तमान बाजार मूल्य के अनुसार कुल मूल्य 1,54,00,000 रुपये घोषित किया है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने अपार्टमेंट सहित आवासीय भवनों के लिए कुल वर्तमान बाजार मूल्य लगभग 30.15 करोड़ रुपए घोषित किया है। मीर की संपत्ति में चल संपत्ति जैसे निजी वाहन, अचल संपत्ति जैसे आवासीय भवन और कृषि भूमि, साथ ही वित्तीय संपत्ति जैसे बचत जमा और कंपनियों/म्यूचुअल फंड में निवेश शामिल हैं।

उम्मीदवार की उच्चतम शैक्षणिक योग्यता 1995 में बीएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से कार्मिक प्रबंधन में बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) में मास्टर है। उनके पास एक टोयोटा फॉर्च्यूनर और एक महिंद्रा स्कॉर्पियो है। उपलब्ध कराए गए दस्तावेज़ के आधार पर, मीर के हाथ में 5,00,000 रुपए नकद और जम्मू कश्मीर बैंक में 1,25,528 रुपए की बचत जमा राशि है।

## बाड़मेर लोस सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जयपुर,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान में बाड़मेर लोकसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार रवींद्र सिंह भाटी के खिलाफ धारा 144 का उल्लंघन करने,



सरकारी काम में बाधा डालने और राजमार्ग को अवरुद्ध करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रवींद्र सिंह भाटी शेओ विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं और एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं।

मामला सोमवार को पचपदरा थाने में दर्ज हुआ। पुलिस निरीक्षक अमरा राम खोखर ने पुष्टि की कि भाटी समेत 32 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच सीआईडी-सीबी करेगी। 27 अप्रैल को भाटी ने अपने समर्थकों के साथ बालोतरा में एसपी कार्यालय का घेराव किया था। साथ ही उनके समर्थकों ने मतदान के दौरान गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कार्यालय के बाहर चार घंटे तक धरना दिया। भाटी ने आरोप लगाया था कि 26 अप्रैल को राजस्थान में हुए लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के दौरान उनके समर्थकों पर हमला किया गया था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि कई एनआरआई को वोट डालने से रोका गया, 100 बूथों पर फर्जी वोटिंग हुई और इसमें प्रशासन की मिलीभगत थी।

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 4.53 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 2.71 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.87 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.52 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 1.27 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 2.08 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 1.50 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.46 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.41 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.29 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 73,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74400 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 11700-11800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

## नेट जीरो के लिए एल्युमीनियम उद्योग को 29 अरब डॉलर की जरूरत : सीईईडब्ल्यू

- अभी पूरी तरह से अक्षय ऊर्जा की तरफ जाना संभव नहीं
- नेट-जीरो में उत्पादित एल्युमीनियम 61 प्रतिशत से ज्यादा महंगा होगा
- भारत के सबसे तेज बढ़ने वाले क्षेत्रों में से एक है एल्युमीनियम



**नई दिल्ली,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय एल्युमीनियम उद्योग को नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य को पाने के लिए 2.2 लाख करोड़ रुपए (लगभग 29 अरब डॉलर) की अतिरिक्त पूंजीगत निवेशक की जरूरत होगी।

काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) के एक स्वतंत्र अध्ययन में यह बात समाने आई है। इसके अलावा अक्षय ऊर्जा से मिलने वाली बिजली उद्योग से होने वाले कुल उत्सर्जन के 49 प्रतिशत हिस्से को घटा सकती है। वर्तमान में पूरी तरह से अक्षय ऊर्जा की तरफ जाना संभव नहीं है, क्योंकि इससे लगातार बिजली का उत्पादन नहीं होता है और ग्रिड फेल होने की स्थिति में वैकल्पिक स्रोत की भी जरूरत होगी। एल्युमीनियम बहुत ज्यादा इस्तेमाल होने वाली धातु है और उत्पादन के लिहाज से यह भारत के सबसे तेज बढ़ने वाले क्षेत्रों में से एक है, जिसका ऊर्जा क्षेत्र में काफी इस्तेमाल होता है।

सीईईडब्ल्यू का अध्ययन जो इस प्रमुख क्षेत्र को डीकार्बोनाइज करने की लागत का पता लगाने वाला अपनी तरह का पहला अध्ययन है, बताता है कि नेट-जीरो स्थिति में उत्पादित एल्युमीनियम 61 प्रतिशत से ज्यादा महंगा होगा। इस क्षेत्र को कार्बन मुक्त बनाने से परिचालन लागत में सालाना 26,049 करोड़ रुपए (3.5अरब डॉलर) की अतिरिक्त वृद्धि होगी।

भले ही भारत में प्रति व्यक्ति एल्युमीनियम की खपत काफी कम 2.5 किलोग्राम है जबकि वैश्विक औसत खपत 11 किलोग्राम है। लेकिन इस उद्योग ने 2019-20 में 7.7 करोड़ टन कार्बन-डाइऑक्साइड (एमटीसीओटू) का उत्सर्जन किया था। इस क्षेत्र से होने वाले कुल उत्सर्जन का 80 प्रतिशत हिस्सा एल्युमीनियम प्लांट में इस्तेमाल होने वाली बिजली से, जबकि शेष हिस्सा प्रक्रियागत उत्सर्जन और ऊर्जा खपत से आता है।

### अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड ने हासिल की ट्रिपल ए रेटिंग

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह के लिए सबसे अधिक लाभ देने वालों में से एक अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) को केयर रेटिंग्स ने एएए रेटिंग में अपग्रेड किया है। यह भारत में क्रेडिट-रेटिंग एजेंसियों द्वारा किसी को दी गई उच्चतम संभावित रेटिंग है। यह साख के सबसे मजबूत स्तर और निवेशकों को चुकाने की क्षमता का संकेत देती है। यह उपलब्धि भारत के निजी बुनियादी ढांचा क्षेत्र के लिए भी बड़ा महत्व रखती है। एपीएसईजेड को यह मान्यता प्राप्त करने वाला अपने पैमाने का पहला और एकमात्र निजी बुनियादी ढांचा डेवलपर के रूप में चिह्नित किया गया है। विशेष रूप से अडाणी एनर्जी सॉल्यूशन की डब्ल्यूटीजीएल (वेस्ट ट्रांसमिशन गुजरात लिमिटेड) और अलीपुरद्वार को भी इंडिया रेटिंग्स ने एएए रेटिंग दी है। हालांकि कंपनी स्तर पर एपीएसईजेड पहले स्थान पर है। रेटिंग अपग्रेड काफी हद तक एपीएसईजेड के मजबूत बिजनेस मॉडल, स्वस्थ लाभप्रदता के साथ परिचालन में मजबूत वृद्धि और उच्च तरलता के कारण प्रेरित था।

## आठ प्रमुख उद्योगों की उत्पादन वृद्धि मार्च में 5.2 प्रतिशत रही



- 2023-24 में बुनियादी उद्योगों की संचयी उत्पादन वृद्धि वार्षिक आधार पर 7.5 प्रतिशत रही

**नई दिल्ली,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। इस वर्ष मार्च माह में मुख्य रूप से सीमेंट, कोयला, बिजली और इस्पात उद्योग के अच्छे प्रदर्शन के साथ देश के बुनियादी क्षेत्र के आठ प्रमुख उद्योगों की उत्पादन वृद्धि आलोच्य माह में एक साल पहले की तुलना में 5.2 प्रतिशत ऊंची रही। इसके बाबजूद यह वृद्धि दर पिछले माह की तुलना में कम रही। फरवरी में बुनियादी उद्योगों की उत्पादन वृद्धि दर सालाना आधार पर 6.7 प्रतिशत थी।

वर्ष 2023-24 में बुनियादी उद्योगों की संचयी उत्पादन वृद्धि वार्षिक आधार पर 7.5 प्रतिशत रही। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा मंगलवार को जारी प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार मार्च 2024 में सीमेंट, कोयला, बिजली, प्राकृतिक गैस, इस्पात और कच्चे तेल का उत्पादन एक वर्ष पहले इसी माह की तुलना में ऊंचा रहा जबकि इस माह के दौरान उर्वरक और पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पादन में मार्च 2023 की तुलना में गिरावट दर्ज की गई। आईसीआई आठ प्रमुख उद्योगों के उत्पादन के संयुक्त और व्यक्तिगत प्रदर्शन को मापता है। इन आठ प्रमुख उद्योगों का देश के कुल औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में 40.27 प्रतिशत योगदान है। मार्च 2024 में सीमेंट उत्पादन मार्च, 2023 की तुलना में 10.6 प्रतिशत उंचा रहा। इसी अवधि के दौरान कोयला उत्पादन साल-दर-साल 8.7 प्रतिशत बढ़ा तथा कच्चे तेल और बिजली उत्पादन में क्रमश: दो प्रतिशत और आठ प्रतिशत की वृद्धि रही। इस बार मार्च में प्राकृतिक गैस का उत्पादन मार्च, 2023 की तुलना में 6.3 प्रतिशत बढ़ा तथा इस अवधि के दौरान इस्पात उत्पादन में साल-दर-साल 5.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

## खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख उड़द व मूंग दाल महंगी

**नई दिल्ली,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सामान्य रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा जबकि उड़द दाल और मूंग दाल महंगी हो गई वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मई का पाम ऑयल वायदा 84 रिंगिट गिरकर 3865 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.20 सेंट की गिरावट के साथ 43.17 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। मूंगफली तेल 733 रुपये और सूरजमुखी तेल 292 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हो गया जबकि सोया रिफाइंड 293 और वनस्पति तेल में 267 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में उड़द व मूंग दाल में 400-400 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों टिकाव रहा।

## मारुति सुजुकी की चालकों को प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण के लिए साझेदारी

**नई दिल्ली,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। सड़क सुरक्षा पहलों को बल देते हुए मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड ने अपने आईडीटीआर में व्यावसायिक वाहन चालकों को प्राथमिक चिकित्सा और ट्रॉमा देखभाल संबंधी प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रमुख चिकित्सा संस्थान एम्स और अंतरराष्ट्रीय सड़क महासंघ (आईआरएफ) के साथ साझेदारी की है। कंपनी ने कहा कि एक पायलट कार्यक्रम के माध्यम से हरियाणा, दिल्ली और बिहार में स्थित आईडीटीआर में 8,500 लोगों को मुख्य रूप से व्यावसायिक वाहन चालकों को प्रशिक्षित किया गया है। प्रतिभागियों को जय प्रकाश नारायण-एम्स ट्रॉमा सेंटर, दिल्ली के सहयोग से




- 8,500 व्यावसायिक वाहन चालकों को किया प्रशिक्षित
- दुर्घटना के बाद का पहला घंटा होता है 'गोल्डन आवर'

आपातकालीन देखभाल पर व्यापक प्रशिक्षण प्राप्त हुआ। यह प्रशिक्षण उन्हें सड़क दुर्घटना की स्थिति में 'गोल्डन ऑवर' के दौरान सड़क दुर्घटना के पीड़ितों की सहायता करने के लिए आवश्यक जानकारी और व्यावहारिक कौशल प्रदान करता है। दुर्घटना के बाद गोल्डन आवर दुर्घटना के बाद का पहला घंटा होता है, जिसके दौरान चिकित्सा की उपलब्धता द्वारा मृत्यु दर को कम किया जा सकता है।


ट्रॉमा सर्जरी और क्रिटिकल केयर के प्रोफेसर डॉ. अमित गुप्ता ने कहा कि प्रबल ट्रॉमा देखभाल प्रणालियों की अनुपस्थिति में, बुनियादी ट्रॉमा और प्राथमिक चिकित्सा के बारे में आसपास खड़े लोगों को प्रशिक्षित करने की तत्काल आवश्यकता है। क्योंकि आघात के बाद का समय महत्वपूर्ण है, इसलिए किसी भी सड़क दुर्घटना के समय वास्तविक रूप से सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वाले, आस-पास उपस्थित लोगों का प्रशिक्षण काफी सहायक हो सकता है।

## बारह समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार में गिरावट

**मुंबई,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर आईटी, धातु, तेल एवं गैस और टेक समेत बारह समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार पिछले दिवस की तेजी गंवाकर आज गिरावट पर रहा।

- सेंसेक्स 188.50 अंक टूटकर 74,482.78 पर
- निफ्टी 38.55 अंक उतरकर 22,604.85 पर बंद

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 188.50 अंक टूटकर 74,482.78 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 38.55 अंक उतरकर 22,604.85 अंक पर बंद हुआ। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में हुई लिवाली ने बाजार को संभाला। इससे बीएसई का मिडकैप 0.49 प्रतिशत की तेजी के साथ 42,121.40 और स्मॉलकेप 0.10 प्रतिशत चढ़कर 47,315.93 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3950 कंपनियों के शेयरों मे कारोबार हुआ, जिनमें से 1995 में गिरावट जबकि 1822 में तेजी रही वहीं 133 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 25 कंपनियां लाल जबकि 24 हरे निशान पर रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे। बीएसई के 12 समूहों पर बिकवाली का दबाव रहा। इससे कमोडिटीज 0.56, ऊर्जा 0.49, एफएमसीजी 0.20, हेल्थकेयर 0.44, आईटी 0.98, दूरसंचार 0.33, बैंकिंग 0.15, कैपिटल गुड्स 0.33, धातु 0.85, तेल एवं गैस 0.85, टेक 0.98 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.09 प्रतिशत कमजोर रहे।




विदेशी बाजारों का रुझान मिश्रित रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.41, जापान का निक्केई 1.24, हांगकांग का हैंगसेंग 0.09 और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.17 प्रतिशत उछल गया जबकि जर्मनी का डैक्स 0.39 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.26 प्रतिशत की गिरावट पर रहे।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 130 अंक की तेजी के साथ 74,800.89 अंक पर खुला और दमदार लिवाली की बदौलत दोपहर बाद 75,111.39 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। लेकिन अचानक हुई भारी बिकवाली से यह कारोबार के अंतिम चरण में 74,346.40 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 74,671.28 अंक के मुकाबले 0.25 प्रतिशत गिरकर 74,482.78 अंक रह गया।

इसी तरह निफ्टी भी 36 अंक चढ़कर 22,679.65 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,783.35 अंक के उच्चतम जबकि 22,568.40 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,643.40 अंक की तुलना में 0.17 प्रतिशत उतरकर 22,604.85 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में टेक महिंद्रा 2.08, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.50, टाटा स्टील 1.46, एचसीएल टेक 1.41, सन फार्मा 1.29, टीसीएस 1.24, एलटी 1.15, कोटक बैंक 1.01, इंफोसिस 0.97, एचडीएफसी बैंक 0.77, आईसीआईसीआई बैंक 0.77, भारती एयरटेल 0.66, आईटीसी 0.55, टाइटन 0.44, विप्रो 0.14, एसबीआई 0.05 और नेस्ले इंडिया 0.02 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, महिंद्रा एंड महिंद्रा 4.53, पावरग्रिड 2.71, इंडसइंड बैंक 1.87, बजाज फाइनेंस 1.52, बजाज फिनसर्व 1.27, टाटा मोटर्स 0.89, मारुति 0.87, एक्सिस बैंक 0.58, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.21, एशियन पेंट 0.11, अल्ट्रासिमको 0.05 और रिलायंस के शेयर 0.02 प्रतिशत लाभ में रहे।

## वित्तवर्ष 2024 में अदाणी टोटल गैस का मुनाफा 27 फीसदी बढ़ा

**अहमदाबाद,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रमुख सिटी गैस वितरण कंपनी अदाणी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) ने मंगलवार को वित्तवर्ष 2024 में 1,150 करोड़ रुपए के ईबीआईटीडीए की घोषणा की, जो कर के बाद समेकित लाभ (पीएटी) के साथ 668 करोड़ रुपए पर 27 फीसदी (साल-दर-साल) बढ़ गया, जो पिछले वित्तवर्ष की तुलना में 22 फीसदी ज्यादा है।




कंपनी ने एक बयान में कहा, परिचालन से राजस्व 4,813 करोड़ रुपए था, वित्तवर्ष 24 में कुल मात्रा 15 फीसदी और वित्तवर्ष 24 की चौथी तिमाही में 20 फीसदी बढ़ गई। अदाणी टोटल गैस के ईडी और सीईओ सुरेश पी. मंगलानी ने कहा कि वित्तवर्ष 2024 एटीजीएल के लिए एक परिवर्तनकारी वर्ष रहा है। हमने एक मजबूत परिचालन और वित्तीय प्रदर्शन किया और 15 फीसदी वॉल्यूम ग्रोथ के दम पर सालाना आधार पर 27 फीसदी ईबीआईटीडीए वृद्धि हासिल की। पीएनजी घरों की संख्या बढ़कर 8.20 लाख हो जाने से सीएनजी नेटवर्क बढ़कर 547 स्टेशनों तक पहुंच गया, जिससे पिछले वित्तवर्ष में 1.16 लाख नए घरों को पीएनजी से जोड़ा गया। कई भौगोलिक क्षेत्रों (जीए) में नेटवर्क विस्तार के कारण अकेले सीएनजी की मात्रा में 21 फीसदी (साल दर साल) की वृद्धि हुई।

## टेक महिंद्रा व एटेंटो ने की साझेदारी

**पुणे,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी टेक महिंद्रा ने अग्रणी ग्राहक संबंध प्रबंधन (सीआरएम) और बिजनेस ट्रांसफोर्मेशन आउटसोर्सिंग कंपनी एटेंटो के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की जिसके तहत जेनरेटिव एआई संचालित बिजनेस ट्रांसफोर्मेशन समाधान और सेवाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

कंपनी ने कहा कि इसके तहत अमेरिका, यूरोप, मध्य पूर्व और अफ्रीका तथा लैटिन अमेरिकी क्षेत्रों में ग्राहकों के लिए ग्राहक अनुभव (सीएक्स) परामर्श का लाभ उठाई जाएगी। लैटिन अमेरिका में निकटवर्ती सीएक्स क्षमताओं में एटेंटो के नेतृत्व और टेक महिंद्रा के वैश्विक पहुंच और सेवाओं की श्रृंखला को मिलाकर, साझेदारी 50 से अधिक भाषाओं में बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग (बीपीओ) समाधान और सेवाओं का एक व्यापक सूट प्रदान करेगी। ये समाधान बेहतर डिजिटल सीएक्स प्रदान करने के लिए उन्नत परिचालन दक्षता, स्केलेबिलिटी और चतुराई के साथ उद्यमों को सशक्त बनाएंगे।

टेक महिंद्रा के बिजनेस प्रोसेस सर्विसेज के बिजनेस प्रमुख बीरेंद्र सेन ने कहा कि टेक महिंद्रा में हम नवाचार की सीमाओं को आगे बढ़ाने और अपने ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए अपनी बिजनेस प्रोसेस सर्विसेज (बीपीएस) में लगातार सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एटेंटो के साथ साझेदारी अमेरिका, यूरोप में हमारी संयुक्त स्थिति को और मजबूत करेगी और लैटिन अमेरिका में नए संभावित व्यावसायिक अवसरों का लाभ उठाएगी।




बीपीओ समाधान और सेवाओं को एक ऑपरेटिंग सिस्टम (ओएस) और एक ऑपरेटिंग मॉडल (ओएम) के निर्माण और कार्यान्वयन के माध्यम से बढ़ाया जाएगा।

## भारत से जर्मनी जाने वाले पर्यटकों की संख्या में 32.6प्रतिशत की वृद्धि

- भारत से 2023 में जर्मनी ने 8 लाख से अधिक पर्यटकों का किया स्वागत

**नई दिल्ली,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। जर्मनी में पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है और भारतीय पर्यटक इस विकास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। भारत से 2023 में जर्मनी ने 8 लाख से अधिक पर्यटकों का स्वागत किया, जो पिछले वर्षों की तुलना में जर्मन पर्यटन में बड़ी वृद्धि है।

जर्मन राष्ट्रीय पर्यटक कार्यालय (जीएनटीओ) और जर्मन दूतावास ने यहां आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में भारतीय पर्यटकों को लेकर आज अपनी रिपोर्ट पेश की। जीएनटीओ में विपणन एवं बिक्री कार्यालय के निदेशक रोमित थियोफिलस ने कहा कि हाल के वर्षों में जर्मनी में अपने



**हमें भारतीय पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखकर खुशी हो रही है जो जर्मनी को अपनी पसंद के गंतव्य के रूप में चुन रहे हैं : थियोफिलस**

सबसे पसंदीदा यात्रा गंतव्य के रूप में देश को चुनने वाले भारतीय पर्यटकों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। 2022 की तुलना में 2023 में 32.6 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि, जर्मनी की समृद्ध संस्कृति, सुंदर परिदृश्य, ऐतिहासिक स्थलों और प्रसिद्ध पाक अनुभवों की खोज में भारतीय यात्रियों के बीच बढ़ती रुचि को दर्शाती है। पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन प्रथाओं के प्रति जर्मनी की प्रतिबद्धता यात्रियों को उनके पर्यावरणीय प्रभाव को कम करते हुए स्थायी सांस्कृतिक अनुभवों से मिलने का अवसर प्रदान करती है।

थियोफिलस ने कहा हमें भारतीय पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखकर खुशी हो रही है जो जर्मनी को अपनी पसंद के गंतव्य के रूप में चुन रहे हैं। जर्मनी जादुई थीम-मार्गों और पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन के साथ मिलकर प्राकृतिक सुंदरता और समृद्ध संस्कृति का एक संपूर्ण अनुभव प्रदान करता है। हमारा मानना है कि यह है गर्मजोशी भरे आतिथ्य और शानदार व्यंजनों का आनंद लेने के इच्छुक यात्रियों के लिए आदर्श स्थान। हम अधिक से अधिक भारतीय आगंतुकों का स्वागत करने और जर्मनी की पेशकश का सर्वोत्तम प्रदर्शन करने के लिए तत्पर हैं।

## सार संक्षेप

### अश्नीर ग्रोवर के खिलाफ निरोधक आदेश जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को भारतपे के पूर्व प्रबंध निदेशक अश्नीर ग्रोवर के खिलाफ एक निरोधक आदेश जारी किया, जिससे फिनटेक कंपनी के सह-संस्थापक, भाविक कोलाडिया द्वारा उन्हें हस्तांतरित 16,110 शेयरों में किसी भी तीसरे पक्ष के हित या अधिकार बनाने से रोक दिया गया। यह आदेश न्यायमूर्ति प्रतीक जालान ने ग्रोवर के खिलाफ चल रहे मुकदमे के तहत कोलाडिया द्वारा दायर एक अंतरिम आवेदन के जवाब में जारी किया था। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि ग्रोवर को कानूनी कार्यवाही के समापन तक शेयरों से संबंधित कोई भी तीसरे पक्ष की व्यवस्था करने से बचना चाहिए। ग्रोवर 2017 में सह-संस्थापक कोलाडिया और शाश्वत नाकरानी के भारतपे में शामिल हुए, 2018 में तीसरे सह-संस्थापक के रूप में उन्होंने पिछले साल सार्वजनिक रूप से कहा था कि वह इन शेयरों में किसी तीसरे पक्ष को शामिल नहीं करेंगे।

### मस्क ने टेस्ला के वरिष्ठ कर्मचारियों को किया बर्खास्त

**नई दिल्ली।** इस महीने छंटनी के बाद एलन मस्क अपनी इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला में और अधिक लोगों को नौकरी से निकाल रहे हैं। छंटनी से कंपनी के ग्लोबल कार्यबल का 10 प्रतिशत प्रभावित हुआ है। एलन मस्क ने पिछले हफ्ते कहा था कि टेस्ला को पुनर्गठित करने का समय आ गया है। इलेक्ट्रिक कार कंपनी ने इस साल जनवरी-मार्च अवधि में 1.13 बिलियन डॉलर का शुद्ध लाभ अर्जित किया, जो एक साल पहले के 2.51 बिलियन डॉलर से 55 प्रतिशत कम है। द इंफॉर्मेशन की एक रिपोर्ट के अनुसार एलन मस्क अपनी वरिष्ठ प्रबंधन टीम को कम कर रहे हैं और सैकड़ों अन्य कर्मचारियों की छंटनी कर रहे हैं। एलन मस्क द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को भेजे गए एक ईमेल के अनुसार टेस्ला के सुपरचार्जर समूह के वरिष्ठ निदेशक रेबेका टिनुची और नए उत्पादों के प्रमुख डैनियल हो कंपनी छोड़ रहे हैं। उन्होंने ने लिखा कि हमें कर्मचारियों की संख्या और लागत में कमी के बारे में बिल्कुल कट्टर होने की जरूरत है।

### क्लियरट्रिप के सीएफओ ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** फ्लिपकार्ट के स्वामित्व वाली ऑनलाइन ट्रैवल एग्रीगेटर क्लियरट्रिप ने मंगलवार को घोषणा की कि आदित्य अग्रवाल व्यक्तिगत कारणों से सीएफओ का पद छोड़ देंगे। अक्षत मिश्रा कंपनी में बिजनेस फाइनेंस के नए प्रमुख का पद संभालेंगे। कंपनी ने एक बयान में कहा कि स्मूथ ट्रांजिशन के लिए अग्रवाल कुछ महीनों तक क्लियरट्रिप के साथ बने रहेंगे। इसमें कहा गया है क्लियरट्रिप बिजनेस फाइनेंस टीम में दो साल के एक्सपीरियंस और फ्लिपकार्ट ग्रुप के भीतर आठ साल के एक्सपीरियंस के साथ, मिश्रा को क्लियरट्रिप के ऑपरेशन की गहरी समझ है। अग्रवाल ने क्लियरट्रिप में 9 साल तक काम किया, जहां उन्होंने इसकी फाइनेंशियल स्ट्रैटेजी और ऑर्गेनाइजेशन के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# खेल जगत

## हर्षित राणा पर लगा जुर्माना, एक मैच के लिए निलंबित

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाज हर्षित राणा पर ईडन गार्डन्स में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के मैच 47 के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 100 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और साथ ही उन्हें एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया है। राणा ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल 1 का अपराध किया। उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी की सजा स्वीकार कर ली। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है। खिलाड़ी को पहले आईपीएल आचार संहिता के समान स्तर और अनुच्छेद के तहत दंडित किया गया था।



# चेन्नई के खिलाफ लगातार पांचवीं जीत के साथ श्रेष्ठता बरकरार करने उतरेगी पंजाब

### चेन्नई सुपर किंग्स और पंजाब किंग्स में सुपर मुकाबले की उम्मीद

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। बेहद करीबी संघर्ष में लगातार चार मैच हारने के बाद अपने अंग्रेज बल्लेबाज जॉनी बैरिस्टो के विस्फोटक अविजित शतक और नौजवान शशांक सिंह के तूफानी अविजित अर्द्धशतक की बदौलत कोलकाता में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ टी-20 क्रिकेट के इतिहास में जीत के लिए 262 रन के सबसे बड़े लक्ष्य को आठ गेंदों के बाकी रहते मात्र दो विकेट खोकर हासिल कर जीत की राह पर लौटने वाली पंजाब किंग्स अब चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को एक बार फिर उसके घर चेन्नई में बुधवार को हरा कर उसके खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उसके खिलाफ लगातार पांचवी जीत के साथ अपनी श्रेष्ठता बरकरार रखने के मकसद से उतरेगी। एक दिलचस्प बात यह है कि पंजाब किंग्स ने चेन्नई सुपर किंग्स से अपने पिछले पांच में लगातार चार मैच जीते हैं और उसने बीते बरस 30 अप्रैल को मेजबान सीएसके को चेन्नई में अंतिम गेंद पर चार विकेट से हराया था। पंजाब किंग्स के लिए चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ बेहतरीन रिकॉर्ड बावजूद उसे उसके घरेलू दर्शकों के अपार समर्थन के बीच बुधवार को हराना भले ही आसान न हो लेकिन सुपर मुकाबले की पूरी उम्मीद है। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स की टीम लखनऊ सुपर जायंटस से पहले लखनऊ में आठ विकेट और अगले मैच में अपने घर में चेन्नई में छह विकेट से हारने के बाद कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की 98 रन की बेहतरीन पारी और तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे के गेंद से चौके और अपने स्लिंजिंग एक्शन के कारण बेहद मुश्किल तेज गेंदबाज मतीषा पथिराना और मुस्तफिजुर रहमान के दो - दो विकेट की बदौलत पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को 78 रन से हरा कर जीत की राह पर लौटने के साथ अंक तालिका में नौ मैचों में पांच जीत और चार हार के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। पंजाब से पिछले अपने लगातार चार मैच हारने वाली वहीं चेन्नई सुपर किंग्स के पास पहले अपने घर चेन्नई में बुधवार को फिर इससे अगले मैच में रविवार को पंजाब किंग्स से उसके दूसरे घरेलू मैदान धर्मशाला में लगातार हरा कर उसके खिलाफ अपना रिकॉर्ड सुधारने का मौका है। मौजूदा संस्करण में अकेले सबसे ज्यादा कुल 500 रन बनाने वाले आरसीबी के विराट कोहली के बाद अब तक 9 पारियों में दो बार अविजित रहकर एक शतक और तीन अर्द्धशतक सहित कुल 447 रन बना दूसरे स्थान पर चल रहे कप्तान ऋतुराज गायकवाड़, उनके साथ उनकी तरह तीन अर्द्धशतक जड़ने वाले शिवम दुबे (कुल 350 रन) और पिछले मैच में अपना पहला अर्द्धशतक जड़ने वाले डैरल मिचेल (कुल198 रन) को चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के सिलसिले को आगे बढ़ा उसका प्ले ऑफ के लिए दावा और मजबूत करना है तो उन्हें पंजाब किंग्स के मौजूदा सीजन में मुंबई इंडियंस के जसप्रीत बुमराह (कुल 14 विकेट), मुस्तफिजुर रहमान (कुल 14 विकेट) के साथ संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले पंजाब किंग्स के कामयाब तेज गेंदबाज हर्षल पटेल (कुल 14 विकेट), अर्शदीप सिंह (कुल 12 विकेट), सैम करेन (कुल 12 विकेट) और कसिगो रबाड़ा(कुल दस विकेट) से पार पाना होगा। चेन्नई किंग्स जिस तरह लखनऊ सुपर जायंटस से अपने दोनो मैच लगातार हारी है उसके मद्देनजर उसके लिए पंजाब किंग्स के खिलाफ लगातार दोनों मैच जीतना आसान कतई नहीं लगता है। चोट के कारण पिछले लगातार चार मैच से बाहर रहने वाले पंजाब किंग्स के नियमित कप्तान शिखर धवन पिछले मैच में कोलकाता में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ भी खेले थे लेकिन टीम के साथ नजर आए है।




आईपीएल 2024

■ पंजाब ने चेन्नई से अपने पिछले पांच में लगातार चार मैच जीते
■ सनराइजर्स को हराने केबाद चेन्नई सुपर किंग्स पहुंची तीसरे स्थान पर

# विराट हमारी बॉलीवुड बिरादरी के लिए 'दामाद' की तरह हैं : शाहरुख

नई दिल्ली, 30 अप्रैल (एजेंसियां)। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के सह-मालिक और बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान ने भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली की जमकर तारीफ करते हुए कहा, मैं उनसे प्यार करता हूं।

विराट कोहली के साथ अपने रिश्ते पर बात करते हुए शाहरुख ने कहा कि मैंने उनके साथ काफी समय बिताया, मैं उनसे प्यार करता हूं। हम कहते हैं कि वह हमारी बिरादरी के दामाद हैं। मैं अन्य खिलाड़ियों की तुलना में उन्हें सबसे ज्यादा जानता हूं। मैं विराट और अनुष्का को लंबे समय से जानता हूं और उनके साथ काफी समय बिताया है। केकेआर के सह-मालिक ने स्टार स्पोर्ट्स को बताया कि मैं उन्हें तब से जानता हूं जब उनका डेटिंग पीरियड चल रहा था और मैं अनुष्का के साथ फिल्म की शूटिंग कर रहा था। इसलिए, उन्होंने हमारे साथ कई दिन बिताए। शाहरुख ने विराट की पत्नी और एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा के साथ 'रब ने बना दी जोड़ी', 'जब तक है जान' जैसी कई फिल्मों में काम किया है। वह 2017 में उनकी शादी में भी शामिल हुए थे। लेकिन यह सिर्फ ऑन-स्क्रीन जादू नहीं है जो इन दोनों को बांधता है; उनकी ऑफ-स्क्रीन मुलाकातें भी उतनी ही मनमोहक हैं।

शाहरुख ने विराट के डांस करने के मजाकिया अंदाज पर कहा कि तो,मैंने उसे पठान फिल्म के शीर्षक गीत के डांस स्टेप सिखाए। मैंने उन्हें भारत के एक मैच में देखा था, उन्होंने मैच में रवींद्र जड़ेजा के साथ डांस करने की कोशिश की थी। वे उस डांस स्टेप को करने की कोशिश कर रहे थे, मुझे बहुत दुख हुआ कि वे इसे इतनी बुरी तरह से कर रहे थे! मैंने उनसे कहा कि आइए मैं आपको स्टेप्स सिखाऊं ताकि अगले विश्व कप और अन्य चैंपियनशिप में जब भी आप डांस करें तो कम से कम मुझे फोन करें और पूछें कि स्टेप्स कैसे करते हैं। फैंस 3 मई 2024 को शाम 6ः15 से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर शाहरुख खान का साक्षात्कार देख सकते हैं।




मैंने विराट के साथ काफी समय बिताया, मैं उनसे प्यार करता हूं। मैं अन्य खिलाड़ियों की तुलना में उन्हें सबसे ज्यादा जानता हूं: शाहरुख खान, बॉलीवुड अभिनेता

# विश्वनाथ, आकाश, प्रीत एशियन अंडर-22 एवं यूथ बॉक्सिंग के सेमीफाइनल में

अस्ताना, (कजाकिस्तान), 30 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय मुक्केबाज विश्वनाथ सुरेश, आकाश गोरखा और प्रीत मलिक मंगलवार को यहां एशियाई अंडर-22 और यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2024 में शानदार जीत के साथ पुरुषों के अंडर-22 सेमीफाइनल में पहुंच गए। मौजूदा युवा विश्व चैंपियन विश्वनाथ (48 किग्रा) ने भारत के लिए नेतृत्व किया और ईरान के हसनी सैयदरशाम पर हावी होकर एकतरफा मुकाबले में 5-0 से आसान जीत हासिल की। सीनियर राष्ट्रीय चैंपियन आकाश (60 किग्रा) ने भी इसी तरह का प्रदर्शन करते हुए ईरान के इबादी अरमान को 5-0 के समान स्कोर से हराया।




इस बीच, प्रीत (67 किग्रा) को भी वियतनाम के गुयेन डुक एनगोक के खिलाफ पहले दौर में ही रेफरी स्टॉपिंग द कॉन्टेस्ट (आरएससी) के फैसले के साथ मुकाबला खत्म करने में ज्यादा समय नहीं लगा। हालांकि, कुणाल (75 किग्रा) क्वार्टर फाइनल में ईरान के महशरी मोहम्मद के खिलाफ 0-5 से हारकर बाहर हो गए।

**अंडर-22 सेमीफाइनल शनिवार को खेला जाएगा।**

जुगनू (86 किग्रा), रिदम (+92 किग्रा), तमन्ना (50 किग्रा), प्रीति (54 किग्रा) और प्रियंका (60 किग्रा) मंगलवार को अपना अंडर-22 क्वार्टर फाइनल खेलेंगे।

सोमवार देर रात, राहुल कुंडू (75 किग्रा), लक्ष्य राठी (+92 किग्रा), और लक्ष्मी (50 किग्रा), तमन्ना (54 किग्रा), यात्री पटेल (57 किग्रा) और सृष्टि साठे (63 किग्रा) विजयी होकर युवा वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंचे।

# आईपीएल बुलेट ट्रेन जैसा हो गया है, गेंदबाजों के लिए कुछ नहीं बचा : बिश्नोई

कोलकाता, 29 नवंबर (एजेंसियां)। लखनऊ सुपर जॉयंट्स के लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने अपने प्रदर्शन के प्रति निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) बुलेट ट्रेन जैसा हो गया है, गेंदबाजों के लिए कुछ नहीं बचा।

मुंबई इंडियंस के साथ होने वाले अहम मैच से एक दिन पहले बिश्नोई ने कहा कि खेल बड़ा तेज हो गया है और इस सत्र तो यह बुलेट ट्रेन जैसा चल रहा है। फ्रेंचाइजी क्रिकेट बहुत खतरनाक स्तर से ऊपर चली गई है और बहुत ज्यादा तेजी से भी खेली जा रही है। आपने देखा होगा कि गेंदबाजों के लिए कुछ नहीं बचा है। इस बार 260 रन भी हासिल हो रहे हैं। अंतिम चार ओवर में 60 रन चाहिए, वो दो ओवर में बन जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत रूप से पूछेंगे तो मतलब जैसा मैं चाह रहा था, सीज़न वैसा नहीं जा रहा है। लेकिन एक टीम के रूप में हमारा सीज़न बड़ा अच्छा जा रहा है। मैं बड़ा खुश हूं, लेकिन व्यक्तिगत तौर पर मैं प्रयास कर रहा हूं कि और बेहतर करके टीम को और अच्छी पोजीशन में पहुंचा सकूं। अगर मैं और थोड़ा अच्छा करूंगा तो टीम और अच्छी स्थिति में होगी। टी-20 विश्वकप में चयन को लेकर पूछे गये सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि ये काम अभी सर मेरे हिसाब से चयनकर्ताओं पे ही छोड़ दें तो ज्यादा बेहतर रहेगा क्योंकि उनका जो फैसला रहेगा वो काफी चीजें सोच समझकर रहेगा और उनको जो बेहतर लगेगा वही करेंगे। व्यक्तिगत तौर पर पूछोगे तो बिलकुल वर्ल्ड कप एक बड़ी चीज होती है और हर कोई खेलना चाहता है अपनी लाइफ में। मैं भी जरूर खेलना चाहता हूं लेकिन अभी इस समय ये काम चयनकर्ताओं पर ही छोड़ दें तो ज्यादा अच्छा होगा।

मयंक यादव की गेंदबाजी को लेकर उन्होंने कहा कि मयंक के पास जैसी गति है वो हर मैच में हमारे लिए अहम है, लेकिन उसकी फिटनेस हमें देखनी पड़ेगी। इतनी स्पीड से बॉल डालना आपको भी पता है कि बड़ा मुश्किल काम है। अगर वो पूरी तरह फिट नहीं है तो हम उसके साथ रिस्क नहीं ले सकते। थोड़ा बहुत भी उसका जो भी निर्णय है वो मैनेजमेंट ले रही है। उल्लेखनीय है कि रवि बिश्नोई ने अब तक खेले नौ मैचों में केवल पांच विकेट चटकाए हैं।




मैं बड़ा खुश हूं, लेकिन व्यक्तिगत तौर पर मैं प्रयास कर रहा हूं कि और बेहतर करके टीम को और अच्छी पोजीशन में पहुंचा सकूं : रवि बिश्नोई, लेग स्पिनर

## सार संक्षेप

### जापान ने किया अंडर 23 एशियाई कप फाइनल में प्रवेश

**दोहा।** जापान की फुटबॉल टीम एएफसी अंडर 23 एशियाई कप के सेमीफाइनल में इराक को 2-0 से हराकर फाइनल में पहुंच गयी है। कतर के जसीम बिन हमद स्टेडियम में सोमवार को मिली इस जीत के साथ जापान की टीम ने पेरिस ओलंपिक खेल 2024 का कोटा भी प्राप्त कर लिया है। पहले हॉफ में जापान की ओर से 22 वर्षीय माओ होसोया ने 28वें मिनट में सबसे पहले गोल किया, उसके बाद रयोटारो अराकी ने 42वें मिनट में दूसरा गोल किया। दूसरे हॉफ में दोनों टीमों गेल के प्रयास किये लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली और जापान ने बढ़त बरकरार रखते हुए मुकाबला 2-0 से जीत लिया। फाइनल में जापान का मुकाबला उज्बेकिस्तान से होगा। यह पहली बार है जब जापान की टीम 2016 के बाद इस टूर्नामेंट के अंतिम चार में पहुंची है। इस जीत के साथ जापान को ओलंपिक कोटा प्राप्त हुआ है और यह पेरिस 2024 खेलों में उनकी 12वीं उपस्थिति होगी।

### मनदीप के गोल से वायुसेना रेस में आई

**नई दिल्ली।** प्लेयर ऑफ द मैच स्ट्राइकर मनदीप सिंह के शानदार गोल की बदौलत भारतीय वायुसेना (पालम) ने यूनाइटेड भारत को 1-0 से पराजित कर डीएसए सीनियर डिवीजन लीग 2023-24 में पूरे तीन अंक अर्जित किए। मंगलवार को तेज हवाओं के बीच धूल भरे पूर्वी दिल्ली स्थित ईस्ट विनोद नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लैक्स के उबड़-खाबड़ मैदान पर खेले गए इस मुकाबले में दोनों टीमों ने अपना श्रेष्ठ देने की भरसक कोशिश की लेकिन खिलाड़ियों की मेहनत पर ग्राउंड की खस्ता हालत भारी पड़ी। आज की जीत के साथ ही वायुसेना एक बार फिर से सुपर सिक्स की दौड़ में शामिल हो गई है। उसके सात मैचों में दस अंक हो गए हैं जबकि यूनाइटेड भारत के छह मैचों में ग्यारह अंक हैं। दिन के एकमात्र मुकाबले में लंबे समय बाद कोई अच्छा मैच देखने को मिला।

### आप उस तरह का क्रिकेट खेलिए जो आपको भाता हो :गिलेस्पी

**लाहौर।** पाकिस्तान के टेस्ट टीम के मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी ने खिलाड़ियों को सलाह देते हुए कहा है कि टीम को ऐसा क्रिकेट खेलना चाहिए जो उन्हें भाता है। गिलेस्पी ने पाकिस्तान क्रिककेट बोर्ड (पीसीबी) के मीडिया पॉडकास्ट में कहा कि मेरा मानना है कि आप वह बनने की प्रयास ना करें जो आप हैं ही नहीं। मैं साधारण तौर पर चाहता हूं कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम वो क्रिकेट खेले जो उन्हें भाता है और मेरे लिए यही जरूरी है। उन्होंने कहा कि आप किस तरह आगे बढ़ेंगे इसको लेकर आपको पुख्ता होना होगा। मैं वहां जाकर कहूंगा कि सकारात्मक, आक्रामक और मनोरंजक रहिए। चेहरे पर मुस्कान के साथ खेलिए और हमारे प्रशंसकों का मनोरंजन कीजिए।

# गुवाहाटी का राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र 2025 में बीडब्लूएफ विश्व जूनियर्स की मेजबानी करेगा

नई दिल्ली, 30 अप्रैल (एजेंसियां)। विश्व बैडमिंटन के प्रमुख केंद्रों में से एक के रूप में भारत की छवि को मंगलवार को और बढ़ावा मिला जब बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन ने चेंगदू में बीडब्ल्यूएफ थॉमस और उबेर कप 2024 से इतर बीडब्ल्यूएफ की वार्षिक आम बैठक के दौरान गुवाहाटी को 2025 बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप की मेजबानी के अधिकार आवंटित किए। प्रतिष्ठित टूर्नामेंट, जिसकी मेजबानी भारत दूसरी बार करेगा, नए अत्याधुनिक राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में आयोजित किया जाएगा, जिसने पिछले साल अगस्त में अपने उद्घाटन के बाद से सुविधाओं और स्टेडियम की क्षमता के लिए विश्व स्तर पर प्रशंसा अर्जित की है। गुवाहाटी में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में 14 बैडमिंटन कोर्ट, एक अंतरराष्ट्रीय मानक व्यायामशाला और लगभग 4000 दर्शकों के बैठने की क्षमता है। बीडब्ल्यूएफ के अध्यक्ष पॉल-एरिक होयर ने एक बयान में कहा कि भारत में विशिष्ट बैडमिंटन प्रतिभाओं का विकास तेजी से बढ़ रहा है, और बीडब्ल्यूएफ के लिए हमारे विश्व जूनियर्स को भारत लाना बहुत महत्वपूर्ण है। बीएआई का बिल्कुल नया राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र बैडमिंटन के लिए एक अत्याधुनिक सुविधा है और यह हमारी अगली पीढ़ी की प्रतिभाओं के लिए टीम और व्यक्तिगत गौरव के लिए लड़ने का एक आदर्श क्षेत्र होगा। गुवाहाटी ने पिछले साल दिसंबर में बीडब्लूएफ सुपर 100 प्रतियोगिता, गुवाहाटी मास्टर्स की सफलतापूर्वक मेजबानी की थी और फीडबैक भी भारत के पक्ष में निर्णय को झुकाने में प्रमुख समर्थकों में से एक था। बीएआई महासचिव संजय मिश्रा, जो एजीएम में भी मौजूद थे, ने कहा कि गुवाहाटी को बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड जूनियर्स का आवंटन एक बैडमिंटन पावरहाउस के रूप में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा का प्रमाण है जो न केवल चैंपियन खिलाड़ियों का उत्पादन कर सकता है बल्कि मेगा अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों की मेजबानी भी कर सकता है।



भारत में विशिष्ट बैडमिंटन प्रतिभाओं का विकास तेजी से बढ़ रहा है : पॉल-एरिक होयर, अध्यक्ष बीडब्ल्यूएफ

# एआई की मदद से पेरिस ओलंपिक को नया आकार देगी आईओसी

जेनेवा, 30 अप्रैल (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने घोषणा की है कि पेरिस ओलंपिक 2024 और पैरालंपिक खेल एआई-संचालित टेक्नोलॉजी की मदद से व्यापक और इंटरैक्टिव ऑन-साइट अनुभव प्रदान करेंगे। आईओसी के मुख्य सूचना प्रौद्योगिकी अधिकारी इलारियो कॉर्ना ने कहा कि इंटेल के साथ हमारी साझेदारी ने हमें एक ऐसे क्षेत्र में पहुंचा दिया है, जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संचालित उभरती प्रौद्योगिकियां दर्शकों, एथलीटों, आईओसी कर्मचारियों और भागीदारों के लिए खेल की दुनिया को नया आकार दे रही हैं। अपने एआई-संचालित समाधानों के माध्यम से इंटेल ने हमें पहले से कहीं अधिक तेजी से एआई तैनात करने में सक्षम बनाया है। साथ में पेरिस में, हमारा सहयोग एक ऐसा ओलंपिक अनुभव तैयार करेगा जैसा पहले कभी नहीं हुआ, जो खेल के माध्यम से एक बेहतर दुनिया के निर्माण के लिए हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इस गर्मी में पेरिस में होने वाले ओलंपिक खेलों में दर्शक पहली बार 8के लाइवस्ट्रीमिंग प्रसारण का आनंद ले सकेंगे। आईओसी ने कहा कि अन्य प्रौद्योगिकियां भी प्रशंसकों को इंटरैक्टिव, एआई-संचालित सक्रियणों का अनुभव देने के लिए ओलंपिक एथलीट बनने की यात्रा तैयार करेंगी।



# भारतीय महिला बैडमिंटन टीम चीन से 5-0 से हारी

चेंगदू, 30 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय महिला बैडमिंटन टीम को मंगलवार को मेजबान चीन के खिलाफ 5-0 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बावजूद भारत ग्रुप ए से दूसरी सर्वश्रेष्ठ टीम के रूप में थॉमस और उबेर कप 2024 क्वार्टरफाइनल के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहा। आज यहां हुये मुकाबले में भारत को 15 बार के विजेता चीन से 5-0 से हार मिली। 20 वर्षीय ईशारानी बरुआ का पहले एकल मैच में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन चेन युफेई से सामना हुआ। 33 मिनट तक चले मुकाबले में उन्हें 21-12, 21-10 से हार मिली। 17 वर्षीय राष्ट्रीय चैंपियन अनमोल खरब को एशियन गेम्स 2023 की रजत पदक विजेता हान यू के खिलाफ दूसरे एकल मुकाबले के दौरान अपना टखना मुड़ने की वजह से रिटायर हर्ट होना पड़ा। खरब को पहले गेम 21-9 से हार मिली थी और दूसरे गेम में वह 4-1 से पीछे चल रही थीं। भारत की युगल राष्ट्रीय चैंपियन प्रिया कोनजेंगबाम और श्रुति मिश्रा का तीसरे मुकाबले में दुनिया की नंबर वन चेन किंग चेन और जिया यी फैन से सामना हुआ। भारतीय जोड़ी को 45 मिनट तक चले मुकाबले में 21-13, 21-12 से हार का सामना करना पड़ा और इस तरह चीन ने मुकाबले में 3-0 की अजेय बढ़त बना ली। सिमरन सिंघी और रितिका ठाकर को चौथे मुकाबले में चीन की लियू शेंग शू और टैन निंग से 21-9, 21-10 से हार गई।



# नडाल मैड्रिड ओपन के चौथे दौर में

मैड्रिड, 30 अप्रैल (एजेंसियां)। पांच बार के चैंपियन राफेल नडाल ने चोट से वापसी जारी रखते हुए मैड्रिड ओपन के चौथे दौर में जगह बना ली है। स्पैनियार्ड ने 2022 के बाद पहली बार किसी टूर-स्तरीय कार्यक्रम में चौथे दौर में पहुंचने के लिए पेड्रो कैचिन को 6-1, 6-7(5), 6-3 से हराया। नडाल ने खुद को अर्जेंटीना के कैचिन के साथ लड़ाई में फंसा हुआ पाया। पहले सेट में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद, उन्होंने दूसरा सेट टाई ब्रेक में गंवाया लेकिन निर्णायक सेट में फिर वह अपने सर्वश्रेष्ठ पर थे। नडाल ने तीन घंटे और चार मिनट की कड़ी लड़ाई में जीत हासिल कर ली। 37 वर्षीय खिलाड़ी साल के अपने तीसरे टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, पिछले हफ्ते बार्सिलोना में दूसरे दौर में हार गए थे। विश्व नंबर 91 कैचिन के खिलाफ अपनी जीत के साथ, नडाल ने 2005 के बाद से एटीपी रैंकिंग में शीर्ष 50 से बाहर के खिलाड़ियों के खिलाफ अपने क्ले-कोर्ट रिकॉर्ड को 162-1 तक सुधार लिया। एटीपी आँकड़ों के अनुसार, उस 19 साल की अवधि में उनकी एकमात्र हार नंबर 73 होरासियो ज़ेबालोस के खिलाफ विना डेल मार में आई थी। नडाल की नज़र तुरंत अपनी अगली चुनौती पर चली जाएगी। अंतिम सोलह में स्पैनियार्ड का सामना चेक खिलाड़ी जिरी लेहेका से होगा। नडाल के पास मैड्रिड में 59-14 का टूर्नामेंट रिकॉर्ड है और जब वह लेहेका से खेलेंगे तो उनका लक्ष्य स्पेनिश राजधानी में अपने लगातार 10वें क्वार्टर फाइनल में पहुंचने का होगा।